RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 203
लखनऊ, रविवार, 15 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



द आर्चीज से फिल्मी यात्रा आरंभ करेंगी सुहाना खान

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का 50% सर्वे पूरा

## शांतिपूर्ण ढंग से चला कार्य, आज भी जारी रहेगा सर्वेक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बाबा** भोलेनाथ की नगरी वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वे-वीडियोग्राफी कार्य शनिवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक बार फिर शुरू हो गया और यह रविवार को भी जारी रहेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी की गई और करीब 50 फीसदी सर्वे का काम पूरा हुआ, सर्वे का काम रविवार को भी जारी रहेगा। सर्वे का काम शनिवार को सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक ही किया गया।

इसमें सभी पक्षकार और उनके अधिवक्ता और सहायक मौजूद रहे। सरकार की तरफ से पक्षकार राज्य सरकार, जिलाधिकारी वाराणसी, पुलिस आयुक्त, काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आज की कार्यवाही में सभी पक्षों ने न्यायालय के आदेश का पालन किया। उन्होंने कहा कि लगातार चार घण्टे के सर्वे में लगभग 50 प्रतिशत से अधिक स्थानों का सर्वे किया जा चुका है। शर्मा ने बताया कि सर्वे का कार्य गोपनीय कार्य है और यह अदालत की निगरानी में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किन-किन स्थानों का सर्वे हुआ है और क्या क्या मिला है, यह अभी बता पाना संभव नहीं है। शर्मा ने बताया कि आज की कार्यवाही से सभी पक्षकार संतुष्ट हैं और रविवार ( शेष पेज 4 )



वाराणसी में शनिवार को ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वेक्षण के लिए जाते न्यायालय द्वारा नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर

## उच्चतम न्यायालय मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली( भाषा )।** उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर के सर्वेक्षण के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन की याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई कर सकता है। शनिवार को शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए आदेश के अनुसार ज्ञानवापी मस्जिद के मामलों का प्रबंधन करने वाली समिति अंजुमन इंतेजामिया की याचिका पर न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई करेगी। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर प्रस्तावित सुनवाई की तारीख अब तक अपलोड नहीं की गई है। शुक्रवार को प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी-श्रृंगार ( शेष पेज 4 )

# स्वाभिमान से समझौता नहीं करेगा भारतः रक्षामंत्री

## रूस-यूक्रेन युद्ध व कोरोना न होता तो 4.3 ट्रिलियन डॉलर की होती हमारी अर्थव्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को लखनऊ पहुंचे। दौरे के पहले दिन रक्षा मंत्री ने लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की और सबसे पहले प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोरोना और यूक्रेन-रूस युद्ध नहीं होता तो हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 4.3 ट्रिलियन डॉलर होता। भारत की तरह ही अमेरिका और चीन में भी महंगाई का संकट है। कोरोना से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। यह बताने की आवश्यकता नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमारे कोरोना प्रबंधन की प्रशंसा की है।

देश से निर्यात लगातार बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़ रहा है। आरबीआई ने महंगाई रोकने के लिए कदम उठाए है। निराला नगर में आयोजित नमस्ते लखनऊ संवाद कार्यक्रम के तहत प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करते उन्होंने कहा कि हमने अपनी ताकत का संदेश पूरे विश्व को दिया है। अब भारत परिणामों की चिंता नहीं करेगा, स्वाभिमान से समझौता नहीं करेगा, यह है आज का भारत। हम अपने देश की सुरक्षा व्यवस्था को दुनिया के दूसरे देशों पर आश्रित नहीं रखना चाहते। हमने सूची जारी की है। अब हथियार भारत में बनेंगे। ऐसे 309 आइटम घोषित किए हैं जो बाहर से नहीं मंगाया जाएगा। हमने तो अपने देश में प्राइवेट इंडस्ट्री को खड़ा करने की भी व्यवस्था कर ली है। रक्षामंत्री ( शेष पेज 4 )



राजधानी के निराला नगर में आयोजित नमस्ते लखनऊ संवाद कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## लखनऊ के लिए जो संभव था वह कियाः राजनाथ

**लखनऊ। रक्षामंत्री** ने कहा कि मैं जानता हूं कि कोई यह दावा नहीं कर सकता है कि क्षेत्र का समग्र विकास किया गया है लेकिन जो कुछ भी मुझसे संभव था वह किया। रिंग रोड लखनऊ का ड्रीम प्रोजेक्ट था उसे पूरा किया जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी को कहा है कि रिंग रोड का काम जल्दी से पूरा किया जाए। उसकी गति तेज कराने के लिए नितिन गडकरी से भी बात की है। जो जनता कहती है वह मैं कर देता हूं। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के 6 फ्लाई ओवर पूरे बन गए है। 5 फ्लाई ओवर और स्वीकृत हुए हैं। रेलवे स्टेशन का भी विकास कर रहे हैं। गोमती नगर रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास बनेगा। पैसे का संकट नहीं है। रेलवे की समस्या है कि भूमि खरीदने वाले नहीं मिल रहे हैं।

राजनाथ ने कहा कि प्रदेश की जनता सन्तुष्ट नहीं होती तो इतनी बहुमत से सरकार बनाना संभव नहीं होता। रक्षामंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में यह साबित हो गया है कि सिस्टम में बदलाव लाकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। जीएसटी कलेक्शन को लेकर करिश्मा हुआ है। अप्रैल में एक लाख 60 हजार करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ है। सरकार भ्रष्टाचार और लीकेज रोकने में कामयाब रही है। अब व्यापार के लिए रेड टेप की जगह रेड कारपेट उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इंडो चायना स्टैण्ड से भारत ने अपनी ताकत का अहसास करा दिया है। भारत परिणाम की चिंता नहीं करेगा लेकिन स्वाभिमान से समझौता भी ( शेष पेज 4 )

# माणिक साहा होंगे त्रिपुरा के नए सीएम

## भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बिप्लब देब ने दिया त्यागपत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** अगरतला

**भाजपा** ने आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए राज्यसभा सदस्य माणिक साहा को त्रिपुरा का नया मुख्यमंत्री बनाया है। वह बिप्लब कुमार देब की जगह लेंगे जिन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। देब के राज्यपाल एसएन आर्य को अपना इस्तीफा सौंपे जाने के तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष साहा को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर एक बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया। देब ने बैठक में जैसे ही 69 वर्षीय साहा के नाम का प्रस्ताव रखा, मंत्री राम प्रसाद पॉल ने इसका विरोध किया जिससे विधायकों के बीच धक्कामुक्की हुई।

सूत्रों ने कहा कि पॉल ने कुछ कुर्सियों को भी तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि पॉल चाहते थे कि त्रिपुरा के पूर्ववर्ती राजपरिवार के सदस्य जिष्णु देव वर्मा को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया जाए। भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव और विनोद तावड़े विधायक दल के नेता के चुनाव के पर्यवेक्षक थे। साहा ने खुद को मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं पार्टी का एक आम कार्यकर्ता हूं और आगे भी रहूंगा। पचास वर्षीय देब ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के एक दिन बाद मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। देब ने इस्तीफा देने के बाद कहा, पार्टी सबसे ऊपर है। मैं भाजपा का निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। मुझे लगता है कि जो जिम्मेदारी दी गई, उसके साथ मैंने न्याय किया फिर चाहे राज्य भाजपा इकाई के अध्यक्ष का पद हो या त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी। मैंने त्रिपुरा के संपूर्ण विकास के लिए कार्य किया और सुनिश्चित किया कि राज्य के लोगों के लिए शांति हो।

उन्होंने पार्टी द्वारा उन्हें संगठनात्मक दायित्व सौंपे जाने के फैसले की व्याख्या करते हुए कहा, वर्ष 2023 में चुनाव आ रहा है और पार्टी चाहती है कि जिम्मेदार संयोजक यहां प्रभार संभाले। सरकार तभी बन सकती है जब संगठन मजबूत हो। पूर्वोत्तर राज्य में 2018 में वाम मोर्चे के 25 साल ( शेष पेज 4 )



राज्यपाल से भेंट करते त्रिपुरा के भावी मुख्यमंत्री माणिक साहा। साथ में निवर्तमान मुख्यमंत्री बिल्लब देब

# मुंडका अग्निकांड में अभी भी 29 लोग लापता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिमी** दिल्ली के मुंडका इलाके में एक इमारत में भीषण आग लगने के एक दिन बाद बदहवास रिश्तेदार अबभी अपने प्रियजनों की तलाश कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार अभी 29 लोगों का पता नहीं चल पाया है। इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई है। दमकल विभाग के अनुसार, शनिवार की सुबह आग बुझाने के अभियान के दौरान इमारत में झुलसे हुए अवशेष पाए जाने के कारण मृतक संख्या बढ़कर 30 तक हो सकती है। अस्पताल में 12 घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि चार मंजिला इमारत, जिसके पास अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र नहीं था, में एक ही प्रवेश और निकास मार्ग था। इसी कारण स्थिति भयावह हो गई। मुख्य दमकल अधिकारी अतुल गर्ग ने कहा कि इमारत में बचने का एक ही रास्ता था, यही वजह है कि इतने लोग हताहत हुए। अधिकारियों ने कहा कि प्रवेश और निकास के लिए केवल एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे जलती हुई इमारत ( शेष पेज 4 )

# कांग्रेस में कमजोर वर्गों को मिलेगा 50% आरक्षण

**चिंतन शिविर**

## बदहाली की गर्त से निकलने को सोशल इंजीनियरिंग की राह पकड़ रही पार्टी, समाज के वंचित तबकों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने पर गंभीर विचार-विमर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/उदयपुर

**बदहाली** की गर्त से निकलने के लिए कांग्रेस अब सोशल इंजीनियरिंग के फॉर्मूले की तरफ कदम बढ़ाएगी। इसी के तहत संगठन में सभी स्तरों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दे सकती है।

कांग्रेस के नवसंकल्प चिंतन शिविर के माध्यम से पार्टी ने महिला आरक्षण के संदर्भ में कोटा के भीतर कोटा के मामले पर अपने रुख में बदलाव करने के संकेत दिए हैं। उसका कहना है कि वह संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के साथ ही इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों की महिलाओं को अलग आरक्षण देने के पक्ष में है। पार्टी निजी क्षेत्र में आरक्षण और जातिगत जनगणना के पक्ष में भी खुलकर रुख अपना सकती है।

चिंतन शिविर के लिए बनी कांग्रेस की सामाजिक न्याय संबंधी समन्वय समिति की बैठक में शनिवार को इन बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। इस समिति के सदस्य राजू ने संवाददाताओं से कहा कि इसको लेकर चर्चा की गई कि क्या संगठनात्मक सुधार करने चाहिए जिससे पार्टी कमजोर तबकों को संदेश दे सके। हम प्रयास करेंगे कि ये समुदाय महसूस करें कि कांग्रेस उनके सशक्तीकरण को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव भी आया है कि कांग्रेस अध्यक्ष के अधीन एक सामाजिक न्याय सलाहकार समिति बनाई जाए जो सुझाव देगी कि ऐसे क्या कदम उठाए जाने चाहिए जिससे इन तबकों का विश्वास जीता जा सके। राजू ने कहा कि कांग्रेस का संविधान एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को 20 प्रतिशत आरक्षण देता है।

समूह ने फैसला किया है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों को ब्लॉक कमेटी से लेकर कांग्रेस कार्य समिति तक सभी समितियों में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया जाए। कुछ लोगों की यह भी राय है कि इन समुदायों के लिए प्रतिनिधित्व ( शेष पेज 4 )



उदयपुर चिंतन शिविर में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी

# सुनील जाखड़ ने कांग्रेस को कहा अलविदा

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** प्रदेश कांग्रेस समिति (पीपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शनिवार को कांग्रेस को अलविदा कह दिया। पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पिछले महीने उन्हें कांग्रेस में सभी पदों से हटा दिया गया था। कांग्रेस से तीन पीढ़ियों और करीब 50 साल पुराने रिश्ते को तोड़ने की घोषणा उन्होंने फेसबुक के जरिए संबोधन में की तथा देश की सबसे पुरानी पार्टी को गुड लक और गुडबाय कांग्रेस कहते हुए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। जाखड़ ने यह निर्णय ऐसे समय पर लिया है, जब उदयपुर में कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर चल रहा है। उन्होंने कहा, पार्टी से अलग होकर आज उसे मैं उपहार दे रहा हूं। कांग्रेसजनों को ए मेरे आखिरी शब्द हैं। भविष्य के लिए शुभकामनाएं और अलविदा कांग्रेस। पार्टी पर दिल तोड़ने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ नेता ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,793 | |
| निफ्टी | 15,782 | |
| सोना | 50,127 | /10g |
| चांदी | 58,916 | /kg |

## क्विक न्यूज

### शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान यूएई के राष्ट्रपति बने

**दुबई (एपी)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शनिवार को शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को राष्ट्रपति नियुक्त किया गया। यूएई में शासकों ने घोषणा की कि उन्होने सर्वसम्मति से शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया है। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने कहा कि देश के सात शेखों की अबू धाबी के अल मुशरिफ पैलेस में हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि यूएई के राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान का शुक्रवार को निधन हो गया था। वह 73 वर्ष के थे। सत्ता परिवर्तन केवल तीसरी बार हुआ है, जब सात शेखों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद से एक नए राष्ट्रपति का चयन किया है। शेख खलीफा ने अपने पिता मरहूम शेख जायद बिन सुल्तान अल नाह्यान की जगह ली थी।

# पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की 107 करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क

**भाषा।** सहारनपुर

**प्रदेश** के सहारनपुर जिले में विधान परिषद के पूर्व सदस्य और खनन कारोबारी हाजी इकबाल और उसके भाइयों की 107 करोड़ रुपए की अवैध सम्पत्ति को चिन्हित करते हुए शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा कुर्क किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आकाश तोमर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हाजी इकबाल की 125 संपत्तियों को गिरोह बंद अधिनियम के तहत कुर्क किया गया जिसकी कीमत 107 करोड़ रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से मुनादी कराते हुए इन जमीनों पर कब्जा कर राज्य सम्पत्ति के बोर्ड लगा दिए गए हैं। तोमर ने बताया कि यह कार्यवाही गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत ( शेष पेज 4 )

# आधार को मतदाता सूची से जोड़ने पर जल्द जारी हो सकते हैं नियम

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुख्य** निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा ने कहा कि सरकार आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ने पर नियम जल्द ही जारी कर सकती है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के लिए आधार की जानकारियां साझा करना स्वैच्छिक होगा लेकिन ऐसा न करने वाले लोगों को पर्याप्त वजहें बतानी होगी। चंद्रा ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने उन पांच राज्यों में टीकाकरण अभियान में तेजी लाने में अहम भूमिका निभाई, जहां इस साल मार्च में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसा किया गया ताकि मतदाता और चुनाव ड्यूटी में शामिल लोग कोरोना वायरस से सुरक्षित रहें। चंद्रा शनिवार की शाम को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि बतौर सीईसी उनके कार्यकाल में जो दो प्रमुख चुनावी सुधार हुए, उनमें 18 साल की आयु वाले मतदाताओं को पंजीकरण कराने के लिए एक के बजाय साल में चार तारीख उपलब्ध कराने का प्रावधान और मतदाता सूची में नकली प्रविष्टियों पर लगाम लगाने के लिए आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ना शामिल है।

चंद्रा ने कहा, पहले हर साल एक जनवरी कट-ऑफ तारीख होती थी। हमने सरकार को आश्वस्त किया कि यह सुधार बहुत आवश्यक है और इन लोगों का जल्द से जल्द पंजीकरण होना चाहिए क्योंकि वे 18 साल के हो गए हैं। इस सुधार के साथ अब उन लोगों को पंजीकरण के लिए एक साल में चार तिथियां मिलेगी जिनकी उम्र 18 साल हो गई है। यह सुधार पिछले 20 वर्षों से लंबित था। अभी तक एक जनवरी को या उससे पहले 18 साल ( शेष पेज 4 )

# केंद्र ने लगाया गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध

## रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला हुई प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** के बाद दुनिया के दूसरे सबसे बड़े गेहूं उत्पादक भारत ने तत्काल प्रभाव से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। देश की समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और अन्य कमजोर पड़ोसी देशों की जरूरतों का समर्थन करने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह निर्णय भारत की बड़ी निर्यात योजनाओं के विपरीत है, विशेष रूप से रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रभावित हुई है।

संयोग से यह निर्णय भी एक दिन बाद आया है जब सरकार ने भारत से गेहूं के निर्यात को बढ़ावा देने की संभावनाओं की खोज के लिए नौ देशों में व्यापार प्रतिनिधिमंडल भेजने की घोषणा की थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को एक अधिसूचना में कहा कि गेहूं की निर्यात नीति तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित है। हालांकि, डीजीएफटी ने कहा कि निर्यात शिपमेंट जिसके लिए इस अधिसूचना की तारीख को या उससे पहले अपरिवर्तनीय ऋण पत्र (एलओसी) जारी किए गए हैं, की अनुमति दी जाएगी। इसने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर गेहूं के निर्यात की अनुमति दी जाएगी। केंद्र सरकार का यह निर्णय वैश्विक खरीदारों के लिए एक झटका होगा, जो फरवरी के अंत में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से काला सागर क्षेत्र से निर्यात में गिरावट के बाद आपूर्ति के लिए भारत पर की तरफ देख रहे थे। मालूम हो कि रूस और यूक्रेन की संयुक्त रूप से वैश्विक गेहूं आपूर्ति में लगभग एक चौथाई हिस्सेदारी हैं।

पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि यदि विश्व व्यापार संगठन अनुमति देता है, तो भारत कल से दुनिया को खाद्य भंडार की आपूर्ति करने के लिए तैयार है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव सुधांशु पांडे ने कहा कि वर्तमान में देश में पर्याप्त खाद्य भंडार है। देश में गेहूं की कीमतों में अचानक उछाल आया है। उन्होंने कहा कि कीमतों के बढ़ने के पीछे अनियंत्रित व्यापार है। हमारा प्राथमिक लक्ष्य मुद्रास्फीति की जांच करना है। उन्होंने कहा कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का कदम मार्च में भीषण गर्मी के कारण फसल को हुए भारी नुकसान के बाद उठाया गया है। कृषि ( शेष पेज 4 )



नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते कृषि सचिव मनोज आहूजा, खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय और वाणिज्य सचिव बीवी आर सुब्रह्मण्यम

## तांत्रिक की शरण

अपना जलवा वापस पाने के लिए योगी सरकार में मंत्री रहे एक नेता जी इन दिनों तांत्रिक बाबा की शरण में हैं। उन्होंने तांत्रिक बाबा की निगरानी में विशेष अनुष्ठान भी शुरू कर दिया है। नब्बे दिनों के इस अनुष्ठान में उन्हे न तो बाल कटवाने हैं और न पत्नी के अलावा किसी गैर महिला के हाथ का बना भोजन करना है। योगी सरकार की दूसरी पारी में सत्ता से बाहर हुए इस नेता को भरोसा है कि उनका जलवा फिर लौटेगा। वैसे दो जलवा वापसी के लिए चल रहे अनुष्ठान की बात को नेता जी ने बहुत गुप्त रखा है लेकिन सिर के बाल बढ़ने से किसी अनुष्ठान में लगने का आभास उनके करीबियों को हो गया है। मंत्री जी के पूर्व पीएस तो खुलेआम कर रहे है कि बस अनुष्ठान पूरा होने दें, सब कुछ पहले जैसा हो जाएगा। यह नेता जब सरकार में मंत्री थे तब भी तांत्रिक टीका लगाते थे और खुद कहते थे कि टीका लगाने से सामने वाला सम्मोहित हो जाता है। खैर जो भी हो लेकिन अब देखना यह है कि तांत्रिक अनुष्ठान से नेता जी का पुराना जलवा लौटता है या नहीं। हालांकि मंत्री के विरोधी दबी जुबान कहते है कि बाबा जी पर किसी अनुष्ठान का असर होने वाला नहीं।



## राकेट हुआ धाराशायी

खाकी महकमे में अगर वायरलेस की कोड भाषा की बात करें तो मुखिया को राकेट के नाम से संबोधित किया जाता है। इधर काफी समय से भगवा सरकार के बड़े महाराज की भृकुटि कुछ टेढ़ी चल रही थी। इस बात का आभास राकेट को भी था लेकिन न जाने वह किस अदृश्य शक्ति के भरोसे वह लम्बी-लम्बी उड़ान भर रहे थे। आखिरकार जिस बात की आशंका थी वही हुआ और राकेट धाराशायी हो गया। महकमे के लोगों का कहना है कि यह तो वही हुआ कि 'जाना था चीन और पहुंच गए जापान।' दरअसल राकेट महोदय पहले भी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर तैनात रह चुके हैं। पहले उनका इन्पैनलमेंट एडीजी पद के लिए था लेकिन पिछले ही साल केंद्र में डीजी पद के लिए उनका इन्पैनलमेंट हो गया था। इधर बड़े महाराज की नाराजगी को महसूस करके वह अंदर खाने से इस प्रयास में लगे थे कि उन्हें वापस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया जाए लेकिन होनी को कुछ और मंजूर था सल्तनत ने उनके ऊपर निकम्मेपन के आरोप लगाकर उन्हें पद से हटाकर साइड लाइन कर दिया। आरोप भी ऐसे लगाए गए हैं कि अब दोबारा प्रतिनियुक्ति पर तैनाती मिलना उनके लिए दूर की कौड़ी दिखाई पड़ रहा है।




## विकास की गंगा

यूं तो हर कोई अक्सर यह कहते-सुनते दिखाई पड़ जाता है कि प्रदेश में भगवा सरकार के कार्यकाल में विकास की गंगा बह रही है लेकिन जब यही विकास की गंगा विधानभवन में बहने लगे तो हर कोई इस पर सवाल खड़ा करने लगता है। बात ही कुछ ऐसी है। नई सरकार के गठन के बाद विधानभवन में स्थित मंत्रियों के कमरों में इस समय विकास की गंगा बह रही है। कमरे की फर्श, कुर्सी, सोफा, पर्दा, वाल पेटिंग, लाईटिंग हर चीज बदली जा रही है। यहां तक कि विधानसभा मंडप की गैलरी जिसमें लाखों रुपए खर्च किए गए थे उसे तोड़कर फिर बनाया जा रहा है। यही नहीं इस मंडप की गैलरी के बगल स्थित अध्यक्ष जी का कमरा भी नए रंग रोगन में तैयार हो गया है यहां पर भी तोड़-फोड़कर सब कुछ नया कर दिया गया है। इस काम में जुटे एक विभाग के मरम्मत कार्य में लगे एक अभियंता की भी खूब चर्चा है कि वह लंबे समय से इस विधान भवन में विकास की गंगा बहा रहे हैं और माननीयों को खुश कर रहे हैं। तभी तो वह यहां लंबे समय से टिके हुए हैं।

## सवाल दबदबे का

नेताजी का कद वही पुराना, आवास भी पुराना वाला लेकिन साम्राज्य कमजोर मिलने की वजह से अब लोगों न भाव देना ही कम कर दिया है। आलम यह है कि जब से शहरों का साम्राज्य छीन कर गांव का साम्राज्य दिया गया है तब से लोगों का आकर्षण कम ही होता जा रहा है। पहले की अपेक्षा अब लोग कम मिलने भी आते हैं और भाव भी कम दे रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो कद का नहीं बल्कि मजबूत साम्राज्य का बड़ा असर होता है। शायद यही कारण है कि हार के बाद नेताजी का कद तो बरकरार रखा गया लेकिन छोटा साम्राज्य देने के चलते उनका भाव जरूर कम हो गया है। ऐसी विषम स्थिति में नेता जी अपना दबदबा कायम रखने के लिए अपने आवास पर जनता दर्शन का क्रम बरकरार रखे हुए हैं, उनको लग रहा है शायद ऐसा ही करने से उनकी स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हो जाए। एक वह भी समय था जब नेता जी सीधे बड़े महाराज को टक्कर दिया करते थे। आज यह स्थिति आ गई है कि बड़े महाराज के बगल में खड़े होने को नेताजी तरस रहे हैं।



## निकल गई हेकड़ी

अपने आपको सुपर स्पेशयलिटी समझने वाले संस्थान में बहुत गड़बड़झाला है। ऐसे में सच को छुपाने के लिए पिछले दिनों संस्थान ने मीडिया पर ही बैन लगा दिया था। जिससे कोई भी चीज बाहर न आ सके। जितना जल्दी आदेश हुआ, उतना जल्दी ही प्रतिक्रिया भी देखने को मिली। आखिरकार संस्थान को 24 घण्टे के भीतर ही अपना आदेश वापस लेना पड़ गया। अभी पिछले दिनों डिप्टी सीएम ने सच को जानने के लिए संस्थान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम की पारखी नजरें हर तरफ गईं। इस बीच वह एचडीएफ में घुस गए। वहां उन्होंने जब दवाओं का हिसाब लेना शुरू किया तो पता चला तकरीबन 50 लाख के आसपास की दवाएं एक्सपायर्ड हैं और इनकी संख्या 2.5 लाख के आसपास है। इतनी बड़ी गड़बड़ी देख डिप्टी सीएम का माथा ठनक गया। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जम कर जीवन घुट्टी पिलाई। अंदर से बाहर निकलते ही उन्होंने जांच बैठा दी। अब इस जांच के फेरे में वो सभी अधिकारी आने वाले हैं, जिनके पास इसका चार्ज था। जो कल तक पाक साफ थे, अब दागदार होने की बारी है। बच निकलने का कोई रास्ता नही सूझ रहा है। ऐसे में हम तो यही कहेंगे कि निकल गई हेकड़ी।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक विकास के सजग प्रहरी: राजनाथ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को इंडियन चार्टर्ड अकाउंटेंट इंस्टिट्यूट लखनऊ शाखा की ओर से आयोजित वित्तीय बाजार पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है वह आर्थिक विकास के सजग प्रहरी हैं। बिजनेस इको सिस्टम को चलाने में सीए की महत्वपूर्ण भूमिका है। दुनिया के ताकतवर समूहों में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की गणना होती है।

राजनाथ सिंह ने गोमती नगर में स्थित होटल जेबीआर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के वर्कशॉप पार्टिसिपेंट को इकोनामी से जुड़े नए-नए डेवलपमेंट के लिए अपडेट करते हैं साथ ही आने वाले नए चैलेंज का सामना कैसे करना है उसकी भी तैयारी कराते हैं। हमारे देश के फाइनेंशियल इकोसिस्टम को चलाने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा जिस प्रकार हमारे देश की सुरक्षा के लिए प्रहरी लगे हुए हैं उसी तरह देश के कमर्शियल व बिजनेस सिस्टम के प्रहरी चार्टर्ड अकाउंटेंट है स्वयं भी सजग हैं और समाज को सजग रखने का काम कर रहे हैं। समाज में जो धन अर्जित करने की सुचिता होती है, समाज में फाइनेंशियल सिस्टम का जो ट्रस्ट बना है उसके आप महत्वपूर्ण ट्रस्टी हैं। इसलिए आपका भी कर्तव्य होता है कि इस सुचिता को बनाए रखें। कोविड-19 के कारण हमारी इकॉनमी में असर पड़ा है थोड़ी कीमतें बढ़ी हैं इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमने कदम उठाए हैं। अनेक एजेंसी के सर्वे बता रहे हैं कि भारत तेजी से बढ़ने वाली इकोनामी है।

हमारी सरकार ने ऑस्ट्रेलिया के साथ फ्री ट्रेड पर एक मेजर एग्रीमेंट साइन किया है। रिजर्व बैंक ने भी महंगाई कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं जिनका परिणाम जल्दी जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि टैक्सेशन से ही लोक कल्याण कार्य होते हैं भारत सरकार की टैक्सेशन नीति को लोगों की सराहना मिल रही है। करोना कॉल में 80 करोड़ लोगों को राशन देने का कार्य सरकार ने किया इस कार्यक्रम की सराहना अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी हुई है।

## सिंधु घाटी की सभ्यता से भारत में बने वस्त्र पूरे विश्व में रहे लोकप्रिय




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह के प्रयासों से खादी के बाद देश में पहली बार चिकनकारी को एचएसएन कोड प्राप्त हुआ है। उसके उपलक्ष्य में चिकनकारी एसोसिएशन द्वारा राजनाथ सिंह के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता के समय जो वस्त्र भारत में बनते थे उनकी लोकप्रियता भी सारे विश्व में थी। ऐसे वस्त्रों की निर्माण होता था की पूरी साड़ी एक अंगूठी से गुजर जाती थी। ऐसी अदभुत कला भारत की रही है। बहुत सी ऐसी क्षेत्रीय कला है जो विलुप्त होते जा रही हैं लेकिन प्रधानमंत्री का संकल्प है कि लोकल चीजों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। वह रोजगार के दृष्टि से लाभकारी हो लोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न इंसेंटिव प्रदान किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में हस्तशिल्प का बहुत बड़ा योगदान है और इसमें निर्यात की भी बहुत अधिक संभावनाएं हैं। चिकन व्यवसाय के रोजगार और उसके निर्यात निर्यात को भी और अधिक बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या सहयोग प्रदान किया जा सकता है इसकी जानकारी मुझे दी जाएगी तो उसको भी में बढ़ाने में पूरा अपना योगदान प्रदान करूंगा।

# सीएम जल्द करेंगे मिशन शक्ति फेज-4 का शुभारंभ

- मुख्य सचिव ने महिला सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों को और सक्रिय करने के दिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जल्द ही मिशन शक्ति फेज-4 का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां सम्बन्धित विभागों द्वारा समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों को और सक्रिय व प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया जाए ताकि उसकी नियमित समीक्षा की जा सके। मिशन शक्ति अभियान के दौरान होने वाली गतिविधियों का सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्य सचिव ने यह निर्देश मिशन शक्ति फेज-4 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत एक पोर्टल तैयार किया जाए जिसमें महिलाओं के जीवन स्तर को उठाने एवं उनकी आय को बढ़ाने सम्बन्धी जानकारी तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी डाली जाए। साथ ही अभियान के दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों को भी पोर्टल पर डाला जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचकर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ देना है। अत: सभी विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाए तथा पात्र लोगों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित भी कराया जाये। महिला बीट प्रणाली का सुदृढ़ीकरण किया जाए। महिलाओं को उनके प्रति वांछनीय एवं अवांछनीय व्यवहारों के प्रति जागरूक कर अवांछनीय व्यवहारों के लिये विधिक रूप से निर्धारित दण्डात्मक प्रावधानों के विषय में जानकारी दी जाए।

# टीकाकरण में यूपी ने पार किया 32 करोड़ का आंकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने शनिवार को टीकाकरण में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। प्रदेश में 32 करोड़ टीके की डोज देने वाला यूपी टीकाकरण अभियान में शुरू से ही पहले पायदान पर अपना स्थान बनाने में कायम रहा है। सर्वाधिक आबादी वाले यूपी में सर्वाधिक टीके की डोज दी गई है।



प्रदेशवासियों को टीके का कवच देने के लिए सीएम की ओर से आला अधिकारियों को समय समय पर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। यही कारण है कि यूपी पहला प्रदेश है जहां कम समय में सबसे ज्यादा टीकाकरण किया गया है। प्रदेश में अब तक 320051608 टीके की डोज दी जा चुकी है। जिसमें 172814706 को पहली डोज और 144306593 को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक यूपी में 2930309 को प्री-कॉशन डोज दी जा चुकी है।

सरकार की संवेदनशीलता का ही असर है कि 24 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या न के बराबर है। संक्रमित मरीजों को उनके घर पर ही सारी सेवाएं सरकार की ओर से पहुंचाई जा रही हैं। संक्रमितों की 24 घटें की मॉनीटरिंग, दवाओं की उपलब्धता, टेस्ट, सैनिटाइजेशन के साथ ही उस इलाके में कोविड गाइडलाइन का पालन कड़ाई से कराया जा रहा है। सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीकू नीकू और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के टीकाकरण को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एक भी नागरिक टीकाकवर से वंचित न रहे। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को जागरूक करें।

कोविड महामारी के खिलाफ अपनी लड़ाई को मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार समयबद्ध तरीके से 12 से 17 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को टीकाकरण का सुरक्षा कवच दे रही है। राज्य में अब तक 15.17 आयु वर्ग के 23432056 से अधिक बच्चों और 12-14 आयु वर्ग के 7416435 से अधिक बच्चों को टीके की खुराक दी जा चुकी है। प्रदेश में 15-17 आयु वर्ग के 96 प्रतिशत से अधिक बच्चों को टीके की कम से कम एक खुराक दी जा चुकी है। बच्चों के टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के लिए योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों से उत्तर प्रदेश में वैक्सीन की खुराक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए हैं।

**ये पांच राज्य टीकाकरण में अव्वल:** उत्तर प्रदेश 32 करोड़, महाराष्ट्र 1660 करोड़, पश्चिम बंगाल 13.93 करोड़, बिहार 13.02 करोड़, मध्य प्रदेश 11.82 करोड़।

पायनियर वर्गीकृत

### आवश्यकता है

JBS PG कालेज दुल्हदेपुर, टिकैतनगर, बाराबंकी को प्राचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व अनुभव UGC/University के मानकानुसार। मूल प्रमाणपत्रों के साथ 7 दिन के अन्दर सम्पर्क करें। मो0- 9415004449, 9140600858

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम प्रियंका से प्रियंका यादव एवं पुत्री का नाम ईशानी से ईशानी यादव कर दिया है भविष्य में मुझे प्रियंका यादव एवं मेरी पुत्री को ईशानी यादव के नाम से जाना जाये। पता - बी 18 कुर्मान्चल नगर लखनऊ

### सूचना

सूचित किया जाता है कि विवाह से पूर्व मेरा नाम सबिता धीमान था, जिसे बदलकर मैंने देबिका मित्रा कर दिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। देबिका मित्रा पत्नी वीरेश मित्रा, उत्सव इंक्लेव, ई-ब्लाक, फ्लैट नं0 जी-1, एचएएल के सामने, फैजाबाद रोड, इंदिरानगर, लखनऊ।

### सूचना

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Salim Samuel Paul था जो अब बदलकर Samuel Salim Paul हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Samuel Salim Paul. S/o Hijical David Paul 570, Mutthiganj, Allahabad.

## संस्कृत के कार्यक्रमों के लिए होगा अपना भवन

**लखनऊ।** संस्कृति और संस्कृत भाषा के उत्थान में जुटी योगी सरकार संस्कृत संस्थान के वर्षों से जर्जर पड़े भवन की जगह बहुउद्देशीय हाल का निर्माण करा रही है। जिससे लोगों को संस्कृति और संस्कृत भाषा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही संस्कृत कार्यक्रमों के लिए संस्कृत संस्थान को खुद का भवन मिलेगा। संस्कृत संस्थान के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे सम्भाषण, कक्षायें, नाट्य प्रशिक्षण, सिविल सेवा कोचिंग अन्य कई कार्यक्रम, जो अभी तक किराए की जगह पर किये जाते थे अब खुद के भवन में आसानी से ही किए जा सकेंगे। पिछले वर्ष से यूपी संस्कृत संस्थान के बहुउद्देशीय हाल का निर्माण कार्य लगातार चल रहा है जो कि इस वर्ष पूरा कर लिए जायेगा।

# जनकपुर और अयोध्या के बीच उड़ान सेवा शुरू करने की पहल

- नेपाल की विमानन कंपनी के अफसरों की नवनीत सहगल से मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नेपाल** की विमानन कंपनी बुद्धा एयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विरेन्द्र बहादुर बस्नेत की अगुवाई में अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल ने जनकपुर और अयोध्या के बीच उड़ान सेवा शुरु करने की पहल की और प्रस्ताव पर सीएम योगी से मिलने का समय मांगा। अपर मुख्य सचिव को दिये गये पत्र में बुद्धा एयर द्वारा उल्लेख किया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी और काठमांडू के बीच सीधी उड़ान सेवा, जो साल 2018 में शुरू की गई थी उसकी वजह से बाबा विश्वनाथ और बाबा पशुपतिनाथ के दर्शन पूजन के लिए आने वाले यात्रियों से काफी लाभ हुआ। साथ ही इससे दोनों देशों में पर्यटन को बढ़ावा मिला। पत्र में आगे लिखा है कि कोरोना महामारी के दौरान उड़ान सेवा स्थगित हो गई थी। विभाग से अनुमति मिल जाने के बाद 23 मई 2022 से उड़ान सेवा पुन: शुरु हो रही है। भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से नेपाल के लोगों का विशेष लगाव है। हमारे लिए भी अयोध्या आस्था का केन्द्र है। बुद्धा एयर द्वारा माता सीता की जन्मभूमि जनकपुर और अयोध्या के बीच उड़ान सेवा शुरु करना चाहती है। इसके लिए कंपनी के प्रबंध निदेशक विरेन्द्र बहादुर बस्नेत ने मुख्यमंत्री से मिलने का अनुरोध भी किया। इसके अलावा नेपाल के प्रमुख स्थलों से हरिद्वार और अन्य स्थलों के लिए हवाई सेवा

# पीएम की पाठशाला की तैयारी में जुटे योगी के मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीएम** मोदी की पाठशाला में बेहतर परफारमेन्स के लिए सरकार के मंत्री तैयारियों में जुट गए हैं। दो दिन बाद 16 मई को राजधानी आगमन पर पीएम मोदी सरकार के मंत्रियों की बैठक लेगें। माना जा रहा है कि पीएम मोदी इस बैठक में सरकार और मंत्रियों के विभागों के कामकाज को लेकर सवाल कर सकते हैं। जिसे देखते हुए सरकार के कई मंत्री शनिवार को अपने-अपने विभागों के कामकाज का लेखा-जोखा तैयार करने और उनकी बारीकियों पर मंथन करने में व्यस्त रहे। इन मंत्रियों को आशंका है कि पीएम मोदी अगर बैठक में उनसे कोई सवाल करते है तो उसका सटीक जवाब तुरंत दिया जाए। हर मंत्री पीएम की कसौटी पर खरा उतरने के लिए होमवर्क में जुटा



हैं। जानकार बताते है कि वैसे तो प्रधानमंत्रियों के आगमन में सरकारों के मंत्री शामिल होते रहे है लेकिन यह पहला मौका है जब कोई प्रधानमंत्री सरकार के सभी मंत्रियों के साथ एक साथ बैठक करेगा। यह बैठक सीएम आवास पर प्रस्तावित है। बैठक के बाद पीएम मोदी सीएम आवास पर राज्यपाल आन्नदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ तथा सरकार के सभी मंत्रियों के साथ रात्रि भोज करेगे। मंत्रियों के साथ पीएम मोदी के प्रस्तावित बैठक को देखते हुये सीएम योगी पहले से ही काफी गंभीर है। बैठक की पुख्ता तैयारी के लिये वह पहले ही मंत्रियों को दिशा-निर्देश दे चुके हैं। सीएम ने सरकार के मंत्रियों के 16 मई के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिये है ताकि वह बेहतर तैयारी के साथ पीएम की पाठशाला में शामिल हो।

सीएम की पाठशाला को देखते हुये डिप्टी सीएम केशव मौर्या, ब्रजेश पाठक, सुरेश खन्ना, एसी शर्मा, सूर्यप्रताप शाही, जितिन प्रसाद, राकेश सचान, संदीप सिंह तथा असीम अरुण सहित सरकार के मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों के कामकाज का ब्योरा तैयार कराया है। सूत्रों का कहना है कि विभागों से तैयार किये गये ब्यौरे पर ये मंत्री सीएम की पाठशाला में शामिल होने की तैयारी कर रहे है ताकि पाठशाला में पीएम की कसौटी पर खरे उतर सके।

## प्रदेश में होगी स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार कौशल विकास मिशन के तहत पांच वर्षों में 10 लाख युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण के बाद युवाओं की कार्यकुशलता बढ़ेगी और रोजगार की बेहतर संभावनाएं उपलब्ध होंगी। योगी सरकार लोगों को रोजगार से जोड़ने का लगातार प्रयास कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच वर्षों में प्रदेश में प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य को रोजगार से जोड़ा जाए। सरकार कौशल विकास मिशन के तहत अगले पांच वर्षों में 10 लाख युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद युवाओं की कार्य कुशलता बढ़ेगी और प्रदेश में बेहतर श्रम शक्ति उपलब्ध होगा। प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं में औद्योगिक प्रतिष्ठानों को वरीयता दी जाएगी।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान
रायबरेली रोड, पोस्ट दिलकुशा, लखनऊ 226002
ICAR-Indian Institute of Sugarcane Research
Rai Bareli Road, P.O. Dilkusha, Lucknow 226002, India

F No. 13-71/2020-Admn.I Dated : 12.05.2022

NOTICE

Walk-in-Interview for the following Contractual position under time bound project as per details given below :-

| Sl. No. | Name of the Position | No. of Post | Date of Interview |
|---|---|---|---|
| 1. | Young Professional - I | 01 | 24.05.2022 10:30 AM |
| 2. | Young Professional - I | 01 | 24.05.2022 02:30 PM |
| 3. | Young Professional - I | 01 | 26.05.2022 10:30 AM |
| 4. | Young Professional - I | 01 | 28.05.2022 10:30 AM |
| 5. | Young Professional - I | 01 | 04.06.2022 10:30 AM |
| 6. | Young Professional - I | 01 | 04.06.2022 02:30 AM |

For further details as qualifications, age and other terms and conditions etc., please refer to the Institute's Website https://iisr.icar.gov.in/iisr/

For any change/updation will be published on website only.

(R.K. Yadav)
Assistant Administrative Officer
& I/c Adm.I

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# एटीएस और एसएसएफ ने लखनऊ मेट्रो में की एंटी हाईजैकिंग मॉकड्रिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मेट्रो में** आतंकी हमला होने पर एटीएस कमांडों का मॉक ड्रिल किया गया, इसमें सुरक्षा आतंकी हमले या हाइजैकिंग की परिस्थिति में यात्रियों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया गया। खासतौर पर मेट्रो रेल और विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा के लिए नवगठित फोर्स एसएसएफ के प्रशिक्षु जवानों और लखनऊ मेट्रो के सुरक्षा स्टॉफ ने संयुक्त रुप से हिस्सा लिया।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित डिपो में लखनऊ मेट्रो के सुरक्षा स्टॉफ के साथ प्रशिक्षु स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स और एंटी टेररिस्ट स्क्वायड केकमांडो ने संयुक्त रुप से एंटी हाइजैकिंग ऑपरेशन ड्रिल को सफलता पूर्वक पूरा किया। इस ड्रिल में प्रमुख तौर पर हाईजैक हुई ट्रेन पर कब्जा करना, ट्रेन के अंदर प्रवेश करना, यात्रियों को सुरक्षित निकालने के साथ आतंकियों पर काबू पाने जैसी गतिविधियों को ऑपरेशन के तौर पर करके दिखाया गया। इसमें विशेष रुप से प्रशिक्षित एंटी टेररिस्ट स्कवायड की टीम के साथ खासतौर पर मेट्रो रेल और विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा के लिए नवगठित फोर्स एसएसएफ के प्रशिक्षु जवानों और लखनऊ मेट्रो के सुरक्षा स्टॉफ ने संयुक्त रुप से हिस्सा लिया। आपको बता दें कि एटीएस जहां उच्च प्रशिक्षित आतंकवाद निरोधी दस्ता है तो वहीं, एसएसएफ के जवानों की ट्रेनिंग सीतापुर में हो रही है जिनकी बाद में तैनाती मेट्रो रेल की सुरक्षा के लिए होगी। इस ड्रिल के दौरान यूपीएमआरसी के सुरक्षा आयुक्त उमेश चंद्र श्रीवास्तव के साथए एटीएस के एडिशनल एसपी संजयऔर एसएसएफ के इंस्ट्रक्टर भी शामिल थे। इस ड्रिल के साथ साथ लखनऊ मेट्रो के सुरक्षा व ऑपरेशन स्टॉफ ने एटीएस कमांडो व एसएसएफ की टीम को मेट्रो के सुरक्षा उपकरणों के साथ आपसी समन्वय के बारे में भी जानकारी दी। आपको बता दें कि शहरी आबादी के बीचों बीच स्थित होने के कारण सभी मेट्रो रेल सिस्टम सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील की श्रेणी में आते हैं जिसकी वजह से उन्हें उच्च सुरक्षा मानकों पर हमेशा खरा उतरना होता है।

# शहर में 100 स्थानों पर लगेंगे हेल्थ एटीएम

● गरीबों को कम शुल्क में मिलेगी जांच की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गरीबों** को रियायती दर पर जांच कराने के लिए महापौर द्वारा शहर में हेल्थ एटीएम की शुरुआत कराई जाएगी। इसके लिए 60 स्थान चिन्हित करने का कार्य कर लिया गया है। वहीं, महापौर ने स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक के साथ बैठक कर इस पर चर्चा की। कुल 100 स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे।

महापौर संयुक्ता भाटिया और स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक एससी सिंह की शनिवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि लखनऊ नगर निगम के सभी जोन और प्रमुख बाजारों में यह हेल्थ एटीएम स्थापित किए जाएंगे, जहां 40 तरह की स्वास्थ्य की जांचे नाममात्र के शुल्क पर होंगी। इसके लिए शेष बचे स्थानों को महापौर ने हरी झंडी प्रदान कर दी है। यह हेल्थ एटीएम मई माह के आखिरी सप्ताह तक सभी प्रमुख स्थानों पर चालू हो जाएंगे। इससे महिलाओं और बच्चों को विशेष लाभ मिलेगा। घर के निकट ही इलाज मिल सकेगा। लगभग 60 स्थानों का चयन हो चुका है। बाकी मॉडल बाजारों और नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में हेल्थ एटीएम लगाया जाएगा। इसके लिए पीजीआई में एक कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था की गई है।

## हेल्थ एटीएम की खासियत

यह हेल्थ एटीएम सार्वजनिक स्थानों पर 10 गुणे 15 फीट के केओस्क में स्थापित किया जाएगा। जहां मशीन लगाई जाएगी और 40 तरीके की जांचे होंगी। कुछ जांचे मुफ्त में होंगी तो कुछ के लिए नाममात्र ही फीस लगेगी। एसजीपीजीआई के डॉक्टर यहां आने वाले मरीजों को हर समय ऑनलाइन परामर्श भी देंगे, साथ ही मुफ्त एवं नाममात्र के शुल्क पर जेनेरिक दवाई भी उपलब्ध कराई जाएंगी। हेल्थ एटीएम में जनरल बॉडी चेकउप के साथ ही कार्डिक, डायबटीज, हीमोग्लोबिन, रेपिड डियग्नोस्टि चेकअप के साथ ही त्वचा, कान, नाक आंख, बीपी, बुखार, ईसीजी, प्रेग्नेंसी, एचआईवी, डेंगू, मलेरिया, थाइरोइड, ऑक्सिजन, कोलेस्ट्रॉल 11 तरह के पेशाब के टेस्ट सहित कुल 40 जांचे हो सकेंगी।

# फेसबुक काल पर ब्लैकमेल कर युवती ने ठगे रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के गोमतीनगर विस्तार इलाके में एक युवक के मोबाइल फोन पर युवती द्वारा अश्लील अवस्था में वीडियो काल किया गया और फिर उसे ब्लेक मेल करते हुए रुपयों की मांग की गयी। युवक द्वारा इंकार करने पर वायरल करने की धमकी देते हुए धमकाया गया। पीड़ित ने डरकर उसके बताए हुए एकाउंट पर पांच हजार ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार छोटा भरवारा निवासी 30 वर्षीय युवक के मुताबिक उसने पर 10 मई की रात अंजान फेसबुक आईडी से वीडियो कॉल आई थी। पीड़ित के मुताबिक कॉल शुरू होते ही एक युवती बिना कपड़ों के सामने आ गई थी। अभद्र वीडियो कॉल आने पर युवक ने घबरा गया था। उसने तत्काल ही कॉल काट दी थी।

युवक के मुताबिक 11 मई की सुबह उसे अंजान नम्बर से फोन कर वीडियो कॉल पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। युवक के मना करने पर फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारी रिकार्डिंग हमारे पास है। हम इसे वॉयरल कर देंगे। यह बात सुन कर युवक डर गया था। उसने बचने का उपाय पूछा था। इस पर फोन करने वाले व्यक्ति ने एक अकाउंट नम्बर देते हुए उसमें साढ़े पांच हजार रुपये जमा करने के लिए कहा था। जिसे बताए गए खाते में युवक ने जमा कर दिया था। 12 मई को दोबारा से कॉल कर युवक से रुपये मांगे गए थे। पीड़ित के रुपये देने से मना कर पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई थी।

# कर अधीक्षक पर हमला करने वाले रमन दुबे सहित दस गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अतिक्रमण** हटाने के दौरान नगर निगम कर्मियों पर हमला करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पटरी दुकानदार रमन दुबे सहित उसके दस साथियों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया। नगर आयुक्त ने घायल अधिकारियों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना।

गाजीपुर थाने की पुलिस ने शनिवार को हमले में सबसे आगे रहना वाला पटरी दुकानदार रमन दुबे, सतीश, फरान सहित 10 साथियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने अतिक्रमण के दौरान घायल कर अधीक्षक रामसागर कुशवाहा सहित अन्य कर्मियों से मुलाकात की। उनका हाल चाल पूछा। नगर आयुक्त ने उनके कार्य की प्रसंशा करते हुए कहा कि नगर निगम अतिक्रमण हटाने का कार्य आगे भी जारनी रखेगा। साथ ही शासन द्वारा इस मामले का संज्ञान लिया गया है।

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को भूतनाथ में अतिक्रमण अभियान के दौरान दबंग पटरी दुकानदारों ने कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक सहित कर्मियों पर हमला कर घायल कर दिया था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकार्ड 85 हजार 826 मुकदमे निस्तारित

● 65 करोड़ 57 लाख 88 हजार 602 रुपए की वसूली

● हाईकोर्ट में भी 99 मुकदमों का निस्तारण हुआ

विधि संवाददाता। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोक अदालत के तहत शनिवार को रिकार्ड 85 हजार 826 मुकदमों का अंतिम रुप से निस्तारण हुआ। जिसमें कुल 65 करोड़ 57 लाख 88 हजार 602 रुपए की वसूली हुई। इनमें सिविल, चेक बाउसिंग, वैवाहिक वाद, मोटर वाहन दुर्घटना, सुखाधिकार, उत्तराधिकार, व्यादेश, राजस्व व आपराधिक मुकदमों में अंतिम रिपोर्ट दाखिल होने और साथ ही आपसी सुलह-समझौते से खत्म होने वाले फौजदारी के मामले भी शामिल थे। दूसरी तरफ हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में भी आपसी सुलह-समझौते से 99 मुकदमे निस्तारित किए गए। जिसमें तीन करोड़ 53 लाख 34 हजार 500 रुपए का मुआवजा दिलाया गया।

लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं विशेष जज अरविन्द मिश्र के मुताबिक लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते से फौजदारी के 17918 वादों का निस्तारण हुआ। जिसके अंतर्गत 14 लाख आठ हजार 630 रुपए जुर्माने के रुप में वसूल किए गए। सिविल व उत्तराधिकार के कुल 507 मामलों का अंतिम रुप से निपटारा हुआ। जिसमें छह करोड़ 99 लाख 17 हजार 380 रुपए प्राप्त हुए। मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 65 मुकदमों का निस्तारण किया गया। जिसमें पक्षकारों को चार करोड़ 49 लाख 65 हजार की धनराशि बतौर प्रतिकर दिलाई गई। चेक बांउस के 1018 वादों का निस्तारण हुआ। जिसके तहत 18 करोड़ 21 लाख 30 हजार 706 रुपए की वसूली हुई। इसके अलावा राजस्व वादए बैंक वसूली व फाइनेंस के प्री-लिटिगेशन स्तर पर 66 हजार 31 वादों का निस्तारण हुआ। जिसकी समझौता राशि 35 करोड़ 53 लाख 73 हजार 503 रुपए तय की गई। इधर पारिवारिक न्यायालय में भी आपसी सुलह-समझौते से 201 वादों का निस्तारण किया गया। जजों के प्रयास से 34 दंपतियों को सफलतापूर्वक साथ रहने भेजा गया।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

● ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए हत्या करने का मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के बिजनौर में मायके आई विवाहिता ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। शनिवार को उसका शव फंदे से लटकता मिला। विवाहिता के पिता ने दामाद और उसके परिवारवालों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदम दर्ज कराया है। माती निवासी गजोधर शुक्ला ने बेटी श्वेता (32) की शादी वर्ष 2018 में रायबरेली बछरांवा निवासी अजीत मिश्रा से की थी। आरोप है कि ससुराल में श्वेता को परेशान किया जाता था। मारपीट से आजिज होकर श्वेता मायके आ गई थी। गजोधर के अनुसार दामाद अजीत फोन कर श्वेता पर दहेज लाने का दबाव बना रहा था। इस बात को लेकर बेटी काफी परेशान रहती थी। शनिवार सुबह श्वेता का शव बाथरूम में फंदे से लटकता मिला था। गजोधर का आरोप है कि ससुराल वालों के कारण ही श्वेता ने खुदकुशी की है। इंस्पेक्टर राजकुमार के मुताबिक गजोधर की तहरीर पर पति अजीत, ससुर राजेंद्र, सास स्नेहलता, जेठ अमित और जेठानी के खिलाफदहेज हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महिला से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बंथरा** पुलिस ने घर में घुस कर महिला से छेड़खानी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजय प्रताप के मुताबिक रामदासपुर निवासी महिला ने शुक्रवार को काली बाबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप था कि काली बाबा उसके पति से मिलने के लिए घर आया था। उसी दौरान आरोपी ने महिला के साथ अभद्र हरकत की थी। पीड़िता और उसके पति के विरोध करने पर आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग निकला था। इंस्पेक्टर के मुताबिक महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर काली बाबा को गिरफ्तार किया गया है। जो मूल रूप से हरियाणा कुरुक्षेत्र का रहने वाला है।

# पीएम आवास योजना में मकान आवंटित कराने का झांसा देकर हजारों की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आलमबाग** कोतवाली में एक व्यक्ति ने पीएम आवास आवंटन का झांसा देते हुए 53 हजार रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कराया है।

मवैया निवासी राजन सिंह के अनुसार उन्हें पांच मई को अंजान नम्बर से फोन आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े होने का दावा किया था। आरोपी ने राजन को बताया था कि पीएम आवास के लिए उनका नाम चयनित किया गया है। आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। इसके लिए 2700 रुपये जमा करने होंगे। राजन के मुताबिक उन्हें एक ई वॉलट का नम्बर दिया गया था। जिसमें उन्होंने रुपये जमा किए थे। इसके बाद भी अलग अलग तारीखों पर रुपये जमा कराए गए। हर बार पूछने पर जल्द ही आवंटन की प्रक्रिया पूरी किए जाने का दावा किया जाता था।

करीब 53 हजार रुपये जमा करने के बाद भी उनसे विभिन्न मदों में रुपयों की मांग की जाती रही। राजन ने और रुपये देने से मना करते हुए पहले दिए गए रुपये लौटाने के लिए कहा था। जिस पर उन्हें आवंटन कैसिंल किए जाने की धमकी देते हुए रुपये लौटाने से आरोपियों ने मना कर दिया। इंस्पेक्टर आलमबाग पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## प्लाट देने के नाम पर दस लाख की ठगी

**लखनऊ।** आशियाना कोतवाली में महिला ने तीन लोगों के खिलाफ प्लॉट देने के नाम पर दस लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं कृष्णानगर कोतवाली में सचिवालय के समीक्षा अधिकारी ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। अलीगंज सेक्टर ई निवासी सौरभ सिंह सचिवालय में तैनात हैं। वृंदावन सेक्टर.नौ में उनकी जमीन है। जिस पर मकान बनाने का ठेका जीके कंस्ट्रक्शन के आसिफ खान को दिया गया था। सौरभ के अनुसार पांच महीने पहले उनसे सात लाख रुपये लिए गए थे। लेकिन मकान का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था। कई बार फोन करने पर आसिफ टालमटोल करता था। सौरभ ने शुक्रवार को दोबारा से आसिफको फोन कर रुपये लौटाने के लिए कहा था। जिस पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर आलोक राय के मुताबिक आसिफखान को पुलिस तलाश रही है।

# चार वाहन चोर गिरफ्तार, चार बाइक व पिस्टल बरामद

● लखनऊ क्राइम ब्रांच व विकासनगर पुलिस को मिली कामयाबी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** की विकासनगर पुलिस व लखनऊ क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें व एक पिस्टल बरामद की है। पुलिस उपायुक्त अपराध प्राची सिंह ने बताया कि इलाके में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए लखनऊ क्राइम ब्रांच के दारोगा अमित साहू हेड कास्टेबल वीर सिंह हेड कांस्टेबल सरताज कांस्टेबल भूपेन्द्र कांस्टेबल अजय तेवतिया व विकासनगर थाने से इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल रिषी तिवारी हेड कांस्टेबल एसपी यादव की पुलिस टीम को शातिरों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया। पुलिस टीमें गिरोह को पकड़ने के लिए प्रयासरत थीं तभी टीम को मुखबिर खास से सूचना मिली कि चार शातिर वाहन चोर चोरी की बाइक बेचने के फिराक में विकासनगर इलाके में मौजूद हैं। पुलिस टीम ततकाल मौके पर पहुंच गयी। पुलिस को देखकर वहां मौजूद शातिर भागने का प्रयास करने लगे। जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विभूतिखंड निवासी रेहान उपरोक्त निवासी अमन सिंह उर्फ केके उपरोक्त निवासी धीरेन्द्र प्रताप सिंह व उपरोक्त निवासी शिवा गुप्ता बताया। पुलिस पूछताछ में इनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें व एक पिस्टल बरामद की गयी है। बताया जा रहा है कि यह गिरोह इलाके में घूमघूम कर वाहन चोरी करता है और मौका मिलते ही उन्हें ग्राहकों के हाथ बेच देते थे।

# केजीएमयू किसी भी सार्वजनिक पहल में हमेशा अग्रणी: न्यायमूर्ति सुधीर कुमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



● रीच पहल के तहत हुआ निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**किंग** जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में रीच पहल के तहत राज्य लोक सेवा अधिकरण के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुधीर सक्सेना की अध्यक्षता में शनिवार को भागीरथी एन्क्लेव अपार्टमेंट अवध विहार योजना में निशुल्क चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

न्यायमूर्ति सक्सेना ने बताया कि शिविर में लगभग 150 रोगियों का मूल्यांकन, सलाह और परामर्श दिया गया। शिविर का हिस्सा बनने वाले लोगों में बड़ी संख्या में मध्यम आयु वर्ग के व्यक्ति शामिल थे, जिन्हें हृदय, दंत और मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम जैसे घुटने, पीठ और गर्दन के दर्द से संबंधित बुनियादी फिटनेस समस्याएं थीं। शिविर में भाग लेने वाले अधिकांश रोगियों में मौखिक स्वास्थ्य खराब पाया गया। अधिकांश लोग मौखिक स्वच्छता से अनजान थे। गंभीर मुद्दों वाले रोगियों को आगे और बेहतर नैदानिक विश्लेषण के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर किया गया था।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न विषयों पर छोटे सत्र आयोजित किए गए। साथ ही नेत्र एवं अंगदान में सक्रिय भागीदारी का आभार व्यक्त किया है। न्यायमूर्ति सक्सेना ने बताया कि नेत्रदान के लिए 12 लोगों ने, 2 लोगों ने शरीर दान के लिए, 18 लोगों ने रक्तदान के लिए और अन्य लोगों ने जनकल्याण के लिए पंजीकरण कराया। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ने निवासियों के इस इशारे की बहुत सराहना की और हमें उम्मीद है कि भविष्य के सभी शिविरों से भी इस तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी। शिविर में कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी ने भाग लिया। शिविर में निशुल्क चिकित्सा परामर्श, दंत चिकित्सा जांच, आंखों की जांच और मनोवैज्ञानिक परामर्श शामिल थे। रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी सुनील कुमार गांधी (अध्यक्ष), डॉ. पूजा सिंह (उपाध्यक्ष) जगदेव सिंह (सचिव) के माध्यम से इस पहल को बढ़ावा दिया गया और इसे गति मिली। शशांक मंजरी (कोषाध्यक्ष) ने शिविर की सफलता में विशेष योगादान दिया।

# एरा जिला अस्पतालों के डाक्टरों को देगा ट्रेनिंग, चार जिलों की मिली जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** महामारी में बेहतर उपचार कर देश में पहचान बना चुके एरा लखनऊ मेडिकल कालेज पर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर से विश्वास जताया है। सरकार ने एरा मेडिकल कालेज को रिजनल रिर्सोस ट्रेनिग सेन्टर बनाया है। इस सेन्टर के साथ ही एरा को चार जिलों हरदोई, गोंडा, बहराइच और रायबरेली के जिला अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों को ट्रेनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस सेन्टर के माध्यम से एरा स्त्री और शिशु रोग के उपचार के सबंध में डाक्टरों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस योजना के लागू होने से जिलों से रेफर होने वाले रोगियों में कमी आएगी और रास्ते में होने वाली मौतों में भी गिरावट आयेगी।

शनिवार को एरा लखनऊ मेडिकल कालेज में डीजीएमई डाक्टर एनसी प्रजापति और रीजनल रीसोर्स ट्रेनिंग प्रोजेक्ट डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर सीमा टण्डन ने आरआरटीसी केन्द्र का उदघाटन किया। इस मौके पर डीजीएमई डॉ एनसी प्रजापति ने कहा कि पहली बार सरकारी ने निजी अस्पताल को आरआरटीसी प्रोजेक्ट से जोडने का फैसला लिया है। एरा मेडिकल के इस प्रोजेक्ट से जुडने से डाक्टरों को काफी लाभ होगा। एरा विवि की कुलपति डाक्टर फरजाना महदी ने कहा कि आरआरटीसी प्रोजेक्ट का एरा में शुरू होना एक गौरव की बात है। विवि में क्लीनिकल स्किल लैब शुरू की गयी है जिससे डाक्टरों को एडवांस ट्रेनिंग मिल रही है। उन्होंने कहा कि डाक्टरों के साथ नर्सों व पैरामेडिकल के लिए प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। जो एरा विवि में लगातार दिया जा रहा है ताकि सभी को नयी तकनीक की जानकारी हो सके। एरा विवि में ऐसी तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिले। एरा मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्च डाक्टर एमएमए फरीदी ने कहा कि एरा ने हमेशा समाज हित के लिए कार्य किया है।

# नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के सिंचाई विभाग कार्यालय के सामने नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और मौजूद भीड़ से पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है कि शायद नशे की हालत में नहर में गिर गया है। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। इंस्पेक्टर पीजीआई धर्मपाल सिंह ने बताया कि कोतवाली की साउथ सिटी पुलिस चौकी इलाके में स्थित सिंचाई विभाग का कार्यालय है। मंदिर के सामने से नहर पर पुल बना हुआ है जो वृंदावन योजना रायबरेली रोड के विशिष्ठ पार्क को जोड़ता है उसी के नीचे शव बरामद हुआ है। मृतक की नाक से खून बहा था और अन्य कोई चोट के निशान नहीं हैं। लगभग 25 वर्षीय इस अज्ञात युवक के शरीर पर आसमानी रंग की फुल टी शर्ट, मैरून रंग की अंडर वियर और काले रंग की फुल पैंट है। जेब से मास्क और 250 रुपए मिले हैं।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पूर्वोत्तर** रेलवे लखनऊ मंडल की मंडल रेल प्रबंधक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री द्वारा शनिवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक शिशिर सोमवंशी परिचालन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के साथ मंडल कार्यालय के बहुउद्देशीय हाल में 16 मई तक चलने वाले तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग का वाक्यांश एक अच्छे जीवन जीने की क्षमता को दर्शाता है। हम इसे अपनी जीवन शैली में अपनाकर स्वस्थ एवं निरोगी बन सकते हैं। कार्यशाला के प्रथम दिवस के सत्र में प्रशिक्षुओं से परस्पर संवाद स्थापित करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के वॉलंटियर अंजली सेठ एवं अशीष अरोरा द्वारा सकारात्मक जीवन शैली, योग, ध्यान एवं व्यायाम की महत्ता को विस्तार से समझाया गया तथा संबंधित क्रियाओं को सिखाया गया। कार्यशाला में विशेषकर रेल परिचालन तथा संरक्षा से जुड़े 50 कर्मचारी जिनमें लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, गार्ड, गाड़ी नियंत्रक, यातायात निरीक्षक, टेक्नीशियन, रेलवे सुरक्षा बल सदस्य आदि भाग ले रहे हैं। इस कार्यशाला के आयोजन से कर्मचारियों में तनाव की कमी आयेगी, आत्मविश्वास में वृद्धि होगी तथा जीवन शैली बेहतर होगी।

# राजभर व बियार समाज को भी आरक्षण का लाभ दिलाने का होगा प्रयासः अनिल राजभर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**श्रम** एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश ने पिछले पांच वर्षों में तीव्र गति से विकास किया है।

उन्होंने कहा कि श्रम एवं सेवायोजन विभाग की जो भी योजनाएं संचालित होती हैं, उसकी बुकलेट बनवाकर सभी जिलों में भेजी जाएंगी, ताकि आम लोगों को इन सभी योजनाओं की जानकारी हो सके और वे इसका लाभ ले सकें। मंत्री राजभर ने यह बात शनिवार को लोक निर्माण भवन के विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित राजभर और बियार समाज के प्रतिनिधियों के सम्मेलन में कही। इस मौके पर मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में एकजुट होकर विकास के नए आयाम रचने हैं, जिसके लिए यदि कोई त्याग भी करना पड़े तो हमें उसके लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि संघर्ष के रास्ते पर चलकर ही इस समाज को एससीएसटी के आरक्षण का लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि आज इस समाज के लोगों की स्थिति बहुत दयनीय है। एससीएसटी वर्ग के आरक्षण का लाभ लिए बगैर इस समाज का विकास नहीं हो सकता। प्रदेश की वर्तमान सरकार के द्वारा आरक्षण दिया जाए, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सम्मेलन में राजभर व बियार समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही एससीएसटी के आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए उनकी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भारत मां का सम्मान करते हुए देश हित में कार्य करना है और राष्ट्रवीर सुहेलदेव के बताये हुए मार्ग पर चलते हुए देश की सेवा करनी है। तभी हम सुहेलदेव को सच्ची श्रद्धांजली अर्पित कर सकते हैं।

## बीजेपी विधायक राजेश्वर सिंह ने निकाला असहमति का नया तरीका

# गोल-गप्पे खाकर तमिलनाडु के मंत्री के बयान पर जताया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**हिंदी** भाषी लोगों को लेकर विवादित बयान देने वाले तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. के. पोनमुडी की हर ओर आलोचना हो रही है। पोनमुडी ने कहा था कि हिंदी बोलने वाले कोयंबटूर में पानीपूरी बेच रहे हैं। तमिलनाडु के मंत्री के इस बयान पर भाजपा विधायक और ईडी के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. राजेश्वर सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अनोखे अंदाज में इस बयान पर अपना विरोध जताया।

सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह शनिवार को अपने क्षेत्र के मिर्ची कोला चौराहे पर स्थित एक चाट भंडार पर पहुंचे। वहां उन्होंने गोलगप्पे खाए और चाट विक्रेता को सम्मानित किया। राजेश्वर सिंह ने कहा कि गोलगप्पे बेचना एक सम्मान का काम है। कोई भी ऐसा काम जो हमें स्वरोजगार व आत्म सम्मान के साथ जीने की प्रेरणा देता है वह छोटा नहीं होता। तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री को उत्तर प्रदेश में आ कर गोलगप्पे जरूर खाना चाहिए जिससे उन्हें इसका स्वाद और हिंदी भाषा के महत्व का पता चलेगा। उन्होंने कहा कि भारत विविधता में एकता की भूमि है। यह देश विभिन्न संस्कृति, नस्ल, भाषा और धर्मों का देश है। इसलिए भाषा के आधार पर किसी की उपेक्षा और अपमान करना अनुचित है। डॉ पोनमुडी का यह बयान गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक है। उन्हें सार्वजनिक मंच से अपने इस बयान के लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बता दें कि तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री पोनमुडी ने शुक्रवार को हिंदी भाषा को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि हिंदी भाषा बोलने वाले लोग या तो दोयम दर्जे की नौकरी करते हैं या फिर पानीपूरी बेचते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाषा के तौर पर हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी महत्वपूर्ण है।



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर व उनकी पत्नी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की

# अनाथ बच्चों का जीवन संवारने में जुटी सरकार

## अटल आवासीय व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में 12वीं तक मिलेगी निशुल्क शिक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मिशन** शक्ति के तहत जहां एक ओर योगी सरकार महिला सुरक्षा, संरक्षण व उनके विकास पर जोर दे रही है वहीं मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की देखरेख, संरक्षण और उनके पुनर्वासन पर तेजी से काम कर रही है। कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के उनके भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा की व्यवस्था के लिए बेहतरीन कार्ययोजना पर काम कर रही है।

बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 11 से 18 वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चों की शिक्षा के लिए उनको अटल आवासीय विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। इन्हें 12वीं तक की निशुल्क शिक्षा मिलेगी। सरकार ऐसी बालिकाओं के शादी योग्य होने पर शादी के लिए एक लाख एक हजार की राशि भी देगी। इसके साथ ही 0 से 18 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता या दोनों की ही मृत्यु कोरोना संक्रमण से हुई है। ऐसे बच्चों को योगी सरकार 4000 रुपए प्रति माह देगी। जो बच्चे अनाथ हो गए हैं, उनको बाल कल्याण समिति के आदेश से विभाग के तहत संचालित बालगृहों में आश्रय दिया जाएगा। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत कक्षा 9 या इससे ऊपर की कक्षा में व व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टैबलेट व लैपटॉप दे रही है। इसके तहत अब तक 1060 बच्चों को लैपटॉप दिए जा चुके हैं। इस योजना के तहत 9 माह की धनराशि 36000 रुपए प्रति बच्चा का भुगतान किया जा चुका है। कोरोना संक्रमण के कारण अनाथ हुए ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है। कोविड-19 से माता-पिता दोनों की मृत्यु होने पर अनाथ बच्चों की कुल संख्या 447, कोविड.19 से माता या पिता एक की मृत्यु होने पर अनाथ हुए बच्चों की कुल संख्या 10602 है। ऐसे में अब तक कुल 11049 बच्चों को लाभ मिल चुका है।

# जगदीश गांधी ने किया सीएमएस छात्रा की लिखी पुस्तक का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सीएमएस** के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने सी.एम.एस. के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय में आयोजित एक समारोह में अपने ही विद्यालय की छात्रा सुलक्षणा मिश्रा की पुस्तक 'सीप के मोती' एवं 'द अनसंग वर्सेज' का लोकार्पण किया। ये दोनों पुस्तकें क्रमशः हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में काव्य संग्रह हैं। इस अवसर पर सी.एम.एस. के पूर्व छात्र व पी.सी.एस. अधिकारी दिव्यांशु पाण्डेय समेत कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर डा. गांधी ने सुलक्षण को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्रा की ये पुस्तकें युवा पीढ़ी के लिए संजीवनी की तरह हैं, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने को निरन्तर प्रेरित करती रहेगी। इस प्रेरणादायी पुस्तक के माध्यम से सुलक्षणा ने छात्रों व युवाओं का बहुत अच्छी तरह से मार्गदर्शन किया है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सुलक्षणा मिश्रा सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की छात्रा रही हैं और यहीं से उच्च अंकों के साथ आई.एस.सी. की परीक्षा उत्तीर्ण की। विज्ञान की छात्रा होने के बावजूद साहित्य में इनकी गहरी रूचि है एवं हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में धारा प्रवाह कविता व कहानी लेखन करती हैं। पुस्तक लोकार्पण के उपरान्त एक

# गेहूं खरीद में सरकार ने उद्योगपतियों को पहुंचाया फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के गरीब और किसान हितैषी होने के झूठे दावों की पोल खुल गई है। चुनाव से पहले किसानों की आय दुगनी करने, उनका सम्मान करने तथा गरीबों के चूल्हें ठण्डे न होने देने के बड़े-बड़े एलान किए गए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेवाई) में गेहूं का कोटा रद्द करने का निर्णय हो गया है। जून महीने से गरीबों को गेहूं की जगह चावल बंटेगा।

अभी तक 3 किलो गेहूं और 2 किलो चावल बांटने का ढिंढोरा पीटा जा रहा था। चुनाव खत्म होने के बाद किसानों से सम्मान निधि की राशि वापस किए जाने की नोटिसें जारी हो रही हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने इस बार गेहूं खरीद में किसानों के हितों के ऊपर उद्योगपतियों के लाभ को प्राथमिकता दी गई। गेहूं की सरकारी खरीद की जगह 5 बड़ी कम्पनियों को गेहूं बिकवा दिया गया। उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद का लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन था जबकि मात्र 2.35 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई। खरीद केन्द्र पर कम खरीद के अलावा गेहूं उत्पादन कम होने की भी खबर है। इसके परिणाम स्वरूप बाजार में आटा और महंगा होगा। इससे बड़े उद्योगपतियों और उनकी कम्पनियों का मुनाफा बढ़ेगा। अखिलेश ने कहा कि वस्तुतः भाजपा की मंशा किसानों को फायदा पहुंचाने की न कभी थी, और न है। अगर गेहूं का लाभकारी मूल्य देना चाहती तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कम से कम 2500 रुपए प्रति कुंतल होना चाहिए था। सरकारी क्रय केन्द्रों पर किसानों को परेशान किया जाता रहा। आम लोगों की रोटी पर आटा माफि याओं का गैर कानूनी कब्जा होता जा रहा है।

## सपा प्रतिनिधिमंडल कल जाएगा एटा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सोमवार 16 मई को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल जनपद एटा जायेगा। जनपद एटा में रामेश्वर सिंह यादव पूर्व विधायक एवं जोगेन्द्र सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत एटा के ऊपर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा किए गये उत्पीड़न, ग्राम नगला जवाहिर थाना मिरहची में 8 मई 2022 को ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुए वाद-विवाद पर पुलिस द्वारा कौशलेन्द्र यादव पुत्र घनेन्द्र सिंह के घर पर की गई तोड़फोड़ एवं ग्रामीणों पर फर्जी मुकदमे लगाने आदि मामलों की जांच हेतु ग्राम नगला जवाहिर जनपद एटा जायेगा।

# वर्षाकाल से पहले पानी की समुचित निकासी व कूड़ा उठान के निर्देश

## नगर विकास मंत्री ने वाराणसी नगर निकाय के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री द्वारा वाराणसी नगर निकाय के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में नगरों की साफ सफाई, बारिश में पानी की समुचित निकासी एवं कूड़ा उठान की प्रभावी व्यवस्था के निर्देश दिए। नगर विकास मंत्री ने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए साफ पानी के आपूर्ति की प्रभावी व्यवस्था की जाए। नगर विकास मंत्री ने सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का प्रभावी अनुरक्षण एवं संचालन के साथ हो साफ सफाई की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। शनिवार को प्रदेश के नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री एके शर्मा ने सभी नगरीय निकायों में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर करने, नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने और शहरों के सौन्दर्यीकरण के लिए चलाये जा रहे 60 दिवसीय विशेष अभियान की जमीनी हकीकत जानने के लिए वाराणसी नगर निकाय के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की। नगर विकास मंत्री ने इस दौरान नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान पानी की निकासी के लिए नाले-नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे कहीं पर भी जलभराव की स्थित न बने। लोगों को संक्रामक बीमारियों की चपेट में न आना पड़े। इसके लिए साफ पानी की आपूर्ति पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने नियमित रूप से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा उठान एवं सीवर की सफाई के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बनारस हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और पूरे देश-दुनिया के लोग यहां आते हैं। नागरिक सुविधाओं व नियमित सफाई का अभाव और नाले-नालियों में गन्दगी पाये जाने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने इस दौरान किये जा रहे कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही सुबह कालीन 5 बजे से 8 बजे के बीच होने वाली और सायंकालीन 4 से 8 बजे के बीच की जा रही साफसफाई, कूड़ा उठान, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सीवर की सफाई, नाली-नालों की सफाई की जाए। नगर विकास मंत्री ने पेयजल और दूसरी व्यवस्था की अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का प्रभावी अनुरक्षण एवं संचालन और साफ-सफाई की व्यवस्था हो। वर्षाकाल से पूर्व ही अधिक से अधिक लिगेसी वेस्ट के निस्तारण का कार्य हो। नगर विकास मंत्री ने बनारस शहर के सौन्दर्यीकरण के लिए खाली स्थानों पर पौधे एवं हरियाली के लिए घास लगाने और चौराहों का सौन्दर्यीकरण के साथ सड़कों पर लेन पेन्टिंग एवं जेब्रा क्रासिंग एवं साइनेज के कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बस्तीसदर, बस्ती

पत्रांक 359/लेखा/निविदा/2022-23 दिनांक 12.05.202

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

क्षेत्र पंचायत/विकास खण्ड बस्तीसदर, बस्ती द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त तथा अन्य सभी योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2022-23 में प्राप्त धनराशि तथा प्राप्त होने वाली धनराशि से स्वीकृत कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी इण्टरलाकिंग ईंट, लोकल बालू, सीमेन्ट मोरंग, बालू, सरिया, कार्टेज द्वारा मिट्टी आपूर्ति, पेन्ट वायरिंग, साइन बोर्ड, ह्यूम पाइप एवं सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट (पोल सहित एवं बिना पोल के) आर0ओ0 प्लान्ट/एटीएम आर0ओ0 प्लान्ट (बोरिंग के साथ एवं बिना बोरिंग के) डस्टबिन कम्प्लीट से संबंधित सामग्री इत्यादि के आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 23.05.2022 अपरान्ह दो बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी बस्तीसदर के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह चार बजे विकास खण्ड के सभागार में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु0 10000.00 रु0 (दस हजार) बैंक ड्राफ्ट/एन0एस0सी0 के रूप में होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.05.2022 से 21.05.2022 को प्रातः दस बजे से अपरान्ह एक बजे तक ही प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम व शर्ते :-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, तथा वह आयकर देता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लियरेन्स संलग्न करना होगा।
3. खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति विकास खण्ड बस्तीसदर की परिधि में स्वीकृत निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जी0एस0टी0 सहित ही प्रस्तुत की जायें।
6. सामग्री की आपूर्ति खण्ड विकास अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा यथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी.डब्लूडी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. नियमानुसार आयकर व जी0एस0टी0 की कटौती बिल भुगतान के समय बिल से कर ली जायेगी।
10. कार्यप्रभारी/खण्ड विकास अधिकारी/अवर अभियन्ता/प्रमुख क्षेत्र पंचायत एवं जन प्रतिनिधि/सहायक लेखाकार/विकास खण्ड के कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी रिश्तेदारों द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय की नोट्री शपथ पत्र 100 रूपये के स्टैम्प पेपर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा।
13. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ.डी.आर. पत्र/एन.एस.सी./डाक घर बचत पत्र के रूप में क्षेत्र पंचायत बस्तीसदर के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा क्षेत्र पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 15 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
15. निविदा फार्म विकास खण्ड बस्तीसदर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 रूपया है, पर ही स्वीकृत की जायेगी।
16. सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी के पास होगा।

**अवर अभि0 (आर0ई0डी0)**
**बस्तीसदर, बस्ती।**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बस्तीसदर, बस्ती।**

**ब्लाक प्रमुख**
**बस्तीसदर, बस्ती।**


# पेज एक का शेष

## ज्ञानवापी मस्जिद...

को पुनः सर्वे का कार्य किया जाएगा। वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता और कोर्ट कमिश्नर ने बाहर निकलने के बाद कुछ भी बताने से इनकार किया। वाराणसी के पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया, सर्वे कार्य शांतिपूर्ण तरीके से चला। किसी भी पक्ष ने कोई अवरोध उत्पन्न नहीं किया। सब कुछ सामान्य रहा। हमने (पुलिस आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट) सर्वे कार्य की बारीकी से निगरानी किया। गणेश ने कहा, आज का सर्वेक्षण पूरा हो गया है। कल (रविवार) यह एक बार फिर शुरू किया जाएगा। इससे पहले, शनिवार सुबह वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया था, अधिकृत व्यक्ति, जिनमें सभी पक्ष, उनके वकील, अधिवक्ता आयुक्त और वीडियोग्राफर शामिल हैं, मौके पर पहुंच गए हैं।

## उच्चतम न्यायालय...

गौरी परिसर के सर्वेक्षण पर यथास्थिति बनाए रखने संबंधी अंतरिम आदेश पारित करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई के लिए याचिका को सूचीबद्ध करने के बारे में विचार करने पर सहमत हो गई। पीठ ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी द्वारा उल्लेख किए जाने पर हम रजिस्ट्री को निर्देश देना उचित समझते हैं कि वह मामले को न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करे।

## स्वाभिमान से...

ने कहा कि 2014 के बाद से विश्व में भारत की प्रतिष्ठा, साख और विश्वसनीयता बढ़ी है। पहले भारत की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। आज अमेरिका भी भारत की बात सुनकर उस पर अमल करने की कोशिश करता है। नेतृत्व प्रभावी होता है तो विकास को कोई नहीं रोक सकता है। डिफेंस की क्षमता और अर्थव्यवस्था से किसी देश की ताकत का आकलन होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश की ताकत का मूल्यांकन सीमाओं की रक्षा करने की क्षमता और अर्थव्यवस्था पर आधारित होती है।

## लखनऊ के...

नहीं करेगा। हम सुरक्षा व्यवस्था में दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। 309 हथियार भारत में बनाए जाएंगे। 68 प्रतिशत बजट घरेलू उद्योग पर खर्च होगा। 25 प्रतिशत निजी उद्योग को जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि राजनाथ सिंह से संवाद के दौरान जस्टिस एससी वर्मा ने प्रदेश न्यायालयों में दबाव कम करने का आग्रह किया।

## माणिक साहा...

के शासन को समाप्त कर भाजपा के सत्ता में आने के बाद देब को मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया था। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को माणिक साहा को बधाई दी, जो त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के रूप में बिप्लब कुमार देब की जगह लेंगे। नड्डा ने विश्वास व्यक्त किया कि साहा राज्य को प्रगति और विकास की ओर ले जाएंगे।

## मुंडकस अग्निकांड...

से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। गर्ग ने कहा कि आशंका है कि किसी एसी में विस्फोट से आग लगी हो। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा और राउटर निर्माण एवं पैकेजिंग कंपनी के मालिक हरीश गोयल और उनके भाई वरुण गोयल के कार्यालय से आग लगने का संदेह है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गर्ग ने कहा कि यह पता लगाना मुश्किल है कि शनिवार की सुबह मिले अवशेष एक व्यक्ति के हैं या उससे अधिक के।

## कांग्रेस में...

को 50 प्रतिशत से अधिक किया जाए, हालांकि फिलहाल यही तय हुआ है कि इसे 50 प्रतिशत किया जाए। उनके अनुसार, एसएसी, एसटी के भीतर कई उपजातियां हैं और ऐसे में पार्टी को इन उपजातियों को विशेष तवज्जो देने की जरूरत है जिनको अब तक उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। राजू ने कहा कि हम यह सिफारिश करने जा रहे हैं कि ब्लॉक कमेटी, जिला कमेटी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस कार्य समिति की साल में कम से कम एक बैठक एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बुलाई जाए।

## सुनील जाखड़...

दोस्त और दुश्मनों की पहचान करने की सलाह दी तथा कहा कि उन्हें कांग्रेस की कमान अपने हाथों ले ले लेनी चाहिए लेकिन चापलूसों से सावधान रहना चाहिए। कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व प्रमुख जाखड़ 11 अप्रैल को मिले कारण बताओ नोटिस को लेकर पार्टी से नाराज थे। उन्होंने कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति को नोटिस का जवाब नहीं दिया था। उल्लेखनीय है कि जाखड़ से पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार और आर पी एन सिंह ने हाल के दिनों में कांग्रेस का दामन छोड़ा है। जाखड़ ने अपने फेसबुक पेज पर दिल की बात में कहा कि उदयपुर में हो रहा पार्टी का चिंतन शिविर महज औपचारिकता है।

## पूर्व एमएलसी...

की गई है। शुक्रवार को ही हाजी इकबाल के पुत्र अलीशान को सहारनपुर जिले की बेहट पुलिस और अपराध शाखा ने दिल्ली के लाजपत नगर से गिरफ्तार कर लिया था। अलीशान, इकबाल और उसके भाई तथा परिवार के अन्य लोगों के विरूद्ध थाना बेहट और मिर्जापुर में कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अलीशान से परिवार के अन्य सदस्यों के छिपे होने की जानकारी लेगी। तोमर ने बताया कि इनकी कुल सम्पति 1350 बीघा है जो हाजी इकबाल, उसके भाइयों और पुत्रों के नाम दर्ज है।

## आधार को...

के होने वाले लोग मतदाता के तौर पर पंजीकरण करा सकते थे। इससे, दो जनवरी को या उसके बाद 18 साल के होने वाले लोगों को मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए एक साल इंतजार करना पड़ता था। लेकिन अब एक बार नियम जारी हो जाने के बाद युवा लोग हर साल चार अलग-अलग तारीखों पर मतदाताओं के तौर पर पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने कहा, दूसरा सबसे बड़ा सुधार आधार को मतदाता सूची से जोड़ना है ताकि नकली प्रविष्टियों पर रोक लगाई जा सके। इससे मतदाता सूची साफ-सुथरी हो जाएगी तथा और अधिक मजबूत बनेगी।

## केंद्र ने...

मंत्रालय ने फरवरी के मध्य में भारत की 2021-22 गेहूं की फसल का रिकॉर्ड 111.3 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया था, लेकिन तब से यह अनुमान घटाकर लगभग 95 मिलियन टन कर दिया गया। इसके अलावा, सरकार पर मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने का दबाव है जो अप्रैल में बढ़कर 7.79 % हो गई। यह प्रतिबंध सरकार द्वारा अपनी बड़ी निर्यात योजनाओं की घोषणा के एक दिन बाद आया है। केंद्र सरकार गेहूं के निर्यात को बढ़ावा देने की संभावनाओं की खोज के लिए मोरक्को, ट्यूनीशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, वियतनाम, तुर्की, अल्जीरिया और लेबनान में व्यापार प्रतिनिधिमंडल भेजेगी।

# फोरलेन निर्माण तय समय में हो पूराः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने फुलवरिया फोरलेन के निर्माण में बाधा पहुंचा रहे रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) पर सवाल उठाने के साथ पूछा, क्या फुलवरिया फोरलेन के पूरा होने के साथ शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी। मंत्री रवींद्र जायसवाल के साथ अफसरों ने कहा जी सर। मुख्यमंत्री ने तय अवधि में हर हाल में काम पूरा करने का निर्देश दिया। यदि संभव हो तो तय तिथि से पहले काम पूरा करें। किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 10:12 बजे फुलवरिया फोरलेन पहुंचने के साथ प्रस्तावित डिजाइन को देखा। लोक निर्माण और राजकीय सेतु निगम से उनके कार्यो की प्रगति के बारे में पूछा। अभियंताओं ने अपने-अपने विभागों के प्रगति के बारे में बताया। सेतु निगम के अभियंता ने बताया कि रेलवे के गेट नंबर चार और पांच आरओबी का कार्य तेजी से चल रहा है। अन्य निर्माण कार्य चार-पांच माह में पूरे हो जाएंगे। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि ज्यादातर बाधा दूर हो चुकी है, निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है।



टूरिस्ट प्लाजा का अंदर से ज्यादातर काम पूरा होने पर मुख्यमंत्री ने विकास प्राधिकरण की सराहना की लेकिन बाहर टूरिस्ट प्लाजा पर काशी की झलक दिखनी चाहिए। बाहर से आने वाले पर्यटक भी इस बात को महसूस करें। उन्होंने वीडीए उपाध्यक्ष ईशा दुहन को कहा कि डिजाइन में काशी की झलक हो तो ठीक है, यदि नहीं है तो डिजाइन में इसे शामिल किया जाए।मुख्यमंत्री निरीक्षण कर निकलने लगे तो दूर खड़े लोग हर-हर महादेव का नारा लगाना शुरू कर दिए। मुख्यमंत्री ने हाथ उठाकर सभी का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार की रात श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके बाद विश्वनाथ धाम का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिसर में श्रद्धालुओं की व्यवस्था और भी बेहतर की जाए ताकि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु धाम से एक अलग अनुभव लेकर जाएं। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने योगी आदित्यनाथ का हर हर महादेव के उदघोष से स्वागत किया। मुख्यमंत्री गर्भगृह गए जहां उन्होंने षोडशोपचार पूजन करते हुए प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा की ओर बने भैरव प्रवेश द्वार पर पहुंचे। घाट किनारे बन रहे रैंप बिल्डिंग और पुराने एसपीएस के डिमोलिशन कार्य को देखा। अधिकारियों से इन दोनों कार्य के पूरा होने की जानकारी ली। इस दौरान कमिश्नर दीपक अग्रवाल, जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# जंग लगे ताले को कटर से काटकर किया प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी**-श्रृंगार गौरी प्रकरण में एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही के दौरान तय समय में ही फोटो व वीडियोग्राफी हो इसके लिए एडवोकेट कमिश्नर के साथ वादी व प्रतिवादी पक्ष के लिए पल-पल कीमती था। सुबह सात बजे से ही कार्यवाही से जुड़े लोगों का आना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे आते गए वैसे-वैसे ही परिसर में प्रवेश करते गए। लगभग साढ़े सात बजे तक सभी लोग पहुंच चुके थे। अगले 20 मिनट में कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद सभी ने दस मिनट का इंतजार किया। जैसे ही घड़ी में आठ बजे एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही शुरू हो गई।

समय का हेर-फेर ना हो इसलिए एक नहीं तीन घड़ियों में वक्त देखा गया। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के मुंशी एजाज तहखाने के कमरों की चाबी लेकर मौके पर मौजूद थे। जरूरत अनुसार बिना वक्त गंवाए कमरों को खोला जाने लगा। पहले कमरे का ताला खोलकर उसकी वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी शुरू हो गयी। दोनों पक्ष के वादी व अधिवक्ता कमरे की हर तरफबारीकी से नजर दौड़ा रहे थे। अंधेरे की समस्या ना रहे इसलिए वहां पहले से ही बल्ब लगा दिए गए थे। जिसे भी जो जरूरी लगा उसे कैमरों में कैद कराया। एक पक्ष





को कुछ तो दूसरे पक्ष को कुछ हिस्से जरूरी लगे। पहले कमरे में ही 45 मिनट से ज्यादा लग गए। बीतते वक्त को देखते हुए आपसी सहमति के बाद सारे लोग उससे लगे दूसरे कमरे में पहुंचे। यहां भी दीवारों से लगायत छतों और फर्श तक निगाह दौड़ायी और जिसे आवश्यक समझा उसे हिस्से की तस्वीर करायी तीसरे कमरे का ताला जंग लगने की वजह से नहीं खुल सका। इस पर बिना वक्त गंवाए उसके ताले को तोड़कर सभी ने अंदर प्रवेश किया। बारीकी से हर तरफ नजर दौड़ाया जो जरूरी लगा उसको कैमरे में कैद कराया। इसके बाद चौथे कमरे में भी सभी लोगों ने पहुंचे और पहले की तरह ही जिसे जो जरूरी लगा सकी वीडियो और फोटोग्राफी करायी। इस दौरान किसी पक्ष ने आपत्ति नहीं की। जैसे ही घड़ी की सुई ने 12 बजाया कार्यवाही को रोक दिया गया। परिसर के बाहर निकलने के दौरान फिर कागजी कार्यवाही हुई।

दोनों पक्षों में कल किस जगह की वीडियो और फोटोग्राफी करानी है इस पर विचार किया और परिसर में बाहर निकलने लगे। कोर्ट कमिश्नर मंदिर विश्वनाथ मंदिर के द्वार संख्या चार पर खड़ी कार में सवार होकर निकल गए। वादी व प्रतिवादी के साथ उनके अधिवक्ता को पुलिस की सुरक्षा में चौक थाने लाया गया।

कमीशन की कार्यवाही के दौरान जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा और पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश परिसर में मौजूद रहे। जिलाधिकारी तहखाने के कमरों में दाखिल नहीं हुए लेकिन बाहर रहकर ही हर कार्यवाही की जानकारी लेते रहे। वहीं पुलिस कमिश्नर सुरक्षा से जुड़े सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर नजर जमाए हुए थे। वहां मौजूद अधिकारियों से बातचीत करके जानकारी भी लेते रहे।

वक्त लंबा जरूर था लेकिन कीमती भी था तो उसे खाने-पीने में गंवाया नहीं जा सकता था इसलिए कमीशन कार्यवाही में शामिल किसी ने चार घंटे तक आराम नहीं किया है। लगातार अपने काम में लगे रहे। तहखाने की भीषण गर्मी से तर-बतर होते रहे। गला सूखता तो पहले से इंतजाम किया पानी उनके लिए आ जाता। इसके साथ बाबा विश्वनाथ के प्रसाद के रूप में लड्डू भी आता। कोई दो तो कोई तीन लड्डू खाकर पानी पीता और अपने काम में लग जाता था।

# थानों में आए फरियादियों के साथ किया जाय मृदुल व्यवहार

- जमीन से सम्बन्धित समस्याओं पर न्याय संगत रिपोर्ट, प्रमुख चौराहों के आसपास स्पीड ब्रेकर लगाने पर की गयी चर्चा

**संवाददाता।** मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार एवं उप पुलिस महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सिंह के द्वारा आज पुलिस लाइन सभागार में मा0 जन प्रतिनिधिगण के साथ बैठक कर उनसे विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की गयी तथा उनके द्वारा बताये गये समस्याओ का निस्तारण के लिये आवश्स्त किया गया।

बैठक में विधानसभा सदस्य ;एम0एल0सी0द्ध श्री श्याम नरायन सिंह उर्फ विनीत सिंहए मा0 विधायक मझवा डॉ विनोद कुमार विन्दए श्री उदय पटेल प्रतिनिधि मा0 सांसदध्केन्द्रीय मंत्री ;श्रीमती अनुप्रिया पटेलद्धए श्री धनन्जय पाण्डेय प्रतिनिधि मा0 सांसद ;श्री अरूण सिंहद्धए श्री अशोक पटेल प्रतिनिधि मा0 मंत्रीध्एम0एल0सी0 ;श्री आशीष पटेलद्धए श्री राजेश अग्रवाल प्रतिनिधि मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्रए श्री ज्ञान प्रकाश् दूबे जिला मीडिया प्रभारी भाजपाए श्री संतोष गोयल उपस्थित रहें। इस अवसर पर मा0 विधायक मझवा ने कहा कि विभिन्न कार्यालयो एवं थानो में जनता की छोटी.छोटी समस्याओ का समाधान कराया गया। उन्होने कहा कि छोटी.छोटी समस्याओ लेकर मा0 जन प्रतिनिधियो से थानों में फोन कराने के बाद ही जनता थानों जाना चाहती है। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे कि गॉव के गरीब व आम जन मानस निडर होकर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकें। एम0एल0सी0 श्री श्याम नरायन सिंह ने कहा कि थाना स्तर पर मण्डलए जिलाए ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ताओ का थानो पर सुनवाई हो तथा थानाध्यक्षध्प्रभारी के द्वारा कार्यकर्ताओ एवं आम जनता के साथ मृदुल व्यवहार किया जाय। उनकी समस्याओ को सुनकर यदि निस्तारण के योग्य हो तो उसका तत्काल समाधान किया जाय। उन्होने कहा कि गॉव में जमीन के झगड़े के मामलो में लेखपाल द्वारा जाचोपरान्त न्याय संगत रिपोर्ट लगाया जाय जो आधी से अधिक समस्या गॉव स्तर पर निस्तारण किया जा सकता हैं। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि तहसीलो मे अथवा लेखपाल स्तर पर पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष रूप से न्याय संगत रिपोर्ट लगाकर मामलो का समाधान कराया जाय। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवसो व थाना दिवसो में आये प्रार्थना पत्रो का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर निस्तारण कराया जाय ताकि शासन द्वारा चलाये गये सम्पूर्ण समाधान दिवस की मंशा साकार हो सकें। मा0 सांसद प्रतिनिधि श्री उदय पटेल द्वारा एन0एच0.7 की तिराहो व चैराहो के मोड़ यथा बरकछा व करनपुर के पास स्पीड ब्रेकर लगाने तथा संकेतक बोर्ड लगाने पर चर्चा की गयी। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि दिन में भारी वाहनो को नगर में प्रवेश वर्जित किया जाय ताकि जाम की स्थिति को रोका जा सकें। प्रतिनिधि मा0 सांसद राज्यसभा श्री धनन्जय पाण्डेय ने कहा कि अग्निकांड पर तत्काल नियंत्रण के लिये हलिया व लालगंज थानो पर अग्निशमन वाहन को खड़ा किया जाय तथा प्रमुख बाजारो तथा हलिया व अन्य बाजारो के पहले स्पीड ब्रेकर बनाने पर भी चर्चा की गयी। अशोक पटेल ने कहा कि वाहन चोरी मामलो में थानो पर चोरी का एफ0आई0आर0 दर्ज किया जाय। नगर विधायक के प्रतिनिधि श्री राजेश अग्रवाल एवं संतोष गोयल द्वारा कहा गया कि मा0 उच्च न्यायालय के ओदश के क्रम में मुकेरी बाजार से द्वारिका सिनेमा चैराहा तक सड़क पर अतिक्रमण को खाली कराया जाय तो नगर में जाम की स्थिति काफी हद तक काबू पाया जा सकता हैं। संतोष गोयल ने कहा कि त्रिमुहानीध्पक्का घाट तिराहे पर भारी संख्या में सड़को पर मोटरसाइकिल खड़ा किये जाने से जाम की स्थिति बनी रहती है इस समस्या का समाधान निकाला जाय। बैठक में सबरी से तिराहे से पुतली घर रोड जो नटवा शास्त्री ब्रिज के मध्य निकलता है काफी दिनो से क्षतिग्रस्त है के निर्माणध्मरम्मत पर चर्चा की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार ने सभी जन प्रतिनिधियो के समस्याओ व दिये गये निराकरण व विचारो को सुनते हुये कहा कि उनके द्वारा प्रयास किया जायेगा कि अगली बैठक तक इन समस्याओ निराकरण सुनिश्चित करा लिया जायेगा। सबरी से पुतली घर सम्पर्क मार्ग पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिये नगर पालिका अथवा जिला पंचायत बोर्ड में प्रस्ताव पारित कर कराया जा सकता हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न बाजारोंध्तिराहो पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिये लोक निर्माण विभाग को जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि मा0 विधायकगण को यदि थाना स्तर पर कोई समस्या अथवा कार्य हो तो वे उनसे स्वयं अवगत कराया ताकि उनके द्वारा सम्बन्धित थाना से उसका निराकरण कराया जा सकें। उन्होने कहा कि सभी थानो को निर्देशित किया गया है कि आने वाले फरियादियोमा जन प्रतिनिधियो कार्यकर्ताओ से मृदुल व्यवहार किया जाय तथा उनके समस्याओ को उनके द्वारा सुना जाय तथा उसका समाधान पूरी पारदर्शिता के साथ करते हुये सम्बन्धित को अवगत कराया। उन्होने कहा यह कहा कि यदि समस्या का निराकरण किन्ही कारणो से नही हो सकता है तो उसे सम्बन्धित से उसका कारण बता दिया जाय। उन्होने कहा कि प्रत्येक थानो पर ऐसी व्यवस्था की गयी है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को सुनते हुये यदि वह एफ0आई0आर0 कराना चाहता है तो उसका एफ0आई0दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि आज की बैठक में मा0 जन प्रतिनिधिगण के द्वारा उठाये गये समस्याओ का समाधान कराया जायेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी मा0 जन प्रतिनिधिगण का आभार भी व्यक्त किया गया।

# बुद्ध दर्शन में चार ब्रह्म विहारों की की गई है कल्पनाः कुलपति

## मैत्री,करुणा, मुदिता, उपेक्षा ये मानवीय मूल्यों के सहजीवन की भावनाएँ हैंः कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी

- मुदिता भावना का विशेष कार्य अरति अपृति का नाश करना हैः प्रो लालजी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बुद्ध** चरित्र और तत्वज्ञान में ब्रम्ह और उनके भवन का बार बार उल्लेख आता है तब अध्येता पशोपेश में पड़ जाते हैं। ऐसा होना स्वाभाविक है। लेकिन इसका सही विश्लेषण होने पर इस दुविधा का शमन होता है।

बुद्ध. दर्शन में चार ब्रम्ह विहारों की कल्पना की गई है।

मैत्रीए करुणाए मुदिता और उपेक्षा ..ये चार ब्रम्ह विहार ;भवनद्ध हैं। ये विहार यानि लोकभवन हैं। उन उन भावनाओं की प्राप्ति करने वाले श्रमण इन विहारों में वास करते हैं। ब्रह्म सह्म्पतिएइस भवन के स्वामी हैं ऐसी कल्पना की गयी है।

उक्त विचार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के श्रमण विद्या संकाय के द्वारा आज अपरंह 1रू00 बजे योगसाधना केन्द्र मे आयोजित बौद्ध जयंतीध्पूर्णिमा के उपलक्ष्य मे ष्बौद्ध धर्म मे मैत्री एवं मुदिताष् विषय पर केन्द्रीय तिब्बती अध्ययनविश्वविद्यालयएसारनाथएवाराणसी के कुलपति प्रो गे॰शे॰ नवांग सामतेन ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया।उन्होने कहा कि समस्त प्राणी दुख से मुक्त हों ऐसी भावना से जुड्ना चाहिये इसमे सभी जीव जन्तु व समाज के प्रति ऐसी दया करुणा और मुदिता की भावना समाहित करना होगा।

पाली एवं बौद्ध अध्ययन विभाग एबीएचयू के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं आचार्य प्रो लालजी ष्श्रावकष् ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि बौदू धर्म दर्शन मैत्री भाव भावना का विशेष कार्य द्वेष ;व्यापदद्धका प्रतिपात करना है।करुणा भावना का विशेष कार्य विहिन्सा का प्रतिघात करना है।मुदिता.भावना का विशेष कार्य अरतिएअपृति का नाश करना है और उपेक्षा भावना का विशेष कार्य राग का प्रतिघात करना है।प्रत्येक भावना के दो शत्रु हैं.01.समीपवर्तीए02.दूरवर्ती मैत्री भावना का समीपवर्ती शत्रु राग है।

प्रो लालजी ने कहा कि राग की मैत्री से समानता है।व्यापाद उसका दूरवर्ती शत्रु है।दोनो एक दूसरे के प्रतिकूल है।कोई व्यक्ति उन्नति करता है तो हम उसके प्रति सद्भाव रखकर प्रसन्न होते है वह मुदिता होती है।यह वैश्वीक स्तर तक होता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि मैत्रीएकरुणाएमुदिताएउपेक्षा ये मानवीय मूल्यों के सहजीवन की भावनाएँ हैं।।इन भावनाओं के विहार भौतिक न होकर मानसिक हैं।ये चार ब्रह्मलोक और उनके प्रमुख ब्रह्मएतथागत के मन के द्वंद के प्रतीक हैं।बैशाख पूर्णिमा को ज्ञान प्राप्ति के पश्चात तथागत के मन में विषाद योग उत्पन्न हुआ।

कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि ऋग्वेद में वर्णित हमारी संस्कृति की पहचान मैत्री एवं मुदिता की सार्थक पहचान देती है।भारतीय संस्कृति मे इसका व्यापक स्वरुप है।भगवान बुद्ध ने सदैव मैत्री .मुदिता के भाव को जागृत करते हुये सभी जनों को अपने अन्तर्भाव से जोड़ लिये। कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि ऋग्वेद में वर्णित हमारी संस्कृति की पहचान मैत्री एवं मुदिता की सार्थक पहचान देती है।भारतीय संस्कृति मे इसका व्यापक स्वरुप है।भगवान बुद्ध ने सदैव मैत्री .मुदिता के भाव को जागृत करते हुये सभी जनों को अपने अन्तर्भाव से जोड़ लिये। बौद्ध जयंती समारोह के संयोजक श्रमण विद्या संकाय के अध्यक्ष प्रो रमेश प्रसाद ने विषय परिवर्तन करते हुये कहा कि अहंकार को त्यागकर मैत्री व मुदिता के भाव मे समाहित होने पर ही हम सभी के सहयोगी हो सकते हैं।स्वागत भाषण प्रो हरिशंकर पान्डेयएसंचालन एवं धन्यवाद डॉ रविशंकर पान्डेय ने किया।बौद्ध जयंती समारोह के प्रारम्भ में पाली एपौराणिकए वैदिकएजैन मंगलाचरणएमंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वतीएमहात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।उक्त जयंती समारोह मे कुलसचिव डॉ ओमप्रकाशएप्रो रामकिशोर त्रिपाठीएप्रो रामपूजन पान्डेयएप्रो हरिशंकर पान्डेयएप्रो हरिप्रसाद अधिकारीएप्रो सुधाकर पान्डेयएप्रो जितेन्द्र कुमारएप्रो महेंद्र पान्डेयएप्रो राजनाथ एप्रो अमित शुक्लएप्रो शैलेश मिश्रएडॉ विजय पान्डेयएडॉ दिनेश गर्गएडॉ रेणु द्विवेदीएडॉ मुन्नी जैन आदि उपस्थित थे।

## समाधान के रूप में मान्यता दी गई

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कू ऐप** के सह.संस्थापक और सीईओ अप्रमेय राधाकृष्ण को अंतरराष्ट्रीय गैर लाभकारी पत्रकारिता संगठन रेस्ट ऑफ वर्ल्ड द्वारा शीर्ष 100 सबसे प्रभावशाली तकनीकी नेताओं में मान्यता दी गई है।स्थानीय भाषाओं में ऑनलाइन अभिव्यक्ति का अधिकार देना कू ऐप का मूल मकसद है और इससे लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके चलते कू ऐप को वास्तविक दुनिया की समस्या को हल करने वाले एक अभिनव और जबर्दस्त समाधान के रूप में मान्यता दी गई है। कू ऐप के सहसंस्थापक और सीईओ अप्रमेय राधाकृष्ण को रेस्ट ऑफ़ वर्ल्ड द्वारा दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक के रूप में मान्यता दी गई हैए जो अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करते हुए उन समुदायों के लिए उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं जिन्हें वे सबसे अच्छी तरह जानते हैं। कू ऐप के सह.संस्थापक और सीईओ अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहाए श्हम रेस्ट ऑफ वर्ल्ड 100रू ग्लोबल टेक्स चेंजमेकर्स के बीच शामिल किए जाने पर उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# समाधान दिवस पर एक भी समस्या का नहीं हुआ निस्तारण, फरियादी मायूस

**संवाददाता।** सकलडीहा चन्दौली

**जिला प्रशासन** के निर्देश पर शनिवार को समाधान दिवस पर सकलडीहा कोतवाली में तहसीलदार डाण् वंदना मिश्रा और सीओ अनिरूद्ध सिंह फरियादियों से रूबरू रहे। इस दौरान कुल 7 प्रार्थना पत्र पड़ा। मगर एक भी समस्या का निदान नही हो पाया। फरियादी प्रार्थना पत्र देकर वापस लौट गये।

शासन स्तर पर समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्या निस्तारण को लेकर सख्त निर्देश है। इसके बाद भी समस्याओं की निस्तारण को लेकर कोरमपूर्ति होने पर फरियादी मायूस है। सबसे अधिक राजस्व के मामले को लेकर फरियादी चक्कर काट रहे है। तहसीलदार डाण् वंदना मिश्रा के नेतृत्व में कुल सात प्रार्थना पत्र पड़े। जिसमें दो पुलिस संम्बन्धित और पांच राजस्व सम्बन्धि मामले थे। लेकिन एक भी शिकायतों का निस्तारण नही हो पाया। तहसीलदार डाण् वंदना मिश्रा ने बताया कि सभी शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर सीओ अनिरूद्ध सिंहए कोतवाल विनोद मिश्राए चौकी प्रभारी भूपेश चन्द्र कुशवाहा राजस्व निरीक्षक प्रभारी प्रदीप सिंहए संजीव सहित अन्य मौजूद रहे।

## समाधान दिवस की लगेगा ब्लॉक दिवस

**सकलडीहा चन्दौली।** शासन के निर्देश पर समाधान दिवस की तरह प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक दिवस का आयोजन कराने का निर्देश जारी हुआ है। शुक्रवार को बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने ब्लॉक दिवस पर विभिन्न प्रकार की ग्राम पंचायतों की समस्याओं के निस्तारण के बाबत जानकारी दिया। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधा और समस्या का निस्तारण के लिये ग्रामीणों को सम्पूर्ण समाधान दिवस और तहसील का चक्कर नही काटना पड़ेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधा और समस्या का निस्तारण के लिये ग्रामीणों को सम्पूर्ण समाधान दिवस और तहसील का चक्कर नही काटना पड़ेगा। शासन के निर्देश पर गांव व क्षेत्र में सचिवए रोजगार सेवकए टीए गांवों में हो रहे विकास कार्यो की गुणवत्ता का जांच पड़ताल कर रहे है या नही इसकी मॉनिटरिंग सहित विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिये प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक दिवस मनाने का निर्देश जारी हुआ है। इस क्रम में बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने बताया कि गांव सभा और विकास से जुड़ी समस्याओं की निस्तारण के लिये ब्लॉक दिवस का आयोजन शुरू किया गया है। जिसके माध्यम से ग्रामीणों की समस्या का समाधान तत्काल प्रभाव से कराया जायेगा।

# बकाया मजदूरी भुगतान को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**संवाददाता।** डाला/सोनभद्र

**विकास** खंड चोपन के ग्राम पंचायत कोटा में ग्रामीण मजदूरों ने तीन वर्ष पूर्व की बकाया मजदूरी का भुगतान किए जाने की मांग को लेकर कोटा खास में विरोध प्रदर्शन किया।शनिवार को एकत्रित मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन कर बताया की पिछले पंचवर्षीय योजनाओं में कूप निर्माण व छठ घाट में पूर्व ग्राम पंचायत की तरफ से किए गए मजदूरी का अभी तक भुगतान नहीं किया गया। मजदूर शिवकुमार राजकुमार विकास ने बताया कि 2019 अप्रैल से लेकर जुलाई तक कूप निर्माण व छठ घाट में काम किए गए मजदूरों की पूरी मजदूरी बकाया है। तीन वर्ष बीत गए लेकिन अभी तक भुगतान नहीं मिल पाया जबकि बकाया मजदूरी के भुगतान के लिए कई बार वर्तमान कोटा ग्राम प्रधान प्रहलाद चेरो व ग्राम विकास अधिकारी के यहां गुहार लगाया गया इसके बावजूद मजदूरी नहीं मिली। प्रधान के यहां जब हम सभी लोग मजदूरी का भुगतान



कराने के लिए कहते हैं तो प्रधान द्वारा कहा जाता है कि उस समय किए गए कार्यों की मजदूरों की मजदूरी से मेरा कोई लेना देना नहीं है इसका भुगतान मैं नहीं करूंगा। मजदूरों ने कहा कि जिन पैंतालीस लोगों की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है वह आर्थिक रूप से कमजोर व गरीब हैं जो बकाया भुगतान पाने के लिए प्रधान से लेकर चोपन ब्लाक तक कई बार चक्कर काट चुके हैं लेकिन कोई नहीं सुन रहा है। मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मजदूरी का भुगतान कराए जाने की मांग की। मजदूरी जल्द न मिलने पर व्यापक आंदोलन करने की बात कही। इस दौरान आकाश, पानमती, कल्लू ,समकेश्वर,राजन, प्रमोद, राजा, शैला देवी ,जोगेश, अनीता रामसनेही, शिव शंकर, संतोष, आदि लोग मौजूद रहे।

## 23 मई से 30 जून तक होंगी परीक्षाएं

**बीजपुर/सोनभद्र।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी की परीक्षा नियंत्रक डॉ0 सुनीता पाण्डेय ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि स्नातक की परीक्षाएं 23 मई 2022 से 30 जून 2022 तक संपन्न होंगी। काशी विद्यापीठ एनटीपीसी कैंपस के कार्यकारी निदेशक डॉ चंद्रशेखर सिंह ने एक बयान में बताया कि पूर्व में स्नातक वर्ग की जो परीक्षाएं कतिपय कारणों से स्थगित की गई थी वे सभी परीक्षाएं चालू पूर्व में स्नातक वर्ग की जो परीक्षाएं कतिपय कारणों से स्थगित की गई थी वे सभी परीक्षाएं चालूमाह मई 2022 की 23 तारीख से शुरू होकर 30 जून 2022 तक संपन्न होंगी। उन्होंने इसी क्रम में यह भी बताया की समस्त स्नातक के परीक्षार्थी नए टाइम टेबल का अवलोकन करें ताकि उन्हें किसी तरह की कोई कठिनाई न हो। यह सूचना जनसंपर्क समन्वयक डॉ0 मानिक चंद पाण्डेय के द्वारा दिया गया।

# पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव, हड़कंप

**संवाददाता।** डाला/सोनभद्र

**चोपन** थाना क्षेत्र के बहेरा खाड़ी जंगल में शनिवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में जंगली धौरा पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से लटकता मिला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। घटना के संबध में मृतक के पिता रामसिंह निवासी पटिहंवा, बहेरा खाड़ी ने बताया कि शुक्रवार की शाम सात बजे उनका पुत्र पटिहंवा से बहेरा खाड़ी पाही पर गले में रस्सी डालकर आया था जिसका हम पिछा करके पकड़ने का प्रयास करने लगे लेकिन वह जंगल की तरफ भाग गया। काफी खोजबीन के बाद थक हार कर घर वापस लौट आया। सुबह होते ही फिर



खोजबीन शुरू की तो पाही वाले घर से लगभग तीन सौ मीटर दूर संफलाल का शव एक पेड़ से लटकता मिला। मृतक दो लड़कों व एक लड़की कुल तीन बच्चों का पिता बताया गया। मृतक की पत्नी फुलवंती ने बताया की वह डाला में अपने बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होने गई थी उनको भी वंही आना था। लेकिन सुबह पता चला की उन्होंने फांसी लगा ली है। मृतक हैदराबाद में रहकर दैनिक मजदूरी का कार्य करता था जो दो माह पूर्व अपने घर आया था। घटना की सूचना पाकर मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे चोपन थाना निरीक्षक किरण कुमार सिंह,व डाला चौकी प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## मोदी के नेपाल दौरे को लेकर सुरक्षा एहतियात

# सीमा पर कड़ी चौकसी

**भाषा।** महाराजगंज (उप्र),



**बुद्ध पूर्णिमा** के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेपाल के लुंबिनी दौरे से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी तेज कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि मुख्य रूप से रात में होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए निगरानी की जा रही है। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 मई को लुंबिनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह पांचवीं नेपाल यात्रा होगी। गोरखपुर सेक्टर के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मंजीत सिंह पड्डा ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की किसी भी गतिविधि को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सीमा पार करने से पहले लोगों की पहचान करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि नेपाल जाने वाले मुख्य मार्गों के अलावा एसएसबी चौकी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एसएसबी के नशीले पदार्थों, हथियारों और महिलाओं की तस्करी रोधी शाखा के प्रशिक्षित श्वान दस्ते को भी तैनात किया गया है। नेपाल सीमा पर मुख्य चेकपोस्ट सोनौली और थुतिबाड़ी में मेटल डिटेक्टर और बैगेज स्कैनर लगाए गए हैं।उन्होंने बताया कि एसएसबी ने मुख्य रूप से रात में होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा पर चौकसी तेज कर दी है और कर्मियों को पूरे सीमा क्षेत्र में गश्त के दौरान 24 घंटे सतर्क रहने को कहा गया है। खुफिया इकाइयों को सीमा से लगे धार्मिक स्थलों पर भी नजर रखने को कहा गया है।पड्डा ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल और नेपाल के साथ सीमा साझा करने वाले महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर और बलरामपुर जिलों में पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश नेपाल के साथ 599.3 किलोमीटर लंबी खुली सीमा साझा करता है, जो सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज से सटी है।

## पीएसए के तहत निरुद्ध 44 बंदियों को जम्मू से नैनी जेल लाया गया

**प्रयागराज, भाषा**

**जम्मू- कश्मीर** में जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत निरुद्ध 44 बंदियों को भारी सुरक्षा के बीच शनिवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित नैनी सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश ने बताया, जम्मू जेल से 44 बंदियों को आज नैनी सेंट्रल जेल लाया गया। इन्हें विशेष विमान से जम्मू पुलिस के जवानों द्वारा यहां लाया गया। स्थानांतरण की इस प्रक्रिया में प्रयागराज पुलिस के कर्मी भी तैनात थे।

उन्होंने बताया कि यहां वरिष्ठ जेल अधीक्षक की उपस्थिति में इन बंदियों को जेल में प्रवेश करा दिया गया है और बाकी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं तथा कैदियों को एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाना एक सामान्य प्रक्रिया है।वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीएन पांडेय ने बताया कि जम्मू से लाए गए कैदी वहां के पीएसए के तहत निरुद्ध हैं।



शनिवार को भीषण गर्मी में भी ताज का दीदार करने वालों की भीड़ उमड़ी और परिसर गुलजार रहा

## पीलीभीत में कमरे में मिला उप जेलर का शव

**पीलीभीत (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में जिला कारागार में तैनात उप जेलर का शव उनके आवास से बरामद किया गया है। जेल प्रशासन ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार उप जेलर उदय राज पटेल (51) का शव उनके कमरे से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जेल अधीक्षक शशि भूषण सिंह ने पत्रकारों को बताया कि जौनपुर निवासी उप जेलर उदय राज सिंह शुक्रवार को दोपहर दो बजे ड्यूटी कर अपने कमरे पर चले गए थे। उन्होंने बताया कि शाम को जब जेल नही पहुंचे तब उनके आवास पर जाकर देखा गया तो वे अपने कमरे में पड़े थे, इसके तत्काल बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हो गई। जेल अधिकारी ने बताया कि उप जेलर अकेले ही यहां रहते थे और उनका परिवार जौनपुर में रहता था, शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गोवंश को पर्याप्त मात्रा में भूसा न देने पर ग्राम प्रधान और अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

**अमेठी (यूपी)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के संग्रामपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चंडेरिया में गो आश्रय स्थल में मौजूद गोवंशो के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता न होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) और ग्राम प्रधान के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।अधिकारियों द्वारा गौशाला के निरीक्षण के दौरान गायों की तुलना में भूसे की कमी और अन्य विसंगतियां पाए जाने के एक दिन बाद शनिवार को यह मामला दर्ज किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि विकासखंड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत चंडेरिया के गो आश्रय स्थल का नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय द्वारा शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गो आश्रय स्थल में मौजूद 24 गोवंश के सापेक्ष उनको खिलाने के लिए मात्र 50 किलोग्राम भूसा उपलब्ध है जो कि बहुत ही कम है। जिलाधिकारी के निर्देश पर दीनदयाल दुबे, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकासखंड संग्रामपुर तथा संबंधित ग्राम प्रधान मोहम्मद तुफैल ग्राम पंचायत चंडेरिया के विरुद्ध संग्रामपुर थाने में पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जेपी सिंह समेत संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए।

## अध्यापिका से बलात्कार कर वीडियो बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक सरकारी स्कूल की अध्यापिका से कथित रूप से बलात्कार कर उसका वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी युवक (दूसरे धर्म के) समेत पांच लोगों के विरुद्ध दुराचार, विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन समेत अन्य धाराओं में बृहस्पतिवार देर रात मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार ने शनिवार को बताया की पुलिस ने आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि थाना कांठ क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय की 28 वर्षीय शिक्षिका चार मई को जब अपने घर जा रही थी, तभी बरेन्डा गांव के रहने वाले आरोपी आमिर ने उसे उसके घर छोड़ने की पेशकश की।

## शादी का प्रस्ताव ठुकराए जाने से क्षुब्ध युवक ने आत्मदाह किया

**गोंडा।** जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने युवती द्वारा शादी का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगा लगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवक को बचाने के चक्कर में युवती और उसके माता-पिता व भाई भी जल गए। अधिकारियों के मुताबिक, जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई, जबकि युवती और उसके परिजनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि फर्रुखाबाद जिले के सलीमपुर अटासा का रहने वाला विमल किशोर (25) लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। उसके साथ गोंडा जिले का महेश भी रहता था। गौतम के अनुसार, विमल और महेश गहरी दोस्ती होने के कारण एक-दूसरे के घर आया-जाया करते थे। उन्होंने बताया कि इस बीच, विमल को महेश की छोटी बहन से प्यार हो गया और वह उससे बातचीत करने लगा। गौतम के मुताबिक, विमल शुक्रवार को महेश के साथ उसके घर पहुंचा था और जब रात का खाना खाने के बाद लड़की के सामने शादी का प्रस्ताव रखा तो उसने मना कर दिया। उन्होंने बताया कि लड़की के इनकार से क्षुब्ध होकर विमल ने अपने उपर पेट्रोल छिड़का और खुद को आग लगा ली। गौतम के अनुसार, लड़की के परिजनों ने आग बुझाने का प्रयास किया, जिसमें महेश और उसकी मां गंभीर रूप से, जबकि उसके पिता व बहन आंशिक रूप से जल गए।

## भदोही में विधायक की हत्या कराकर उपचुनाव की योजना का वीडियो वायरल, दो हिरासत में

**भाषा।** भदोही

**उत्तर प्रदेश के** भदोही जिले की ज्ञानपुर विधानसभा सीट से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के विधायक विपुल दुबे की कथित तौर पर हत्या कराकर इस क्षेत्र से उपचुनाव कराने की योजना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिले में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का संज्ञान लिया गया जिसमें चार लोग ज्ञानपुर विधानसभा की बातचीत कर रहे हैं। भदोही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे लोग सुपारी देकर एक व्यक्ति से ज्ञानपुर के विधायक विपुल दुबे की हत्या की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीडियो में यह कहा जा रहा है कि इस सीट पर पुनः चुनाव हो जाएगा जिससे मनमाफिक विधायक बन सकेगा।

कुमार ने बताया कि इस मामले का संज्ञान लेकर वीडियो में दिख रहे सोनू तिवारी और सद्दाम नाम के दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों ज्ञानपुर क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि यह वीडियो किसी के घर में विधायक को रास्ते से हटाने और पुनः चुनाव की बात करने का है जिसमें पैसे को लेकर एक महिला की भी आवाज़ सुनाई दे रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से पूछताछ के साथ मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और वह खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं।ज्ञानपुर के निषाद पार्टी से विधायक विपुल दूबे ने कहा कि बीस साल तक इस विधान सभा में मारकाट होती रही है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जो व्यक्ति इस बार सफल नहीं हो सका जिसे जनता ने ?393।।रिज कर दिया, ऐसे लोगों को योगी सरकार में ठीक कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार समाजवादी पार्टी के और एक बार निषाद पार्टी से कुल चार बार विधायक रहे विजय मिश्रा इस बार विधानसभा चुनाव में तीसरे स्थान पर थे। वह अपने एक रिश्तेदार कृष्ण मोहन तिवारी की संपत्ति हड़पने, उनकी फर्म पर पर कब्ज़ा करने और वाराणसी की एक गायिका से बलात्कार सहित कई मामलों में दो साल से आगरा की जेल में बंद हैं।

## फैक्ट्री में टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत

**उन्नाव (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव के सदर कोतवाली इलाके के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में शनिवार दोपहर टैंक सफाई करने वाले दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अकरमपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एसीआई फैक्ट्री में शनिवार दोपहर टैंक सफाई करने वाले दो मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि मजदूरों को बेहोश देख फैक्ट्री प्रबंधन ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद अस्पताल लेकर गए फैक्ट्रीकर्मी शवों को अस्पताल में छोड़कर भाग गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष कुमार ने बताया कि अकरमपुर स्थिति एसीआई फैक्ट्री में दो मजदूरों की मौत की शनिवार दोपहर सूचना मिली।

## फतेहपुर में 25 लाख की शराब की गई बरामद, दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**भाषा।** फतेहपुर (उप्र)

**उत्तर प्रदेश के** फतेहपुर जिले के मलवां थाना की पुलिस और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने शनिवार को वाहन जांच में एक डीसीएम (छोटे ट्रक) से हरियाणा प्रांत से तस्करी कर ले जाई जा रही करीब 25 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

नगर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) दिनेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि शनिवार को मलवां थाना पुलिस कोटिया मोड़ के समीप वाहन जांच कर रही थी, तभी प्रयागराज की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की टीम भी मौके पर पहुंची और मुखबिर की सूचना पर वाहन जांच के दौरान एक डीसीएम को रोक कर तलाशी ली, जिससे पुलिस ने भारी मात्रा में हरियाणा प्रांत की विभिन्न ब्रांडों की शराब बरामद करने के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्करों ने अपने नाम वंशी कुमार उर्फ डोलू एवं धर्मवीर उर्फ सोनू बताया। उन्होंने बताया कि दोनों हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनो तस्करों को विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया।सीओ ने बताया कि बरामद शराब में अलग-अलग ब्रांडों की अवैध अंग्रेजी शराब 3,180 बोतल व बियर के 384 कैन कुल 1241 लीटर शराब बरामद की गई है। उन्होने बताया कि बरामद शराब की कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है। सीओ ने बताया कि तस्करी में शामिल चार अन्य फरार लोगों की तलाश की जा रही है।

## पीलीभीत में कर्ज से परेशान किसान ने गोली मारकर कर ली आत्महत्या

**भाषा।** पीलीभीत

● **पत्नी के मुताबिक ओमप्रकाश ने बैंक से करीब डेढ़ लाख रुपए का कर्ज लिया था**

**उत्तर प्रदेश** के पीलीभीत के बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कथित रूप से कर्ज से परेशान एक किसान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर में कथित तौर पर कर्ज से परेशान किसान ओमप्रकाश (35) ने शनिवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि सुबह जब ग्रामीण खेत पर काम करने जा रहे थे तो लहूलुहान अवस्था में ओमप्रकाश का शव खेत के चकरोड़ पर पड़ा था, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। किसान की पत्नी ममता के हवाले से पुलिस ने बताया कि आवारा पशुओं से खेत की देखभाल करने के लिए ओमप्रकाश रात्रि में खेत पर ही सोता था। उन्होंने बताया कि रोज की तरह शुक्रवार रात्रि आठ बजे खेत पर वह गया लेकिन सुबह उसका शव मिला। पत्नी के मुताबिक ओमप्रकाश ने बैंक से करीब डेढ़ लाख रुपए का कर्ज लिया था और इसके अलावा पांच प्रतिशत ब्याज पर सूदखोरों से भी पैसा ले रखा था। ममता का दावा है कि कर्ज से परेशान होकर ओमप्रकाश ने आत्महत्या कर ली।बीसलपुर प्रभारी कोतवाल नरेश त्यागी ने पत्रकारों को बताया कि किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उप जिलाधिकारी ऋषि कांत राजवंशी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है। किसान की जेब से 315 बोर के कारतूस भी बरामद हुए हैं।

## अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान घायल व्यक्ति की मौत, मामला दर्ज

**बुलंदशहर (उप्र)।** जिले के कोतवाली देहात इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान में घायल एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो जाने के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ लापरवाही के चलते हुई मौत के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मामले में पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार स्थानीय नगर पालिका के आदेश पर स्थानीय ठेकेदार मोहित चौधरी और अन्य दो मई को अतिक्रमण हटाने पहुंचे। कोतवाली देहात इलाके के आवास विकास द्वितीय के अंतर्गत टाडा की झोपड़ी के रहने वाले गोपाल द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक दो मई को दोपहर तीन बजे मोहित और अन्य लोग टाडा की झोपड़ी में बुलडोजर लेकर पहुंचे और गोपाल के बहनोई रोहताश और दूसरे लोगों के मकान तोड़ने लगे।

## कार और जीप की टक्कर में तीन की मौत

**भाषा।** बहराइच

**उत्तर प्रदेश के** बहराइच जिले की नानपारा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊजा रही कार की सामने से आ रही एक जीप से टक्कर हो गई, जिससे इस घटना में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। नानपारा थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने शनिवार को बताया कि शुक्रवाराशनिवार की दरम्यानी रात मोतीपुर थाने के आसपास रहने वाले पांच लोग कार में सवार होकर लखनऊजा रहे थे। उन्होंने बताया कि रात करीब एक बजे नानपारा थानांतर्गत मिहींपुरवा- नानपारा मार्ग पर सामने से आ रही स्कार्पियो जीप व उनकी कार की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कार सवार तीरथ राम (38), हरदेव (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार तीन अन्य लोगों को घायल अवस्था में बहराइच मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां विनोद कुमार (28) की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल चंद्रशेखर व रामू का इलाज अस्पताल में कराया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि स्कार्पियो जीप को घटनास्थल पर छोड़कर जीप चालक फरार हो गया है।

## गोंडा में हादसे में युवक की जान गई

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार धानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा खास निवासी मोहम्मद रईस (28) अपनी पत्नी, बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शुक्रवार की रात एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान गोंडा-उतरौला मुख्य मार्ग पर एक गांव के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय लाया जा रहा था कि गंभीर रूप से जख्मी रईस ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में रईस की पत्नी फातिमा, बेटियां मुस्कान व माहिरा, बेटा आमिर व छोटे भाई की पत्नी अलीमुन्निशां भी घायल हो गई। उन्होंने बताया कि सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अभियोग दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# चिकित्सा अधीक्षक ने वार्ड देखे और परखीं व्यवस्थाएं

● **संयुक्त जिला अस्पताल की साफ सफाई मुकम्मल करने को लेकर दिया निर्देश**

● **स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी , मरीजों से दवा समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी**

**संवाददाता।** मऊ

**जिला** अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्या ने चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के उपरांत सौ बेड जिला संयुक्त चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का गहनता के साथ औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने अस्पताल में मुकम्मल साफसफाई को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त दिशा निर्देश दिया। साथ ही साथ वार्डों में भर्ती मरीजों को दवा समेत अन्य सभी चिकित्सकीय सुविधाएं सही तरीके से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। चेताया कि शासन की मंशा के अनुरुप स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिला अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्या को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा अधीक्षक का पदभार हस्तान्तरित किया गया है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉण् आर्या ने जिला अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधा मुकम्मल करने को लेकर ठोस कवायद करना शुरु कर दिया है। इस क्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्या ने सौ बेड



के जिला संयुक्त चिकित्सालय के सभी वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्या ने सौ बेड के जिला औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने सबसे पहले जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में गहनता के साथ जानकारी हासिल किया। साथ ही साथ उन्होंने नर्सों के ड्यूटी चार्ट व रजिस्टर की भी जांच.पड़ताल किया। नर्सों की उपस्थिति रजिस्टर में ड्यूटी में तैनात सभी नर्स उपस्थित पाई गईं। चिकित्सा अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात वार्ड व्यायए स्वीपर समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल के सभी वार्डों की मुकम्मल साफसफाई का सख्त निर्देश दिया। चेताया कि शासन के मंशा के अनुरुप स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य रुप से हेल्प डेस्क मैनेजर राम प्रवेश यादवए मैट्रन ज्ञानमती देवीए सफाई सुपरवाइजर दिनेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ईएमओ व रेडियोलाजिस्ट के लिए चल रही कवायद

**मऊ।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में रिक्त पड़े छह आकिस्मक चिकित्साधिकारी ;ईएमओद्ध एवं रेडियोलाजिस्ट का पद काफी दिनों से रिक्त होने के कारण मरीजों व तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मरीजों व तीमारदारों की समस्या के बाबत चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्या ने ठोस कवायद करना शुरु कर दिया है। उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के साथ ही घोसी विधान सभा के पूर्व विधायक विजय राजभर से भी वार्ता किया। पूर्व विधायक विजय राजभर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर जिला अस्पताल में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती कराया जाएगा।

## जल जीवन मिशन से पानी की गुणवत्ता जांचने की पहल

**वाराणसी।** भदोही के लोगों को स्थायी तौर पर सुरक्षित पानी लगातार सुलभ कराना चुनौती रही है। लोग हमेशा से गांवों में जगह.जगह लगे हैंडपंप से पानी लेने के लिए विवश हैं जबकि यह पानी दूषित और पीने के लिए असुरक्षित है। इससे पूरे शहर के सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य खतरे में है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए वाटरएड इंडिया ने इस समस्या को सुलझाने की एक कारगर पहल की। इसके तहत स्थानीय महिलाओं को पानी की गुणवत्ता पर निगरानी रखने में सक्षम बनाया और फिर शहर और आसपास के गांवों में इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया।वाटर येड इंडिया ने भदोही के ग्रामीण और वंचित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार कियाए जो स्वच्छ और टिकाऊ पानी तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे थे। यह शुद्ध पेयजल की मांग को पूरा करने के लिए नए तरीके खोजने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राज ठाकरे के आगमन को लेकर बंटे संत

● विरोध और स्वागत की चल रही हैं तैयारियां संतों को साधने में जुटे हैं बृजभूषण सिंह

संवाददाता। अयोध्या

**महाराष्ट्र** के फायर ब्रांड नेता राज ठाकरे ने 5 जून को अयोध्या पहुंचकर श्री राम लला का दर्शन पूजन करने का ऐलान कर चुके हैं और कैसरगंज सांसद भूषण शरण सिंह उनके विरोध में झंडा बुलंद कर रहे हैं कि अयोध्या की धरती पर उनको उतरने नहीं दिया जाएगा क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों का विरोध किया था और इसको लेकर के वह अयोध्या के प्रत्येक संत से मिल रहे हैं। लेकिन वर्तमान समय में अयोध्या के संत दो भागों में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं जहां कुछ संत बृजभूषण शरण सिंह के साथ राज ठाकरे के विरोध का समर्थन कर रहे हैं।

वही अयोध्या बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास और दंत धावन कुंड के महंत विवेक अचारी महाराज के साथ कई संत राज ठाकरे का अयोध्या में स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। संतों का मानना है कि हमारे राघवेंद्र सरकार शरणागत वत्सल है और राज ठाकरे श्री प्रभु श्री राम के शरण में आ रहे हैं ऐसे में हम उनका विरोध कैसे कर सकते हैं हम तो स्वागत करेंगे और जो भी व्यक्ति श्री रामलला के शरण में आता है उसकी सभी गलतियां क्षमा हो जाती हैं। वही बृजभूषण शरण सिंह अयोध्या संतो के साथ अपनी इस लड़ाई में विजय का सपना देख रहे हैं और निरंतर संतो के संपर्क में भी है।

## रामलला के दर्शन पूजन से किसी को रोका नहीं जा सकता: अवधेश दास



**कोटि** बिप्र वध लागहिं जाहू। आए सरन तजऊ नहिं ताहू श्रीधाम अयोध्या बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास जी महाराज ने राज ठाकरे के समर्थन में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा की हमारे राघवेंद्र सरकार ऐसे हैं की अगर करोड़ों ब्राह्मणों का वध का आरोप भी किसी के ऊपर लगा हो और वह मेरे शरणागत आ रहा है तो मैं उसको तेज नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अयोध्या के वर्तमान वातावरण को देखकर मन दुखी होता है भगवान श्री राम के दर्शन पर राजनीति हो रही है यह न्याय संगत नहीं है कोई भी व्यक्ति भगवान राघवेंद्र सरकार के दर्शन के लिए आ सकता है।

उन्होंने कहा कि राज ठाकरे राजनीति के लिए नहीं बल्कि प्रभु श्री राम की शरणागति और भक्ति पाने के लिए आ रहे है।उन्होंने कहा कि राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले और कोरोना काल मैं उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को दिल्ली से खदेड़ने वाले केजरीवाल का स्वागत हो सकता है तो जो प्रभु श्री राम की शरण में आ रहा है उसका विरोध क्यों। उन्होंने कहा कि मैं भी अयोध्या में राज ठाकरे का स्वागत करूंगा।अवधेश दास जी महाराज ने कहा ? राघवेंद्र सरकार के दर्शन मात्र से सभी फ्ल प्राप्त हो जाते हैं मम दर्शन फ्ल परम अनूपा। जीव पाव निज सहज सरूपा तो राज ठाकरे श्री राम लला का दर्शन कर लेंगे उनकी शरणागति ले लेंगे तो उनके भी सारे पाप खत्म हो जाएंगे। राघवेंद्र सरकार के दर्शन से किसी को भी रोका नहीं जा सकता है यह गलत है।

## चौदह साल पहले विरोध क्यो नहीं तब भी सांसद थे बृजभूषण: विवेक अचारी



**ठाकुर** जी से बड़ा कोई नहीं है जब तक वह नहीं चाहते तब तक कोई उनका दर्शन नहीं कर सकता आज प्रभु श्री राम जी की इच्छा है तो राज ठाकरे अयोध्या श्री राम जन्म भूमि पर दर्शन पूजन करने के लिए आ रहे है इसलिए अयोध्या की धरती पर उनका स्वागत है यह बातें राज ठाकरे के अयोध्या आने के समर्थन में दंत धावन कुंड के महंत विवेक अचारी जी महाराज ने कही उन्होंने कहा कि इस घटना को 14 साल बीत गए उस समय भी बृजभूषण शरण सिंह सांसद थे तब उन्होंने विरोध क्यों नहीं किया आज जब राज ठाकरे हिंदुत्व का झंडा बुलंद कर रहे हैं और उनकी एक आवाज पर लाखों लाउडस्पीकर उतर गए ऐसे समय में राम जी के दर्शन करने का विरोध करना यह राजनीति से प्रेरित है और हिंदुत्व को जगाने में बाधा डालने का कार्य कर रहे है। अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह और हिंदुत्व के फायर ब्रांड नेता विनय कटियार के साथ मैं भी राज ठाकरे का अयोध्या आने पर स्वागत कर रहा हूं और अपना पूर्ण समर्थन देता हूं। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे ने राम भक्तों पर तो गोली नहीं चलाई। जब गोली चलाने वाला अयोध्या आ सकता है और उसका भव्य स्वागत होता है तो राज ठाकरे क्यों नहीं।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने छात्रों को वितरित किया स्मार्टफोन



**प्रयागराज।** प्रदेश भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के तहत आज सर्वार्य संस्कृत महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत प्रदेश के एक करोड़ युवाओं को मुफ्त स्मार्टफोन दिए जाएंगे और इस योजना के अंतर्गत युवाओं को मुफ्त में डिजिटल एक्सप्रेस भी प्रदान की जाएगी। इससे शिक्षा भी प्राप्त करेंगे और आने वाले समय में युवाओं को नौकरी ढूंढने में भी आसानी होगी और आगे कहा कि स्मार्ट जगत के लिए स्मार्टफोन अब छात्रों के लिए आवश्यकता बन चुकी है। जिसका जीता जागता उदाहरण आपने कोरोना काल में देखा अगर स्मार्टफोन ना होते तो छात्रों का बहुमूल्य एक वर्ष का कार्यकाल व्यर्थ हो जाता। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर 11 छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अध्यापक एवं मंडल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा राजेश केसरवानी प्रमोद जायसवाल मुकेश कसेरा शैलेंद्र गुप्ता एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीईओ ने किया पत्रिका अभिनव का विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उच्च** प्राथमिक विद्यालय बगबना की शिक्षिका सबा रिज़वी की वार्षिक पत्रिका अभिनव का विमोचन ब्लॉक संसाधन केंद्र चाका में आज किया गया। वार्षिक पत्रिका का विमोचन खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने शिक्षिका सबा रिज़वी को इस पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा यह सभी के लिए अनुकरणीय पहल है। वार्षिक पत्रिका विद्यालय की समस्त गतिविधियों का दर्पण होती है। शिक्षक सबा रिज़वी ने कहा पत्रिका ही बच्चों के अन्दर छिपी प्रतिभाओं और रचनात्मक कौशलों को दिखाने का सशक्त माध्यम है।

पत्रिका में जिनकी रचनाएं छपी हैं उनका उत्साहवर्धन तो होगा ही साथ ही और बच्चे भी प्रेरित होंगे। इस अवसर पर एआरपी सुधीर कुमार पांडेय शशिकांत सिंह विवेक मिश्रा सावित्री सिंह प्रधानाध्यापक कमर सुल्ताना दिनेश कुमार नूरू ससबा विधु पाण्डेय आस्था कुमारी रश्मि अरोरा प्रेम सिंह निधि जैन कामिनी बेगम जलज वार्ष्णेय शकीला बेगम ब्लाक अध्यक्ष अमर कुमार राजेंद्र पाण्डेय राजेश शुक्ला शरद शुक्ला संदीप गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी शशिकांत सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उच्च प्राथमिक विद्यालय बगबना के प्रधानाध्यापक ज़हीर हुसैन ने किया।

## युवाओं में वृक्षारोपण के लिए जागरुकता जरूरी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के दो युवा उद्यमियों अमित सिंह और प्रदीप सिंह ने ग्रीन वॉरियर कैम्पेन की घोषणा करके अपने शहर का मान बढ़ाया है। यह कैम्पेन उनकी स्टार्टअप कंपनी टेलियो ईवी के द्वारा चलाई जा रही है जो की इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क प्रदाता कंपनी है। कैम्पेन की विशिष्टता यह है की यह भारत की प्रथम ह्यूमन क्यूआर कोड कैम्पेन है। जिसका लक्ष्य भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को बेहतर बनाना है। ग्रीन वॉरियर्स अभियान के ज़रिए टेलियो ईवी का लक्ष्य एक साल में पचास हजार पेड़ों को रोपित करने या उन्हें अपनाने का है ताकि पृथ्वी पर कार्बन फुटप्रिंट घटाया जाए और तापमान को नीचे लाया जा सके। अमित सिंह ने केआईईटी गाज़ियाबाद से बीटैक की है और प्रदीप सिंह ने आईआईटी बीएचयू और आईआईएम बैंगलोर से पढ़ाई की है। ये दोनों प्रयागराज के नैनी इलाके के निवासी हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों खासकर युवाओं के बीच वृक्षारोपण और उन्हें अपनाने के बारे में जागरुकता लाना है।

# मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर समाधान दिवस में आए 41 मामले

संवाददाता। मिल्कीपुर अयोध्या





**मिल्कीपुर** सर्किल के तीनों थानों कुमारगंज, इनायतनगर और खंडासा मुख्यालयों पर आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्रों से 41 मामले आए 7का मौके पर निस्तारण।

शनिवार को कुमारगंज थाने पर तहसीलदार हेमंत गुप्ता की अध्यक्षता तथा थानाध्यक्ष वीर सिंह यादव की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 14 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। प्रस्तुत सभी मामलों में 3 राजस्व एवं 2 पुलिस विभाग से संबंधित कुल 5 मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। थाना क्षेत्र के धमथुआ गांव निवासी गयाराज का कहना है कि मैं कई बार पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन आज तक हमारी जमीन की पैमाइश नहीं हो सकी। उधुई ग्राम पंचायत निवासी चंद्रप्रकाश ने आरोप लगाया है कि मेरी पुश्तैनी खतौनी की उधुई गांव के कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं कई बार इसके लिए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन आज तक पैमाइश नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है कि राजस्व पुलिस की टीम मौके पर जाएगी। शेष बचे मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित करते हुए मौके हेतु रवाना की गई। सर्किल के इनायतनगर थाना मुख्यालय पर एसडीएम दिग्वजय प्रताप सिंह एवं क्षेत्राधिकारी आर के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 19 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें 2 मामले का तत्काल मौके पर निस्तारण करा दिया गया। निस्तारण से अवशेष बचे मामलों के लिए पुलिस एवं राजस्व कर्मियों की संयुक्त टीमें गठित कर संबंधित प्रकरणों को निस्तारण के लिए उनके सुपुर्द कर दिया गया। इसके अलावा खंडासा थाने पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 8 शिकायतें पेश हुई। प्रस्तुत सभी राजस्व विभाग से संबंधित होने के चलते एक भी प्रकरण का निस्तारण नहीं हो सका। हालांकि थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने प्रस्तुत मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेत रवाना कर दिया। थाना समाधान दिवस में थानों के समस्त उपनिरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं राजस्व कर्मी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को आजीवन सेवा भाव की प्रेरणा देती है स्काउटिंग

संवाददाता। संडीला(हरदोई)



यात्रियों को शीतल जल पिलाते स्काउट के पदाधिकारी

**स्काउट गाइड्स** द्वारा रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए लगाए गए शिविर में पहुंचकर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता समेत स्काउट्स के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने स्काउट्स की सेवा भावना की भूरि भूरि प्रशंसा की। रेलवे स्टेशन पर लगाए गए इस शीतल पेयजल शिविर में ब्लाक प्रमुख संडीला प्रतिनिधि अमित गुप्ता ने आईआर इंटर कॉलेज में अध्ययन के दौरान स्काउट के रूप में अपने संस्मरणों को स्काउट गाइड्स के साथ साझा किया। तहसील आयुक्त आशीष सिंह ने स्काउट गाइडस को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग छात्रों के चरित्र निर्माण की प्रारंभिक सीढ़ी है जो छात्र को जीवन में सफलता के नए आयाम स्थापित करने में सहायता देती है। इसी अवसर पर डॉ0 शिवाकांत ने कहा कि स्काउट्स अत्यंत सराहनीय कार्य जनसेवा के रूप में करते हैं जिसकी ना केवल प्रशंसा वरन अनुकरण भी किया जाना चाहिए। उन्होंनें अपने स्तर से इस शिविर को सभी प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। इस शिविर में आईआर इंटर कॉलेज के शिक्षक रमाकांत शुक्ला, कमलेश शुक्ला, पंकज श्रीवास्तव, उमाशंकर, राजकुमार वर्मा के अलावा बेसिक शिक्षा से विजय सिंह, धीरेन्द्र सिंह, निर्मल जायसवाल, मीना तोमर, ग्राम प्रधान एवं समाज सेवी रानू मिश्रा के अलावा गाइड कैप्टन रेनु भी मौजूद रहीं। इस शिविर में स्काउट राज शर्मा, राजदीप, आकाश पाल, मयंक, लवकुश, विवेक तथा गाइड सोनम राठौर की भूमिका सराहनीय रही।

# तम्बाकू नियंत्रण के लिए जिला समन्वय, अनुश्रवण समिति व प्रवर्तन दल की साझा बैठक हुई आयोजित

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**विश्व** तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई 2022 के जनजागरूकता हेतु मुख्य विकास अधिकारी घनशयाम मीणा की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपदीय समन्वय समिति, अनुश्रवण समिति एवं प्रवर्तन दल की बैठक आहूत की गयी थी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिलापूर्ति अधिकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज अकबरपुर, प्रतिनिधि खंड विकास अधिकारी अकबरपुर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला समन्वयक राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रतिनिधि श्रमप्रर्तन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद मे दिनॉक 15 मई से 15 जून 2022 तक विशेष तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान संचालित किया जायेगा। अभियान के दौरान जनपद के समस्त विभागों का दायित्व होगा कि वे अपने-अपने कार्यालयों मे तम्बाकू निषेध जनजागरूकता पर चर्चा कराये तथा जनहित मे प्रचार-प्रसार कराये। प्रति सप्ताह स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग आदि सार्वजनिक स्थलों पर छापेमारी करें तथा अधिनियम का उल्लंघन करने पर दोषी पाये जाने वाले के विरूव जुर्माना की कार्यवाही करे। ब्लाक स्तरीय चिकित्सालयों मे काउन्सलर प्रति दिन आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों की काउन्सलिंग कर उन्हे तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करे। बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति आयोजन दिवस पर ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशा के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराये। इस पुनीत कार्य मे जन प्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग लिया जाय आदि।

## विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 22 को होगी

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने 22 मई को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय ने अयोध्या जनपद में सात परीक्षा केन्द्र बनाये है जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के चार व झुनझुनवाला महाविद्यालयए के0टी0 पब्लिक व भवदीय पब्लिक स्कूल शामिल है। इन केन्द्रों पर 42 विषयों में 4 हजार 299 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रवेश परीक्षा सभी केन्द्रों पर प्रात: 10 बजे से 12 तक होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फारूख जमाल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारियां अंतिम दौर में है। इसके लिए जनपद के सात परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएचडी प्रवेश में कुल 4 हजार 612 अभ्यर्थी पंजीकृत है जिसमें 313 अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के नियमानुसार औपबंधित छूट दी गई है। पंजीकृत अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय की साइट पर जाकर प्रवेश.पत्र डाउनलोड कर सकते है। परीक्षा के दिन प्रवेश.पत्र के साथ एक पहचान.पत्र पास रखना होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को एक घण्टा पूर्व निर्धारित केन्द्र पर पहुँचना अनिवार्य है।

# बच्चों के लिए मददगार साबित हो सकती हैं होम्योपैथी दवाएं

● डॉ. सोनी ने बताए उपचार के सुरक्षित तरीके

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**सभी** अभिभावकों के मन में यह सवाल होता है की बच्चे को होम्योपैथी दवा किस उम्र से देनी चाहिए या यह बच्चों के लिए सुरक्षित होती है या नहीं? जब बच्चे बीमार पड़ते हैं, तो डॉक्टर आमतौर पर संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए एंटीबायोटिक दवाइयाँ लिखते हैं। माता-पिता छोटे बच्चों को एंटीबायोटिक देने के नुकसान के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में, उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं होता है। ऐसे होम्योपैथी दवाएं बहुत मददगार साबित हो सकती हैं। आइये जानते है डॉ सोनी होम्योपैथी के संचालक डॉ. देवेंद्र सोनी व नरेंद्र सोनी (बी एच म एस )कोलकाता (भारत सरकार) बताते हैं कि बच्चो के लिए कितनी सुरक्षित है होम्योपैथीबच्चे अक्सर मौसम बदलने से और प्रतिरक्षा प्रणाली के कमजोर होने के कारण बीमार पड़ जाते हैं, ऐसे में बहुत अधिक एंटीबायोटिक्स देने से उनकी प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक शक्ति पर असर पड़ता है, यह एक तथ्य है। इसलिए होम्योपैथी दवाएं बच्चे के स्वास्थयकारी हो सकती हैं।

1-एंटीबायोटिक के मुकाबले होमियोपैथी की दवाइयाँ बच्चों को संक्रमण और एलर्जी से रक्षा करती है।

2-होमियोपैथी अधिक प्रभावी है और वयस्कों की तुलना में बच्चों में तेजी से काम करती है।

3-होम्योपैथिक दवाएं हल्के मीठी गोलियों, पाउडर या तरल पदार्थों के रूप में होती हैं जो छोटे बच्चों द्वारा खुशी से ली जाती हैं।

4-होम्योपैथिक दवाइयाँ अधिक स्वादिष्ट होती है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

अगर होम्योपैथिक बच्चो को दिया जाये तो यह उनके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त साबित होता है। इससे बच्चो की अंदरूनी ताकत बढ़ती है और किसी भी बीमारी के संक्रमण से लड़ने की ताकत आ जाती है। 5.होम्योपैथी बच्चो को बीमारी से जल्दी ठीक करने में मददगार साबित हो सकती है।जैसा कि आप सभी जानते हैं की यह एक ऐसा इलाज का जरिया है जिससे किसी को भी किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता और ये एक सुरक्षित प्रभावी और नेचुरल इलाज है। इसके साथ ही होम्योपैथी इलाज के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं की लत भी नहीं लगती। तो इसी लिए आप अपने बच्चो होम्योपैथिक दवा, दे सकते हैं।। कुछ 'होम्योपैथिक दवाईयां-'' जैसे एकोनाइट, रुस्टॉक् ब्रायोनिया, बेलाडोना,आर्सेनिक, सिना, केमोमिला, कल्केरिया कार्ब, कल्केरिया फॅास, थूजा, आदि 'नोट'- किसी भी प्रकार की होम्योपैथिक दवाईयां बिना डॉक्टर के प्रमार्श से अपने बच्चो को ना ले।

## रोग मुक्त भारत अभियान आयोजित

**प्रयागराज।** चतुर्थ प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के मौके पर आज दिल्ली में रोग मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री डा महेंद्र भाई मुंजपरा संसद सदस्य राजू बिष्ट सूर्या फाउंडेशन के संस्थापक पद्मश्री जय प्रकाश मोरार जी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफयोग आयुष मंत्रालय के निदेशक डा ईश्वर बसवा रेड्डी नेशनल इंस्टीट्यूट आफ नेचुरोपैथी के निदेशक प्रो डा के सत्य लक्ष्मी केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के निदेशक डा राघवेन्द्र राव योगगुरू स्वामी रामदेव महर्षि महेश योगी विश्व स्वास्थ्य विद्यालय नीदरलैंड के प्रमुख डा टोनी नडार उपस्थित रहे। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन एवं सूर्या फाउण्डेशन द्वारा 18 नवंबर से 15 अगस्त 2022 तक 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनमानस में प्राकृतिक चिकित्सा योग के प्रति जन जागृति करने हेतु रोग मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत प्राकृतिक चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर प्राकृतिक चिकित्सा की अलख जगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य नेचुरोपैथी का प्रचार प्रसार और गांधी के स्वास्थ्य स्वावलंबन के सपनों को साकार करना है।

# दो पक्षों में फायरिंग से मची अफरा-तफरी

संवाददाता। बरेली

**दो पक्षों** के बीच हुई फायरिंग से एक युवक के पैर में गोली लग गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।कैंट थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी मुनव्वर के लड़के अमन को आज घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया उसके पैर में गोली लगी थी जहां अमन ने बताया कि वह अपने एक दोस्त से मिलने के लिए बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव उमरिया गया था जहां पर गांव के ही रहने वाले कुछ युवक उसके पास आए और गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की और तमंचे से फायर कर दिया वहीं पुलिस का मानना है कि अमन ने अपने पैर में खुद ही गोली मारी है इस गांव में दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश चल रही दोनों ग्रुपों में युवा हैं और गांव में तेज गति में मोटरसाइकिल चलाकर एक दूसरे पर प्रभाव जमाने की कोशिश करते हैं इसी के चलते दोनों गुटों में अक्सर विवाद होता है और आज भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ और दोनों ग्रुप वालों ने जमकर फायरिंग की इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

## चाइनीज मांझे से बाल-बाल बची मासूम की गर्दन

**बरेली ।** माता-पिता के साथ मोटरसाइकिल पर जा रही एक मासूम की गर्दन चाइनीज मांझा की चपेट में आ गई जिससे वह बाल-बाल बच गई। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव मौला नगर निवासी अय्यूब कुरैशी की मासूम बेटी मरियम की गर्दन में आज सुबह सड़क पर लटक रहा चाइनीज मांझा लिपट गया जिससे उसकी गर्दन पर माझे का निशान बन गया लेकिन मौके पर मौजूद माता पिता ने उसे बचा लिया अय्यूब कुरैशी ने बताया कि आज सुबह में मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी और बेटी मरियम के साथ सिविल लाइंस आने के लिए घर से निकला था लेकिन जब वह कुतुब खाना चौराहा से कुमार टॉकीज की तरफआ रहा था तभी अचानक सड़क के बीचो-बीच लटक रहा चाइनीज मांझा उसकी बेटी की गर्दन मे लिपट गया और करता मैं गहरा निशान बन गया उसके साथ बैठी उसकी मां ने माझे को किसी तरह हटा दिया और मरियम घायल होने से बच गई।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 15 मई, 2022



# बाइक व बस में भीषण टक्कर, चार की मौत

संवाददाता। संडीला (हरदोई)



**भीषण सड़क** हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना में प्रायवेट बस सड़क के किनारे पलट गयी। जिससे बस में सवार कई लोग भी घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली संडीला के अर्न्तगत् लखनऊ हरदोई रोड पर पेप्सिको फैक्ट्री के पास प्रायवेट बस संख्या –यूपी 30एटी/8436 की हीरो स्पेलेंडर मोटरसाइकिल नंम्बर यूपी 30एआर/2784 से सीधी टक्कर हो गयी। इस भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल के परखचे उड गये और बस सड़क के किनारे जाकर पलट गयी। मोटरसाइकिल पर सवार बीस वर्षीय आशीष पुत्र कमलेश यादव, तीस वर्षीय सुषमा पत्नी रामवीर, ढाई वर्षीय रुही पुत्री रामवीर निवासी ग्राम कुकम्बर थाना सुरसा जनपद हरदोई तथा सरला पत्नी बेचेलाल आयु लगभग पैंतीस वर्ष निवासी ग्राम भैनामऊ थाना सुरसा की मौके पर ही मौत हो गयी। बस के पलटने से उसमें बैठे यात्रियों में से लगभग एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आयीं। इस घटना सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर सीएचसी भेजा। इस घटना के बाद कुछ देर तक याता यात बाधित रहा। इस घटना की सूचना मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## प्लाइवुड फैक्ट्री में लगी आग, टला बड़ा हादसा

संवाददाता। सीतापुर

**सदरपुर थाना** क्षेत्र अन्तर्गत जहांगीराबाद कस्बे में स्थित सबसे पुरानी उस्मान प्लाईवुड इण्डस्ट्रीज में शनिवार दोपहर लगभग 12:45 बजे लकड़ी सुखाने के लिये बने चौम्बर में अचानक धुआं निकलने लगा।धुआं निकलते देख पूरी फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गयी।जिस समय आग लगी उस समय काफी संख्या में मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। जैसे ही चैम्बर में आग लगी वैसे ही फैक्ट्री मैनेजर ने बिजली की सप्लाई बंद कर फैक्ट्री के सभी गेट खुलवा दिये। उसके बाद फैक्ट्री में मौजूद फायर ब्रिगेड की सुविधा से आग पर काबू पाना शुरू किया। इतने में ही खबर मिलते ही दर्जनों ग्रामीण तथा अन्य प्लाईवुड के मालिक व कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गये और आग बुझाने में सहयोग करने लगे। 100 डायल पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा बिसवां फायरब्रिगेड को फोन द्वारा सूचना दी गई। बिसवां फायरविग्रेड वाले जबतक पहुंचते उससे पहले ही उन्होंने ने ही फोन कर रेउसा से छोटी फायरविग्रेड की गाड़ी भेजवा दी।थोड़ी देर बाद ही बिसवां से फायरविग्रेड की गाड़ी ने भी आग बुझाना शुरू किया। देबियापुर पुलिस चौकी के सभी जवानों ने भी फायरविग्रेड वालों के साथ आग बुझाई।ग्रामीणों, मजदूरों तथा फायरविग्रेड व पुलिस के जवानों के अथक प्रयासों से लगभग दो घण्टों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री मालिक हाजी मोहम्मद उस्मान के पुत्रों मोहम्मद इरफान, मोहम्मद इकराम, मोहम्मद इमरान और मोहम्मद सुहैल ने संयुक्त रूप से बताया कि प्लाईवुड फैक्ट्री में प्लाई व प्लाईबोर्ड बनाने का काम होता है जिसमें प्लाईबोर्ड बनाने के लिये पहले पापुलर लकड़ी की फंटियों को सुखाया जाता है जिसके लिये लकड़ी की फंटियों को सीमेंटेड बड़े कमरानुमा बने चौम्बर में डालकर स्टील के बने दरवाजों को दोनों ओर से बंद कर दिया जाता है फिर पाइप लाइन के द्वारा उसके अन्दर लगे बड़े बड़े क्वायलों को स्टीम के द्वारा गर्म किया जाता है तथा अंदर ही लगे पंखों से हवा दी जाती है जो लकड़ी को सुखाने में मदद करते हैं। यह पूरी प्रक्रिया लगभग 72 घण्टों में पूरी होती है। मोहम्मद इकराम ने बताया अभी इस चौम्बर को बंद किये मात्र 24 घंटों का ही समय हुआ था लेकिन बाहर का तापमान बहुत अधिक होने से अंदर अधिक ताप से आग लग गयी। नुकसान के बारे में पूछने पर सुहैल ने बताया कि अभी पूरी तरह से चैम्बर खाली कर जब देखा जायेगा तभी अनुमानित नुकसान के बारे में पता चल सकेगा। फायरब्रिगेड के साथ आये एस.आई. आदित्य कुमार सिंह, एस.आई. नन्द किशोर तथा आरक्षी विकास आदि सभी ने बहुत परिश्रम से तुरन्त आग पर काबू पा लिया नहीं तो चैम्बर फटने पर फैक्ट्री में भीषड़ हादसा हो सकता था। फायरविग्रेड के जवानों ने पास स्थित खेत पर बनी बोरिंग से पानी खींचा। सभी की सूझबूझ से भारी नुकसान होने से बच गया।

सांड के हमले में किसान के जान गंवाने पर आक्रोशित हुए ग्रामीण

# दस घंटे लगा रहा जाम, प्रशासन नहीं कर पाया हटवाने का कोई इंतजाम

संवाददाता। सीतापुर

**आवारा गोवंशो** से निजात दिलाने का पीएम मोदी और सीएम योगी के वादा करने के बावजूद सीतापुर में किसानों को आवारा और बेसहारा गोवंशो से निजात नहीं मिल सकी है। लगातार सांड के हमलों में आये दिन किसी न किसी की लगातार जान जा रही है। मगर प्रशासन इससे निपटने में कोई भी कारगर कदम नहीं उठा रहा है। सीतापुर की तहसील लहरपुर इलाके के शाहपुर और उसके आस-पास के हजारों ग्रामीण एक सांड के आतंक से परेशान हैं। यह सांड आये दिन लोगों पर जानलेवा हमला बोल रहा है। अब तक दर्जन भर लोग सांड के हमले में घायल हो चुके हैं। शनिवार को तो किसान सटल्लू ने दम तोड़ दिया, सांड के हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए उसे लखीमपुर भर्ती कराया गया था। यह सांड सटल्लू के लिए ही यमराज नहीं बना, बल्कि 12 वर्षीय उसके बेटे छोटू के लिए भी काल बन गया, एक माह पूर्व जब सांड को भगाते समय छोटू वाहन के नीचे आ गया और उसकी भी मौत हो गयी। सांड के कारण पहले बेटे की और अब पिता की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश भर गया। ग्रामीण इस बात को लेकर भी आक्रोशित हो गए, चुनाव पूर्व सभा करने आये डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और क्षेत्र के विधायक अब मंत्री बन चुके सुरेश राही ने आवारा गोवंशो से निजात दिलाने के लिए इलाके में गौशाला बनाने का आश्वासन दिया था, वह पूरा तो नहीं हुआ, आवारा गोवंश का आतंक और बढ़ गया। सांड के हमले से घायल सटल्लू की मौत को लेकर ग्रामीण इस कदर आक्रोशित हो गए कि शनिवार को लहरपुर-भदफर मार्ग को जाम कर दिया और धरने पर बैठकर सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। ग्रामीण कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही और जिलाधिकारी अनुज सिंह के मौके पर आने की मांग करते हुए मृतक के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा दिये जाने की मांग पर अड़ गए। बकायदा टेन्ट लगाकर ग्रामीण बैठ गए। सटल्लू के शव को सड़क पर रख दिया। लहरपुर के सीओ सुशील कुमार सिंह इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह और नायब तहसीलदार ने पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने, ग्रामीण जिलाधिकारी को मौके पर बुलाए जाने की मांग पर अड़े रहे। जिला मुख्यालय से महज 50 किमी. दूर शाहपुर तक जिले का कोई भी अधिकारी 10 घंटे बाद भी नहीं पहुंचा। हालांकि धरना प्रदर्शन में भीड़ न जुटने पाए इसके लिए जगह-जगह बैरीकेटिंग कर लोगों को पुलिस ने रोकने का बहुत प्रयास किया पर वह नाकाम रहे।

सीतापुर में पुलिस ने जब्त की गैंगेस्टर बबलू की लाखों की संपति

## जब्तीकरण की कार्रवाई से पहले डुग्गी बजवा कर कराई मुनादी

संवाददाता। सीतापुर

- पुलिस अफसरों ने कहा-आगे भी जारी रहेगा इस तरह का अभियान

**सीतापुर में** जरायम पेशा से ताल्लुक रखने वालों की आपराधिक कृत्य से अर्जित संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। मछरेहटा पुलिस ने शनिवार को गैंगेस्टर बबलू पांडेय पुत्र रामशंकर निवासी तहरापुर की लगभग पन्द्रह लाख की संपति जब्त कर ली है। प्रशासनिक व पुलिस टीम ने तहरापुर पहुंचकर पहले डुग्गी बजवाते हुए कार्रवाई के संबंध में मुनादी कराई। इसके बाद गैंगेस्टर का नवनिर्मित तीन कमरे के मकान को जब्त करने की कार्रवाई पूरी की। जब्त संपति की अनुमानित कीमत चौदह लाख नब्बे हजार रूपए आंकी गयी है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त बबूल पाण्डेय का एक संगठित गिरोह है। यह गिरोह आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए हत्या, लूट आदि करने का अभ्यस्त हैं। बबलू पाण्डेय गैंग लीडर है और अन्य अभियुक्त इसके सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस अफसरों के मुताबिक भविष्य में भी इस प्रकार के गैंगेस्टर अपराधियों के चिन्हीकरण और उनके द्वारा अर्जित की गयी अवैध सम्पत्तियों का चिन्हांकन कर जब्तीकरण की कार्यवाही प्रचलित रहेगी।

## बुजुर्ग की सिर में गोली मारकर हत्या, दो गिरफ्तार

**बरेली।** परिवारिक विवाद में दो भाईयों ने बुजुर्ग को बंधक बनाकर मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने बुजुर्ग के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जबकि अन्य युवक ने भाग अपनी जान बचाई। सुबह घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया। इस दौरान पुलिस ने हत्या में शामिल दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया।शाही थाना क्षेत्र के गांव जुनहाई के रहने वाले बुजुर्ग मानसिंह आम के बाग की रखवाली करते थे। उनके साथ में इन्द्रपाल भी बाग की देखा भाली करता था। मान सिंह का अपने ही परिवार के शेर सिंह और मुरारी सिंह से विवाद चल रहा था।राजवीर ने बताया कि आरोपी दोनों सगे भाई हैं।

## क्विक न्यूज

### डीसीएम की चपेट में आकर बाइकसवार की मौत

**संडीला(हरदोई)।** डीसीएम की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की दुखद मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम फखरुद्दीननगर निवासी 18 वर्षीय सूरज रात को अपने मामा सचिन के साथ बाइक से खजौना गया था। वहां से देर रात दोनों लोग लौट रहे थे, जब वे संडीला मल्लांवां रोड पर जैतनगर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही एक डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से बाइक पर पीछे बैठा सूरज उछलकर सड़क पर जा गिरा जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुतक सूरज के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जबकि घायल सचिन को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली।** मजदूरी करने के लिए मोटरसाइकिल पर घर से निकले युवक को तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव उनई मकरूका निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र पाल पुत्र हेमदास कि आज सुबह नारायण नगला गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जितेंद्र रोजाना की तरह मोटरसाइकिल लेकर आज सुबह मजदूरी करने के लिए घर से निकला था लेकिन जब वह नारायण नगला गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे जितेंद्र पाल गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर ट्राली फरार हो गई स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची जितेंद्र पाल की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### स्कूटी सवार तस्करों से 2 किलो अफीम बरामद

**बरेली।** रात के समय स्कूटी पर जा रहे दो तस्करों से पुलिस ने चेकिंग के दौरान 2 किलो अफीम बरामद की पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव बिलबा में पुल के पास गश्त के दौरान बीती रात लगभग 2 बजे पुलिस में स्कूटी सवार के क्योलड़िया थाने के गांव पनबढ़िया प्रीतम पुर निवासी राणा सिंह उर्फराम सिंह पुत्र मंगली प्रसाद और बारादरी थाना क्षेत्र मैं यूनिवर्सिटी के छोटे गेट के पास रहने वाले अयोध्या प्रसाद पुत्र मथुरा प्रसाद को पुलिस में 2 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया पुलिस के अनुसार बीती रात गश्त के दौरान वाहनों की चेकिंग शुरू की गई इसी दौरान स्कूटी सवार दो तस्करों को देखकर पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन पुलिस को देखकर तस्करों ने भागने की कोशिश की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और तलाशी ली उनके पास से स्कूटी में रखी 2 किलो अफीम बरामद हुई पुलिस ने स्कूटी और अफीम को कब्जे में लेकर गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों को जेल भेज दिया

### सात साल की मासूम बच्ची को बनाया दरिंदगी का शिकार

- शुक्रवार की देर रात रात में हालात में गायब हुई थी बच्ची
- शनिवार की सुबह गांव के मंदिर के पास गंभीर हालत में हुई बरामद

**सीतापुर।** सीतापुर के हरगांव थाना इलाके के एक गांव में रहने वाली दस साल की मासूम बच्ची शुक्रवार की रात गांव में ही पर्दे पर फिल्म देखने गई थी। जहां से देर रात अचानक रहस्यमय हालातों में गायब हो गई। परिजन उसकी तलाश कर ही रहे थे इसी बीच शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे गांव के मंदिर के पास गंभीर हालत में मासूम बच्ची को बरामद किया गया। बच्ची के हालात साफ़इशारा कर रहे थे कि उसके साथ किस कदर दरिंदगी की गई है। पीड़िता के मुताबिक किसी ने नशे की गोली उसे खिला दी, फिर वह बेसुध हो गई। सुबह उसे मंदिर के पास छोड़ कर वहशी दरिन्दे चले गए। हरगांव पुलिस बच्ची व उसके दादा दादी को थाने में ले जाकर घटना के संबंध में जानकारी लेने में जुटे हुए हैं। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात को लेकर बच्ची के बाबा ने पूरी जानकारी दी।

## आवारा पशुओं को लेकर रखी गई गौशाला की नींव



**निघासन-खीरी।** ग्राम पंचायत सिंगहा कलां में आवारा पशुओं से परेशान किसानों की समस्याओं को देखते हुए ग्राम प्रधान सुनीता देवी उर्फ ब्रज रानी के द्वारा गौशाला निर्माण हेतु नींव पूजन का कार्यक्रम कराया गया। निघासन ब्लाक संघ अध्यक्ष श्याम मोहन दीक्षित, झब्बू लाल शुक्ला, मुनेश शुक्ला, विकास दत्त मिश्रा, छैल बिहारी दीक्षित, डा. अनिल गुप्ता, राम मोहन दीक्षित, मुन्ना लाल शाह, केसराम वर्मा मास्टर, राम किशोर लोधी, राम चंद्र शाक्य, उमेश शाक्य, गोपाल शर्मा, गौरव दीक्षित, संत राम कनौजिया, गया प्रसाद विश्वकर्मा, अंकित मिश्रा, रजनीश जयसवाल, सुभाष वर्मा, अभिजीत विश्वास, कौशल कनौजिया एवं पंचायत के गणमान्य लोगों के अथक प्रयासों से सिंगहा खुर्द में सभी लोगों की उपस्थिति में गौशाले का उद्घघाटन संपन्न कराया गया।

# कंपोजिट विद्यालय संपूर्णानगर को मिला बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक का खिताब

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**एक ऐसा** परिषदीय विद्यालय जहां के बच्चे हर फन में पारंगत होने को आतुर हैं। यहा की कक्षाएं किसी हाईप्रोफाइल कांवेंट की कक्षाओं से रेस करती नजर आती हैं। कमरों की दीवारें भी ज्ञान बांटती दिखती हैं। सुबह की प्रार्थना बैंड की धुन पर होती है। स्टार पाने के लिए यहा के छात्रों में होड़ मची होती है। ऐसा ही है जनपद खीरी का सुदूरवर्ती ब्लॉक पलिया का कंपोजिट विद्यालय संपूर्णानगर। अध्यापकों की मेहनत से यह विद्यालय अब कावेंट विद्यालयों को पीछे छोड़ने की राह पर आगे बढ़ रहा है। जिले का यह सुदूरवर्ती विद्यालय पिछले कुछ महीनों में तेजी से विकास कर रहा है।

खीरी में इन दिनों परिषदीय विद्यालयों में एक दूसरे से बेहतर बनने की होड़ मची है। यह प्रतिस्पर्धा डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा दिए गए टास्क से शिक्षकों के मन में उत्पन्न हुई है। डीएम ने हर सप्ताह एक सर्वश्रेष्ठ विद्यालय घोषित करने की एक श्रंखला शुरू की फिर क्या शिक्षक अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए पूरे जी-जान से जुट गए। इस सप्ताह पलिया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय संपूर्णानगर को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के रूप में चुना गया।

विद्यालय की महिला शिक्षक ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद विद्यालय की स्थिति को बदलने की ठानी। उनके इस सकारात्मक प्रयास को ग्राम प्रधान का भरपूर सहयोग मिला और विद्यालय की दशा ही बदल गई। जर्जर कक्षों को मजबूत और आकर्षक बना दिया है। प्रधानाध्यापक ने विद्यालय से बच्चों के फर्जी नामों को छाटा और उसे उपस्थिति पंजिका से बाहर कर दिया। अपनी टीम के साथ हरविंदर कौर विद्यालय को आगे बढ़ाने में लगी हैं।

कंपोजिट विद्यालय संपूर्णानगर बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ मानसिकए शारीरिक विकास का कार्य भी मनोयोग से कर रहा। इसके परिणाम स्वरूप विद्यालय का नामांकन 2019 में 480 था जो वर्तमान में 700 है। नामांकन के लिए अभिभावकों में अत्यंत उत्साह रहता है। विद्यालय अपने आसपास के क्षेत्रों में अपनी शिक्षा एवं सुविधाओं के लिए लोकप्रिय है।

शिक्षक हरविंदर कौर ने विद्यालय में वर्ष 2019 में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यभार संभाला तो विद्यालय बाउंड्री विहीन था। उन्होंने अपने वेतन से न केवल विद्यालय की बाउंड्री बनवाई बल्कि बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए विद्यालय में सांस्कृतिक मंच भी बनवाया।

प्रार्थना सभा में बच्चों को नैतिक शिक्षा दी जाती है। कक्षा के मानीटर छात्र-छात्रओं के बालए नाखून, ड्रेस आदि की जाच करते हैं। हिन्दी व अंग्रेजी में स्वच्छता आदि की प्रतिज्ञा होती है। आदर्श वाक्य सुनाए जाते हैं। समाचारों से अवगत कराया जाता है। सोमवार व शनिवार को बैंड की धुन पर पीटी होती है। इस विद्यालय में व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रम बड़े पैमाने पर चलाए जाते हैं। नो बैग डे के दिन आर्ट.क्राफ्टए संगीत आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। बच्चों के लिए विद्यालय के पास अपना साउंड सिस्टम भी है। बच्चों के बीच सामान्य ज्ञानए भाषण व वाद.विवाद की प्रतियोगिताएं भी कराई जाती हैं। सास्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी इस विद्यालय के बच्चे खासा उत्साहित रहते हैं।

### हास्पिटल संचालक की लापरवाही से नवजात शिशु की चली गई जान

**निघासन-खीरी।** संजीवनी हास्पिटल नाम से बेलरायां में गांधी इंटर कॉलेज के सामने संचालित हास्पिटल संचालक की लापरवाही से एक नवजात शिशु की मौत हुई थी। आरोप है कि डिलीवरी के समय मौके पर कोई महिला डाक्टर मौजूद नहीं थी। आरोप पीड़िता को हास्पिटल संचालक ने अपने पक्ष में बयान देने को लेकर मारा पीटा था। पीड़ित ने उक्त हास्पिटल संचालक पर जांच कर न्याय की गुहार लगाई। थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं इस संदर्भ में संजीवनी हास्पिटल निघासन रोड निकट ग्रीन फील्ड एकेडमी के डाक्टर पवन तिवारी ने बताया कि हमारी बेलरायां में इस नाम से कोई शाखा नहीं चल रहीं हैं। यदि चल रही है तो वह फर्जी है।

**दो पक्षों में फायरिंग से मची अफरा-तफरी:** बरेली। दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग से एक युवक के पैर में गोली लग गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।कैंट थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी मुनव्वर के लड़के अमन को आज घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया उसके पैर में गोली लगी थी जहां अमन ने बताया कि वह अपने एक दोस्त से मिलने के लिए बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव उमरिया गया था।

# महिला ने बड़े दामाद पर छोटे की हत्या का लगाया आरोप

- जमीन के लालच में हत्या किए जाने की दी तहरीर
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेजा
- गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



कोतवाली के गांव भवानीपुर में एक बुजुर्ग महिला को तीन बीघा जमीन के लालच में बड़े दामाद ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने पर मृतक महिला विटाला के छोटे दामाद की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज हो गई है। आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक महिला विटाला 60 वर्ष गांव के बाग में एक मकान बनाकर रहती थी। महिला के 2 बेटियां थीं। जिनमें दोनों बेटी को शादी हो चुकी थीं। मृतक महिला का पति पहले ही स्वर्गवास हो चुका था। बिटाला देवी की तीन बीघा जमीन थी जिसको लेकर बड़ा दामाद राकेश कुमार हरिहरपुर अपनी सास को जमीन के लिए परेशान करता था तथा जमीन हड़पना चाहता था। मृतका के छोटे दामाद फूलचंद ने दी तहरीर में बताया कि आज प्रात: आज सुबह बांस के डंडे से मेरे साढ़ू राकेश कुमार ने खूब पीटा। उसके उपरांत उनको सड़क किनारे फेंक दिया। मौत के घाट उतार दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फूलचंद की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश जारी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जनपद न्यायालय खीरी में कैंप लगाकर पूर्व में हुए चलान के सरलता पूर्वक निस्तारण हेतु लोक अदालत में आए 875 लोगों को पंपलेट वितरण कर एवं म्यूजिक के माध्यम से यातायात नियमों के बारे में जानकारी एवं जागरूक किया गया। बताया गया कि आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी न होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन न करना है। दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं। नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें। स्टंट बाइकिंग से बचें। काली फिल्म, हूटर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करें। गलत दिशा में न चलें। इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी। लोग सुरक्षित रहेंगे। साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि न खड़ा करें एवं रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं।



## दो भट्ठों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

- छह को दो दिन का अल्टीमेटम
- सयुंक्त टीम ने की बड़ी कारवाई

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**तहसील मोहम्मदी** में आज बड़ी कार्रवाई की गई। मानक विहीन भट्टा मालिको को नोटिस के माध्यम से दी गयी थी। जिसमे दो भट्टे बंद करा दिये गये हैं। अन्य मालिकों को अंतिम मौका दिया गया।

उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि आज सयुंक्त टीम ने दो भट्टे पर पहुंच कर बंद कराया है। तहसील के 06 और भट्टों को दो दिन का समय दिया गया है। दो दिन में मानक पूरे नहीं हुए तो कारवाई की जाएगी। वहीं भट्टे पर लगी कच्ची ईटो को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। वहीं भट्टे में लगी आग को पानी से बुझवा दिया गया है। दोपहर को सूचना मिली कि मोहम्मदी से गोकन की ओर पुलिस प्रशासन व अन्य अधिकारियों की टीम जिसमें जेसीबी, पानी से भर भरे टैंकर और अधिकारियों की टीम कहीं जा रहे हैं। लोगों ने कयास लगाना शुरू किया कि कहीं बड़ी कार्रवाई होने जा रही है। इस संबंध में खनन अधिकारी ने बताया की उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में बनी टीम जिसमें तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह पर्यावरण अधिकारी क्राइम क्राइम इंस्पेक्टर, पुलिस की टीम ने एक भट्टे पर कार्यवाही की है। इसमें भट्टे की मिट्टी की रॉयल्टी तथा प्रदूषण एनओसी नहीं था। अभी औरों पर कार्यवाही की जाऐगी जिन पर रायल्टी नहीं जमा है या प्रदूषण एनओसी नहीं है उन पर कार्रवाई की जा रही है।



# न्याय से इनकार करने पर फैलेगी अराजकता : सीजेआई

भाषा। श्रीनगर



**भारत के** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन. वी. रमण ने शनिवार को कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है कि लोग महसूस करें कि उनके अधिकारों और सम्मान को मान्यता दी गई है और उन्हें संरक्षित किया गया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि न्याय से इनकार करने से अंततः अराजकता फैलेगी। सीजेआई ने यहां एक समारोह को संबोधित करते हुए वकीलों और न्यायाधीशों से वादियों के लिए अनुकूल माहौल बनाने का आग्रह किया, जो अक्सर बहुत अधिक मनोवैज्ञानिक दबाव में होते हैं।

उन्होंने अफसोस जताया कि भारत में न्याय प्रदान करने का तंत्र बहुत जटिल और महंगा है और देश अदालतों को समावेशी और सुलभ बनाने में बहुत पीछे है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, एक स्वस्थ लोकतंत्र के कामकाज के लिए, यह जरूरी है कि लोग महसूस करें कि उनके अधिकार और सम्मान सुरक्षित और मान्यता प्राप्त हैं। विवादों का शीघ्र निपटारा एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने कहा, न्याय से इनकार अंततः अराजकता की ओर ले जाएगा। जल्द ही न्यायपालिका अस्थिर हो जाएगी क्योंकि लोग अतिरिक्त न्यायिक तंत्र की तलाश करेंगे। सीजेआई जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के लिए नए परिसर की आधारशिला रखने यहां आए थे।उन्होंने कहा, शांति तभी

> ● स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है कि लोग महसूस करें कि उनके अधिकारों और सम्मान को मान्यता दी गई है

कायम होगी, जब लोगों की गरिमा और अधिकारों को मान्यता दी जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि भारत में अदालतों के पास अधिकारों के अधिनिर्णय और संविधान की आकांक्षाओं को बनाए रखने का संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, कानून के शासन और मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है- सभी को त्वरित और किफायती न्याय प्रदान करने में औपचारिक न्याय प्रणाली की अक्षमता। भारत में न्याय वितरण तंत्र बहुत जटिल और महंगा है। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी न्यायपालिका के लिए सशक्त सहायक की भूमिका निभा रही है। अब, आभासी अदालतें समय, लागत और दूरी को कम करके पहुंच के अंतराल को पाट रही हैं। लेकिन भारत जैसे देश में, जहां एक विशाल डिजिटल विभाजन अब भी मौजूद है, तकनीकी नवाचारों की पूरी क्षमता के दोहन के लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। सीजेआईने कहा, बुनियादी ढांचे की समस्याओं को हल करना मेरे दिल के बहुत करीब है। मैंने बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर लगातार जोर दिया है। दुख की बात है कि स्वतंत्रता के बाद, आधुनिक भारत की बढ़ती जरूरतों की पूर्ति के लिए न्यायिक बुनियादी ढांचे में बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, हम अपनी अदालतों को समावेशी और सुलभ बनाने में बहुत पीछे हैं। अगर हम इस पर तत्काल ध्यान नहीं देते हैं, तो न्याय तक पहुंच का संवैधानिक आदर्श विफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला अदालतें न्यायपालिका की नींव हैं। उन्होंने कहा, नींव मजबूत होने पर ही पूरी व्यवस्था फल-फूल सकती है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे की स्थिति संतोषजनक नहीं है। अदालतें किराए के भवनों से और दयनीय परिस्थितियों में चल रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने अपने 20 मिनट से अधिक के भाषण की शुरुआत कवि अली जवाद जैदी के इस प्रसिद्ध रचना के साथ की- मुद्दतों बाद जो आया हूं इस वादी में, एक नया हुस्न, नया रंग नजर आता है। सीजेआई ने कहा, मुझे इस स्वर्ग में कई बार आने का सौभाग्य मिला है, लेकिन हर बार मैं इसकी सुंदरता से चकित हो जाता हूं और इसके आतिथ्य से हिल जाता हूं। यह एक ऐसी भूमि है जहां चार मौसमों का अनुभव होता है। उन्होंने कहा, यहां के लोगों की दया और कश्मीर की समृद्ध संस्कृति, इस खूबसूरत भूमि पर आने वाली हर आत्मा को बदल देती है। सीजेआई ने कहा, एक अन्य पहलू जिस पर मैं प्रकाश डालता रहता हूं, वह है रिक्तियों को भरने की आवश्यकता।

# राउत ने एक देश, एक भाषा की वकालत की

भाषा। मुंबई

**शिवसेना नेता** संजय राउत ने शनिवार को एक देश, एक भाषा की वकालत की। उन्होंने कहा कि हिंदी पूरे भारत में बोली जाती है और उसकी स्वीकार्यता भी है। राउत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को यह चुनौती स्वीकार करनी चाहिए कि सभी राज्यों में एक भाषा हो। उनकी यह टिप्पणी तब आई है, जब करीब एक महीने पहले शाह ने कहा था कि हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के तौर पर स्वीकार किया जाना चाहिए, न कि स्थानीय भाषाओं के विकल्प के तौर पर। उनके इस बयान का दक्षिणी राज्यों में कई प्रतिष्ठित नेताओं ने विरोध किया था। राउत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह टिप्पणी की। उनकी यह टिप्पणी तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के पोनमुडी से जुड़े एक सवाल के जवाब में आई है, जिन्होंने एक दिन पहले हिंदी को कथित तौर पर थोपने की किसी भी कोशिश की निंदा की थी और उन दावों पर सवाल उठाए थे कि इस भाषा को सीखने से रोजगार मिलेगा।

हिंदी सीखने वालों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होने का दावा करने वालों पर निशाना साधते हुए पोनमुडी ने पूछा था कि अभी कोयंबटूर में पानी पूरी कौन लोग बेच रहे हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से इस कार्य से जुड़े हिंदी भाषी विक्रेताओं की ओर था। तमिलनाडु के मंत्री की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा हिंदी का सम्मान किया है। शिवसेना नेता ने कहा, मुझे सदन में जब भी मौका मिलता है, मैं हिंदी में बोलता हूं, क्योंकि देश को सुनना चाहिए कि मैं क्या कहना चाहता हूं, यह राष्ट्र की भाषा है। हिंदी इकलौती भाषा है, जिसकी स्वीकार्यता है और पूरे देश में इसे बोला जाता है। राउत ने यह भी कहा कि हिंदी फिल्म उद्योग देश-दुनिया में गहरा प्रभाव रखता है। इसलिए किसी भी भाषा का अपमान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को यह चुनौती स्वीकार करनी चाहिए कि सभी राज्यों में एक भाषा हो। एक देश, एक संविधान, एक निशान और एक भाषा होनी चाहिए। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की रैली ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगी। राउत के मुताबिक, पूरा देश यह जानने के लिए उत्साहित है कि ठाकरे जनसभा के दौरान क्या कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा, कुछ लोग महाराष्ट्र में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं, महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को बदनाम करनाा चाहते हैं और राज्य सरकार को अस्थिर करना चाहते हैं। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे इन सभी को करारा जवाब देंगे। एक सवाल के जवाब में राउत ने कहा कि शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे इकलौते हिंदू हृदय सम्राट थे, हैं और रहेंगे। राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस पार्टी के चिंतन शिविर से जुड़े एक सवाल के जवाब में शिवसेना नेता ने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को खुद अपने आप को उठाना चाहिए, केवल तभी देश किसी बदलाव की उम्मीद कर सकता है।

# लड़की को मंच पर बुलाने का विरोध करने वाले के समर्थन में आए मुस्लिम बुद्धिजीवी

भाषा। कोझिकोड (केरल)

**केरल के** मलाप्पुरम जिले में एक लड़की को मंच पर बुलाने के खिलाफ कुछ दिन पहले मुस्लिम बुद्धिजीवी द्वारा की गई कथित टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया। हालांकि, समस्त केरल जमीयत-उल-उलेमा ने शनिवार को कथित टिप्पणी करने वाले बुद्धिजीवी का समर्थन किया। संगठन ने कहा कि यह छात्रा को किसी असहजता से बचाने के लिए किया गया था, जो मंच पर जाने से संकोच कर रही थी और वहां पर लोग जमा थे। समस्त के अध्यक्ष जाफरी मुतुक्कोया थंगल ने 10 कक्षा की इस छात्रा का कार्यक्रम के दौरान अपमान करने के आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि न तो लड़की ने और न ही उसके परिवार ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। थंगल ने रेखांकित किया कि विद्वत निकाय कुछ विश्वासों और निर्णयों को मानता है जिन्हें बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि यहां तक इस संदर्भ में अपमान शब्द का इस्तेमाल गलत है। थंगल ने कहा कि समस्त (ऑल केरल उलेमा एसोसिएशन) में पुरुषों और महिलाओं के मंच साझा करने की परंपरा नहीं रही है। उन्होंने कहा, लड़की का (कार्यक्रम के दौरान) चेहरा देखने के बाद स्कॉलर ने महसूस किया कि वह उस मंच पर आने को लेकर संकोच महसूस कर रही, जहां पर उस्ताद बैठे हैं। उन्होंने सोचा कि अन्य लड़कियों में भी इसी तरह का भय होगा अगर उन्हें मंच पर बुलाया जाता है। इसलिए उन्होंने आयोजकों से कहा कि लड़कियों को मंच पर नहीं बुलाए। गौरतलब है कि यह घटना मलाप्पुरम में मदरसा की इमारत के उद्घाटन के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई थी जहां पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था। इस कार्यक्रम में लड़की को स्मृति चिह्न इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग नेता पनक्कड सैयद अब्बास अली शिहाब थंगल ने दिया था।

# पवार के बारे में अपमानजनक पोस्ट के मामले में मराठी अभिनेत्री गिरफ्तार

भाषा। मुंबई

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी** (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट साझा करने के आरोप में मराठी अभिनेत्री केतकी चिताले को ठाणे पुलिस ने नवी मुंबई से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। मराठी में लिखे पोस्ट को शुक्रवार को चिताले ने साझा किया था जिसे कथित रूप से किसी और ने लिखा है। इसमें सिर्फ उपनाम पवार और 80 साल की उम्र का उल्लेख है। राकांपा के अध्यक्ष 81 साल के हैं।

पोस्ट में नरक इंतज़ार कर रहा है और आप ब्राह्मणों से नफरत करते हो जैसे शब्द लिखे हैं जो कथित रूप से पवार की ओर इशारा करते हैं। पवार की पार्टी राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है जिसमें शिवसेना और कांग्रेस भी शामिल हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा,, स्वप्निल नेटके की शिकायत पर चिताले के खिलाफ ठाणे के कलवा थाने में शनिवार को मामला दर्ज किया गया। चिताले



(29) को ठाणे पुलिस की अपराध शाखा ने नवी मुंबई से गिरफ्तार किया। नवी मुंबई के कलम्बोली थाने के बाहर राकांपा की महिला इकाई की कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम को चिताले पर काली स्याही और अंडे फेंके।अधिकारी ने बताया कि इससे पहले कलवा थाने में उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि), 501 (मानहानिकारक बात को मुद्रित या उत्कीर्ण करना), 505 (2) (वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा या दुर्भावना को बढ़ावा देने वाला कोई बयान, अफवाह या रिपोर्ट बनाना, प्रकाशित करना या प्रसारित करना) और 153 ए (लोगों के बीच शत्रुता फैलाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुणे में भी एक राकांपा कार्यकर्ता की शिकायत पर अभिनेत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की साइबर इकाई ने चिताले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (ए), 500 और 505 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। धुले में भी एक राकांपा नेता की शिकायत पर चिताले और नितिन भावे के खिलाफ इन्हीं धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि इसमें धारा 34 (सामान्य इरादा) भी जोड़ी गई है। पोस्ट को कथित रूप से भावे ने लिखा था जिसे चिताले ने साझा किया। इस बीच, जब नांदेड़ में पत्रकारों ने राकांपा प्रमुख से इस प्रकरण के बारे में पूछा, तो पवार ने कहा कि वह चिताले को नहीं जानते और उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर उनके बारे में क्या पोस्ट किया है। उन्होंने सवाल के जवाब में कहा, मैं उस महिला को नहीं जानता और यह भी नहीं जानता कि आप (अभिनेत्री के पोस्ट के बारे में) क्या कह रहे हैं।

वरिष्ठ नेता ने कहा कि उनके लिए इस मुद्दे पर तब तक टिप्पणी करना सही नहीं होगा जब तक उन्हें यह मालूम न हो जाए कि अभिनेत्री ने क्या किया है। नेत्री केतकी चितले के खिलाफ महाराष्ट्र के ठाणे शहर में शनिवार को एक मामला दर्ज किया गया।

## ओवैसी का औरंगजेब की कब्र का दौरा महाराष्ट्र में नए विवाद की कोशिश तो नही

भाषा। नांदेड़ा, मुंबई

**एआईएमआईएम नेता** अकबरुद्दीन ओवैसी के मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र पर जाने को लेकर गत कई दिनों से विवाद चल रहा है। इस मामले पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को अश्चर्य व्यक्त करते हुए आशंका जताई कि कहीं इसका उद्देश्य शांत महाराष्ट्र में नया विवाद खड़ा करने की कोशिश तो नहीं है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) नेता ओवैसी बृहस्पतिवार को औरंगजेब की कब्र पर गए थे। इसको लेकर राज्य में विवाद पैदा हो गया था और शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने कड़े शब्दों में इसकी निंदा की थी। नांदेड़ में पत्रकारों ने जब इस घटना के बारे में पूछा तो पवार ने कहा, ए लोग महाराष्ट्र और भारत का इतिहास जानते हैं। औरंगजेब ने अपने काल में क्या किया यह भी जानते हैं। यह सही नहीं है कि कोई महाराष्ट्र के बाहर का राज्य में आए और नया मुद्दा खड़ा करे।

## पवार के खिलाफ ट्वीट करने पर छात्र गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को फार्मेसी के 23 वर्षीय एक छात्र को ट्विटर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नासिक के सताना निवासी निखिल भामरे को डिंडोरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। निखिल ने अपने ट्वीट में कहा था कि बारामती के गांधी के लिए बारामती का नाथूराम गोडसे बनाने का समय आ गया है। हालांकि, उन्होंने ट्वीट में किसी नेता या राजनीतिक दल के नाम का जिक्र नहीं किया था। राज्य के पुणे जिले का एक शहर बारामती, शरद पवार का गृह क्षेत्र है।

# कश्मीरी हिंदुओं का प्रदर्शन जारी, घाटी से स्थानांतरित करने की मांग

भाषा। शेखपुरा

**जम्मू-कश्मीर में** कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाकर हो रही हत्याओं के खिलाफ कश्मीरी पंडित कर्मचारियों के एक समूह ने शनिवार को भी बडगाम जिले में शेखपुरा ट्रांसिट शिविर में प्रदर्शन किया और समुदाय के लोगों ने उन्हें कश्मीर के बाहर सुरक्षित स्थानों पर बसाने की मांग की। अल्पसंख्यक समुदाय के राहुल भट की लश्कर ए तैयबा के आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार को हत्या कर दी थी। कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा के लिए सुरक्षाबलों के जवानों का एक दल शिविर के बाहर पहरा दे रहा था। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सुरक्षाबलों के जवानों ने उन्हें विरोध मार्च निकालने से रोका।

शेखपुरा ट्रांसिट शिविर में राहुल भट और अन्य कश्मीरी पंडितों का घर है, जिन्हें 2008 में प्रधानमंत्री के रोजगार पैकेज के तहत वहां बसाया गया था। राहुल भट की हत्या के बाद यह शिविर विरोध प्रदर्शन का केंद्र बन गया है। महिलाओं समेत 100 से अधिक कश्मीरी पंडित कर्मचारियों के समूह ने शनिवार को भीषण गर्मी के बीच अस्थाई टैंटों में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। विमल नामक एक कश्मीरी पंडित कर्मचारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश दोनों ही सरकारों की विफलता है। यह अल्पसंख्यक समुदाय के नौवें सदस्य की हत्या है। हम बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन इसका कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रवासी कर्मचारियों को स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाया जाना चाहिए। विमल ने कहा, हमारे काम करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हम इस तरह काम नहीं कर सकते हैं और इसलिए हम सामूहिक रूप से इस्तीफे देने की योजना बना रहे हैं। कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि राहुल भट की हत्या के बाद उन्हें शिविर में बंद कर दिया गया है। उनकी मांग है कि ऐसे प्रतिबंधों को हटाया जाए। वेसु ट्रांजिट शिविर में रहने वाले कर्मचारियों का कहना है कि अगर अधिकारियों ने रविवार तक प्रतिबंधों के नहीं हटाया तो बडगाम के शेखपुरा में ट्रांजिट आवास तक मार्च का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के कर्मचारियों के मंच ने संभागीय आयुक्त पी के पोले को लिखे पत्र में कहा, हम, वेसु ट्रांजिट शिविर के कर्मचारियों ने कल सुबह अपने भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से शेखपुरा और वीरवान कॉलोनी तक मार्च करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि एकजुटता और समर्थन पाने के बजाय, प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को राहुल भट हत्या के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करने के लिए आंसू गैस के गोले, लाठीचार्ज, नजरबंदी और गिरफ्तारी का सामना करना पड़ रहा है।

# ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण को लेकर विपक्ष की चुप्पी पर ओवैसी ने उठाए सवाल

भाषा। अहमदाबाद

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वीडियो सर्वेक्षण पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) सहित सभी विपक्षी दलों की चुप्पी पर शनिवार को सवाल उठाया और आरोप लगाया कि ए दल इसलिए चुप हैं, क्योंकि मुसलमान उनके वोट बैंक नहीं हैं। ओवैसी ने कहा कि संविधान मुसलमानों को उनकी संस्कृति और पहचान का पालन करने की अनुमति देता है और हम ऐसा घर और बाहर दोनों जगह करते रहेंगे। एआईएमआईएम के प्रमुख ने यहां ईद मिलाप कार्यक्रम में कहा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जैसे विपक्षी दल ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे पर चुप क्यों हैं? वे कुछ नहीं कह रहे हैं, क्योंकि मुसलमान उनके वोट बैंक नहीं हैं। भाजपा, कांग्रेस, आप और समाजवादी पार्टी को कट्टरपंथी दल करार देते हुए ओवैसी ने आरोप लगाया कि ए दल चाहते हैं कि मुसलमान घर पर ही मुसलमान रहें और बाहर होने पर उनकी (दलों की) संस्कृति को स्वीकार करें।

हैदराबाद के सांसद ने कहा, भारत का संविधान आपको अपनी संस्कृति, अपनी पहचान का पालन करने की अनुमति देता है। हम ऐसा घर और बाहर दोनों जगह करते रहेंगे। ओवैसी ने कहा, मैं यहां आपको और सरकार को भी बताने आया हूं कि हमने एक बाबरी मस्जिद खो दी है, लेकिन दूसरी मस्जिद नहीं खोएंगे। उन्होंने हमारी (बाबरी) मस्जिद को चालाकी से और न्याय की हत्या करके छीन लिया, लेकिन याद रखें, आप अब एक और मस्जिद को छीनने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद एक मस्जिद रही है और रहेगी।




नेशनल एकेडमी आफ एग्रिक्लचरल एंड रिसर्च एक कार्यक्रम में छात्रों को सम्मानित करते उपराष्ट्रपति वेंकैया नायूडू

# द आर्चीज से फिल्मी यात्रा आरंभ करेंगी सुहाना खान

भाषा। मुंबई

**फिल्मकार जोया** अख्तर ने शनिवार को घोषणा की कि सुहाना खान, खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा नेटफ्लिक्स पर आने वाली उनकी फिल्म द आर्चीज से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। शाहरुख खान और फिल्म निर्माता बोनी कपूर की बेटियां क्रमशः सुहाना खान और खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा उन सात अभिनेताओं में शामिल हैं, जो लाइव-एक्शन म्यूजिकल फिल्म में दिखाई देंगे। अन्य चार कलाकार सुपर 30 के मिहिर आहूजा, डॉट, युवराज मेंदा और वेदांग रैना शामिल हैं। अख्तर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कलाकारों के बारे में बताते हुए एक टीजर वीडियो साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पुराने स्कूल जैसा कुछ नहीं है। आर्चीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर आ रहे हैं।

फिल्म निर्माता ने एक अन्य पोस्ट में फिल्म का आधिकारिक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें लिखा था, मेमोरी लेन की यात्रा करने के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि आर्चीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने फिल्म के लिए आर्ची कॉमिक्स के साथ साझेदारी की है, जिसे अख्तर और उनकी लंबे समय से सहयोगी रहीं रीमा कागती अपने प्रोडक्शन बैनर टाइगर बेबी के तहत निर्माण कर रही हैं। द आर्चीज 2023 में नेटफ्लिक्स पर



रिलीज होगी। सोशल मीडिया पर कलाकारों को उनके परिवार के सदस्यों से बधाई संदेश मिले। अगस्त्य नंदा की मां श्वेता बच्चन और नाना अमिताभ बच्चन ने ट्वीट किया, एक और उगता सूरज, मेरे नाती तुम्हें आशीर्वाद। अगस्त्य लव यू। सुहाना खान की मां गौरी खान ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर साझा किया और सभी सातों कलाकारों की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा, बधाई। सभी अद्भुत बच्चों और द आर्चीज की टीम को शुभकामनाएं। और इस यात्रा में उनका मार्गदर्शन करने के लिए जोया अख्तर से बेहतर कौन हो सकता है। आपने इसे संभव किया। अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपने छोटी बहन खुशी कपूर के लिए एक बधाई संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा, मेरी बहन खुशी कपूर मैं दुनिया को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती कि आप अंदर और बाहर से कितनी खूबसूरत हैं। आपको चमकते हुए देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। उनके पिता निर्माता पिता बोनी कपूर ने पोस्ट किया, युवा अभिनेताओं का शानदार समूह, इस प्रतिष्ठित फिल्म में काम करने वाले आप सभी के लिए आकाश ही सीमा है। आपके अपने कॅरियर की बेहतर शुरुआत के लिए नहीं कहा। जोया और उनकी टीम के साथ काम करना सपने के समान है क्योंकि वे बेहतर से कम पर समझौता नहीं करतीं।

## मांओं के लिये सुनिश्चित करें सेहतमंद जिंदगी

**मुंबई।** सही मायने में मांओं को परिवार का स्तंभ कहा जाता है हर मां के लिये चाहे वह कामकाजी हों या फिर गृहिणी उनके लिये काम का कोई अंत ही नहीं होता उनकी कोशिशों के सम्मान और मदरहुड का जश्न मनाने के लिये पूरी दुनिया में 8 मई को मदर्स डे मनाया जाता है । स्तनपान कराने वाली मांओं के लिये जरूरी पोषक के बारे में बताते हुए रितिका समद्दर रीजनल हेड मैक्स हेल्थकेयर दिल्ली ने कहा अच्छा पोषण मांओं के लिये जरूरी होता है खासकर प्रेग्नेंसी के बाद यह ब्रेस्ट मिल्क की गुणवत्ता को बेहतर कर सकता है और पोस्टपार्टम के दौरान प्रसव के बाद मददगार हो सकता है इस दौरान स्तनपान कराने वाली मांओं को प्रोटीन कैल्शियम और आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ उनके खाने में शामिल करना चाहिए जैसे अंडे, दूध, सब्जियां और फल स्वास्थ नाश्ते के लिये स्तनपान कराने वाली मांएं मुट्ठीभर बादाम खा सकती हैं क्योंकि यह संतुष्टि देने वाला पौष्टिक होता है और इसमें काफी सारे जरूरी पोषक तत्व होते हैं बादाम विटामिन ई एंटीऑक्सीडेंट्स डाइटरी फाइबर राइबोफ्लेविन फॉस्फोरस मैग्नीपशियम कॉपर प्रोटीन मैग्नीज़ और कैल्शियम से भरपूर माने जाते हैं।

## ड्राइवरों का कौशल विकास करेगा टाटा

**मुंबई।** टाटा मोटर्स फ़ाइनेंस ड्राइवर समुदाय को सशक्त बनाने में विश्वास करता है , जो भारत के विशाल परिवहन और लोजिस्टिक्स उद्योग के प्रमुख स्तंभों में से एक। उसने हाल ही में प्रोजेक्ट आकांक्षा फ्लैगशिप स्किलिंग प्रोग्राम लॉन्च किया। इस प्रयास में एक और कदम उठाया, जिसके तहत देश भर में 25000 से अधिक ड्राइवरों को कौशल,आधारित ट्रैनिंग दी जाएगी। उद्देश्य सामूहिक गुड फ़ाउंडेशन संहिता के सहयोग से । परियोजना को एक समग्र और व्यापक उत्थान कार्यक्रम के रूप में डिजाइन किया गया है जिसमें वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता, व्यवसाय से संबंधित कौशल के साथ-साथ जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया है। इस परियोजना में ड्राइवरों के वित्तीय भविष्य की सुरक्षा के लिए बहु,शहर व्यापक उत्थान और नकदी प्रवाह रखरखाव कार्यक्रम पर शामिल है। ड्राइवरों को प्रासंगिक विशेषज्ञता हासिल करने में मदद करने के लिए कार्यक्रम अकादमिक और व्यावहारिक सत्रों का एक संयोजन है। प्रोजेक्ट आकांक्षा न केवल साल-दर-साल प्रशिक्षण के पैमाने में वृद्धि करके उच्च प्रभाव सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है बल्कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में भी वृद्धि की जा रही है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ड्राइवर किसी भी वातावरण में पनपने के लिए तैयार रहे। अब तक 15 शहरों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है , जैसे अंबाला, अनूपपुर,भोजपुर, गुवाहाटी, ग्वालियर, हैदराबाद, लखीमपुर, लखनऊ, मुंबई, मुजफ्फरपुर, नमक्कल, पटना, पुणे, विजाग और विजयवाड़ा, जिसमे 8000 से अधिक ड्राइवर शामिल हैं। मानव संसाधन अधिकारी पुनीत पुरी ने बताया कि राजमार्ग निर्माण की तेज गति के साथ-साथ ई-कॉमर्स भी तेजी से बढ़रहा है। इससे अगले कुछ वर्षों में भारतीय कमर्शियल वाहन मार्किट में विकास देखने को मिलेगा ।

## एसजीपीसी को खालिस्तान की मांग का विरोध करना चाहिए : बिट्टा

**शिमला।** ऑल इंडिया एंटी-टेररिस्ट फ्रंट (एआईएटीएफ) के प्रमुख मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने शनिवार को कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को अतिवादियों द्वारा खालिस्तान की मांग का विरोध करना चाहिए। बिट्टा ने मीडिया से कहा कि उन्होंने हमेशा कहा है कि एसजीपीसी को इस मांग का विरोध करना चाहिए। धर्मशाला में राज्य विधानसभा परिसर के द्वार पर खालिस्तानी झंडे लगाए जाने के कुछ दिनों बाद बिट्टा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सिखों को भी राज्य के गुरुद्वारों में मांग का विरोध करने के लिए इकट्ठा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खालिस्तान कभी अस्तित्व में नहीं था और न ही भविष्य में कभी होगा। बिट्टा ने कहा कि केंद्र को सिख फॉर जस्टिस के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून समेत खालिस्तानी नेताओं के खिलाफ धमकी और खालिस्तान समर्थक बयान जारी करने के लिए सख्त कार्वाई करनी चाहिए।

# जी-सात ने यूक्रेन में युद्ध से खाद्य संकट गहराने के प्रति आगाह किया



यूक्रेन में यूक्रेन सेना के अधिकारी अपने तीन शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए

एपी। वेसेनहॉस (जर्मनी)

**विकसित** अर्थव्यवस्था वाले सात देशों के समूह ने शनिवार को आगाह किया कि यूक्रेन में युद्ध वैश्विक खाद्य और ऊर्जा संकट को भड़का रहा है जिससे गरीब देशों को खतरा है। जी-सात ने कहा कि यूक्रेन में अनाज के भंडार को खोलने के लिए तत्काल उपायों की आवश्यकता है जिसके मार्ग में रूस अड़चनें पैदा कर रहा है।

जर्मनी के बाल्टिक सागर तट पर स्थित वेसेनहॉस में तीन दिवसीय बैठक के अंत में जारी एक बयान में जी-सात ने सबसे कमजोर लोगों को और मानवीय सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया। बैठक की मेजबानी करने वालीं जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बारबॉक ने कहा कि युद्ध एक वैश्विक संकट बन गया है। बारबॉक ने कहा कि आने वाले महीनों में पांच करोड़ लोग विशेष रूप से अफ्रीका और मध्य पूर्व में, भुखमरी का सामना करेंगे, जब तक कि यूक्रेन के अनाज भंडार को जारी के तरीके नहीं मिल जाते। जी-सात ने बयान में कहा, रूस के युद्ध ने हाल के इतिहास में सबसे गंभीर खाद्य और ऊर्जा संकटों में से एक को उत्पन्न किया है, जो अब दुनिया भर में सबसे कमजोर लोगों के लिए खतरा बन गया है। बयान में कहा गया, हम वैश्विक खाद्य सुरक्षा को सुरक्षित करने के लिए एक समन्वित बहुपक्षीय उपाय में तेजी लाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं और इस संबंध में अपने सबसे कमजोर भागीदारों के साथ खड़े हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि उनका देश यूरोपीय बंदरगाहों पर जहाज भेजने के लिए तैयार है ताकि यूक्रेन का अनाज जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। जी-सात में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं। जी-सात देशों ने चीन से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की अवहेलना कर रूस की मदद नहीं करने और यूक्रेन में रूस की कार्वाई को उचित नहीं ठहराने का आह्वान किया। जी-सात के विदेश मंत्रियों ने कहा कि बीजिंग को यूक्रेन की संप्रभुता और स्वतंत्रता का समर्थन करना चाहिए, न कि रूस युद्ध में रूस की सहायता करनी चाहिए।

### रूस ने खारकीव से सैनिक हटाए, पूर्व में मोर्चाबंदी मजबूत की: यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने शनिवार को दावा किया कि रूस उसके दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव से अपने सैनिकों को हटा रहा है। साथ ही यूक्रेन ने कहा कि रूस अब पूर्वी क्षेत्र पर कब्जे के लिए लड़ाई में संलिप्त है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा कि रूसी सैनिक उत्तरपूर्वी शहर खारकीव से पीछे हट रहे हैं और अब अपना पूरा ध्यान आपूर्ति मार्ग की सुरक्षा पर केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी इलाके दोनेत्स्क में मोर्टार, तोपों के साथ-साथ हवाई हमले शुरू किए हैं ताकि यूक्रेनियाई सैनिकों को निशाना बनाया जा सके और उनकी मोर्चाबंदी को नष्ट किया जा सके। यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव ने कहा, यूक्रेन दीर्घकालिक युद्ध के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। यूक्रेन के शीर्ष अभियोजक ने रूसी सैनिकों पर युद्ध अपराध की सुनवाई की शुरुआत की है, जिसमें दर्जनों सैनिकों को मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनियाई अपनी अधिकतम कोशिश आक्रमकारियों को निकालने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि युद्ध के नतीजे यूरोप और अन्य साझेदारों के सहयोग पर निर्भर करेगा। जेलेंस्की ने शुक्रवार देर रात वीडियो संबोधन में कहा, कोई नहीं पूर्वानुमान लगा सकता कि यह युद्ध कितना लंबा चलेगा। यूक्रेन डोनबास में आक्रमक है। यूक्रेन का यह पूर्वी औद्योगिक इलाका है। इन इलाकों में गांव-दर गांव लड़ाई हो रही है और दोनों पक्षों को कोई बड़ी सफलता मिलती नहीं दिख रही है। यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करने में असफल होने के बाद रूसी सेना ने डोनबास इलाके पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। लेकिन यहां पर भी जमीनी बढ़त बनाने में उसे मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। जेलेंस्की ने दावा किया कि यूक्रेन की सेना ने बढ़त हासिल की है और गत एक दिन में छह यूक्रेनियाई शहरों या गांवों को अपने कब्जे में लिया है। पश्चिमी (देशों के) अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन ने रूसी सैनिकों को खारकीव से पीछे धकेल दिया है जो मॉस्को का अहम लक्ष्य था। एक पश्चिमी अधिकारी ने कहा, रूसी सैनिकों ने हाल में कोई बड़ी रणनीतिक बढ़त हासिल नहीं की है। एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए कहा, यूक्रेनियाई लगातार खेरसन और खारकीव के आसपास जवाबी कार्वाई कर रहे हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह लंबा संघर्ष होगा। डोनबास क्षेत्र में लुहंस्क के लिए यूक्रेनियाई सेना के प्रमुख ने शुक्रवार को कहा था कि उनके सैनिकों का रुबिज़ूने शहर पर पूरा कब्जा है जहां की आबादी करीब 55 हजार है।

## कोई अनुमान नहीं लगा सकता कि युद्ध कब तक चलेगा : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लोग रूसियों को देश से बाहर निकालने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आज कोई यह अनुमान नहीं लगा सकता कि यह युद्ध कब तक चलेगा। जेलेस्की ने राष्ट्र के नाम अपने रात्रि वीडियो संबोधन में कहा, यह दुर्भाग्य से न केवल हमारे लोगों पर निर्भर करेगा, जो पहले से ही अपना अधिकतम दे रहे हैं, बल्कि यह हमारे भागीदारों पर, यूरोपीय देशों पर, पूरी स्वतंत्र दुनिया पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि वह उन सभी के आभारी हैं जो रूस पर प्रतिबंधों को मजबूत करने और यूक्रेन को दी जा रही सैन्य एवं वित्तीय सहायता बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, यह रूसी आक्रमण के सामने स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एकमात्र उपाय है। पश्चिमी देशों के लिए यह केवल एक खर्च या खर्च के हिसाब के बारे में नहीं है, यह भविष्य के बारे में है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने शुक्रवार को युद्ध के दौरान 200 वें रूसी विमान को मार गिराया और उन्होंने टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोन के लिहाज से रूस को भारी नुकसान पहुंचाया है। जेलेंस्की ने कहा, और किसलिए? ताकि लेनिन की मूर्ति अस्थाई रूप से कब्जे वाले जेनिचेस्क में कुछ देर तक और खड़ी रह सके? रूस के लिए और कोई परिणाम नहीं हो सकता है। अप्रैल में रूसी सेना ने दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र के एक शहर जेनिचेस्क में लेनिन की प्रतिमा को फिर से स्थापित किया था। जेलेंस्की ने कहा कि मारियुपोल इस्पात संयंत्र में फंसे घायल लड़ाकों को निकालने की कोशिश के लिए यूक्रेन बहुत मुश्किल बातचीत में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा, हम बड़ी संख्या में लोगों को निकालने के बारे में बात कर रहे हैं। बेशक, हम सभी अपने हर रक्षक को निकालने के लिए सब कुछ कर रहे हैं।

# सिर्फ पेड़ जलवायु परिवर्तन का मुकम्मल इलाज नहीं: अध्ययन

द कन्वरेशन। सॉल्ट लेक सिटी (अमेरिका)

**जब** लोग जलवायु परिवर्तन को कम करने के तौर-तरीकों के बारे में बात करते हैं तो वे अक्सर अच्छे परिप्रेक्ष्य में पेड़ों का जिक्र करते हैं। वन पृथ्वी को गर्म करने वाली कार्बन डाइऑक्साइड की बड़ी मात्रा को अवशोषित कर लेते हैं, जो लोगों के जीवाश्म ईंधन जलाने से वातावरण में पैदा होती है। यही वन जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस देते हैं। लेकिन यह अरबों डॉलर का सवाल है कि क्या पेड़ वैश्विक ताप वृद्धि को देखते हुए इस गति को बरकरार रख पाएंगे? तेजी से वनों में निवेश कर रही कंपनियों ने कहा कि पेड़ निरंतर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को खत्म करता है। पत्रिका साइंस एंड इकोलॉजी लेटर्स में 12 मई 2022 को प्रकाशित दो अध्ययनों के नतीजों में ए नए सवाल उठाए गए हैं कि दुनिया भविष्य में तापमान वृद्धि के मद्देनजर कार्बन की बढ़ती मात्रा का भंडार करने को लेकर वनों पर कितना निर्भर कर सकती है। दोनों अध्ययनों में शामिल पारिस्थितिकी वैज्ञानिक एंडेरेग ने इसका जवाब दिया है। नया अध्ययन पेड़ों तथा कार्बन को सोखने की उनकी क्षमता के बारे में हमें क्या बताता है? जंगलों का भविष्य चाकू की धार पर है, जो दो बहुत महत्वपूर्ण ताकतों के बीच का युद्ध है : कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते स्तर से पेड़ों को मिलने वाले फायदे और गर्मी, सूखा, आग, कीटनाशक तथा रोगजनकों जैसी जलवायु का सामना करने से पड़ने वाला दबाव।

धरती वैज्ञानिकों के अनुमान से कहीं ज्यादा गर्म हो रही है। हम जंगलों में आग लगने की घटनाएं देख रहे हैं और सूखे की वजह से जंगल अनुमान से पहले समाप्त हो जाते हैं। जब ए पेड़ समाप्त हो जाते हैं तो कार्बन वापस वातावरण में चली जाती है। हम उन फायदों के सबूत भी देख रहे हैं कि पेड़ों को कार्बन डाइऑक्साइड के उच्च स्तर से मिलती है।

## न्यायाधीश ने ट्रंप के खिलाफ चुनावी मुकदमा वापस लेने से इनकार किया

एपी। न्यूयॉर्क

**कोलोराडो** के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान, उससे जुड़े दो वकीलों और मुट्ठीभर रूढ़िवादी मीडिया संगठनों के खिलाफ एक चुनाव प्रणाली कार्यकर्ता द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे को खारिज करने से इनकार कर दिया। जिला न्यायाधीश मैरी एवरी मूसा ने 136 पन्नों के अपने फैसले में एरिक कूमर द्वारा दायर मुकदमे को खारिज करने के लिए प्रतिवादियों की ओर से दिए गए विभिन्न तर्कों को ठुकरा दिया।

### बाइडन ने आसियान के लिए राजदूत को नामित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह अपने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सहयोगियों में से एक को दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ के राजदूत के तौर पर नामित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य उनके प्रशासन की प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करना है। बाइडन ने योहानिस अब्राहम को 10 देशों के संघ में अमेरिकी प्रतिनिधि के तौर पर नामित किया है। वह व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के चीफ ऑफ स्टाफ हैं। बाइडन ने दो दिवसीय विशेष सम्मेलन के लिए वाशिंगटन में जुटे आसियान के नेताओं से बातचीत करने के बाद यह घोषणा की।

### ट्रेमर्स , द राइट स्टफ से प्रसिद्ध अभिनेता फ्रेड वार्ड का निधन

**न्यूयॉर्क।** द राइट स्टफ , द प्लेयर और ट्रेमर्स जैसी फिल्मों में कठिन किरदारों को कोमलता से निभाने वाले अनुभवी अभिनेता फ्रेड वार्ड का निधन हो गया है। वह 79 वर्ष के थे। फ्रेड के प्रचारक रॉन हॉफमैन ने शुक्रवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिवार की इच्छा के अनुसार मृत्यु का कोई कारण या स्थान नहीं बताया गया। वार्ड ने गोल्डन ग्लोब जीता था। रॉबर्ट ऑल्टमैन के शॉर्ट कट्स में अपने प्रदर्शन के लिए वेनिस फिल्म फेस्टिवल का पुरस्कार जीता था। इसके अलावा रेमो विलियम्सः द एडवेंचर बिगिन्स में रेमो का चरित्र निभाया था।

## विक्रमसिंघे ने मंत्रिमंडल में चार मंत्रियों को शामिल किया

**कोलंबो।** श्रीलंका में रानिल विक्रमसिंघे ने शनिवार को अपने मंत्रिमंडल में चार मंत्रियों को शामिल किया। मंत्रिमंडल में जी एल पीरिस को विदेश मंत्री के रूप में शामिल किया गया है। एक ऑनलाइन समाचार पोर्टल डेली मिरर की खबर के अनुसार दिनेश गुणवर्धने को लोक प्रशासन मंत्री, पीरिस को विदेश मंत्री, प्रसन्ना रणतुंगा को शहरी विकास एवं आवास मंत्री और कंचना विजेसेकारा को बिजली एवं ऊर्जा मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। पीरिस महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार में भी विदेश मंत्री थे। खबर के अनुसार, सरकारी सूत्रों ने कहा कि विक्रमसिंघे के मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या 20 तक रहने की उम्मीद है। इस बीच श्रीलंका में सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) ने नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को समर्थन देने का फैसला किया है ताकि उन्हें सदन में बहुमत साबित करने में मदद मिल सके। विक्रमसिंघे के पास संसद में केवल एक सीट है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने कहा है कि वे विक्रमसिंघे के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में पद नहीं लेंगे, लेकिन आर्थिक संकट से निपटने के लिए उनके कदमों का समर्थन करेंगे।

### लिस्टेड फैन्स ने जुटाया 16 लाख डॉलर का वित्त

**नई दिल्ली।** लिस्टेड फैन्स ने व्हाइटबोर्ड कैपिटल और गुडवॉटर कैपिटल की अगुआई में हुए वित्तपोषण दौर में 16 लाख डॉलर यानी करीब 12.39 करोड़ रुपए जुटाए हैं। लिस्टेड फैन्स एक ऐसा मंच है जो उन लोगों को सोशल टोकन जारी करता है जिनके सोशल मीडिया पर प्रशंसकों की बड़ी संख्या होती है। यह टोकन किसी क्रिएटर या प्रोजेक्ट की भावी कमाई में हिस्सेदारी दर्शाता है। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि वित्तपोषण पाने की इस कवायद में लिस्टेड फैन्स ने 16 लाख डॉलर जुटाए हैं। फैन्स ने पहले ही सोशल मीडिया पर सक्रिय 35 कंटेंट क्रिएटरों को अपने साथ जोड़ लिया है। जो आने वाले कुछ हफ्तों में अपना आईपीओ (इनिशियल पर्सन ऑफरिंग) लेकर आने वाले हैं।

### पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड का आईपीओ 17 को खुलेगा

**भुवनेश्वर।** पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड 17 मई 2022 को अपनी आईपीओ खोलने के लिए। एंकर निवेशक बोली प्रस्ताव लायेगा। इस अवधि खोलने की तारीख से एक कार्य दिवस है, जो कि मई है 13 2022 था। ऑफर का प्राइस बैंड 39 प्रति इक्विटी शेयर से 42 प्रति इक्विटी शेयर 10 के फेस पर तय किया गया है। न्यूनतम 350 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 350 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। इश्यू ऑफर में शामिल हैं। इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू 10 प्रत्येक शेयर का कुल मूल्य 10,040 मिलियन फ्रेश इश्यू और प्रमोटर सेलिंग शेयर होल्डर्स और भारत सरकार के सेलिंग शेयरहोल्डर द्वारा 118,507,493 इक्विटी शेयरों तक बिक्री के लिए प्रस्ताव। नए निर्गम से शुद्ध आय का उपयोग,अधिग्रहण के लिए आंशिक,वित्तपोषण करना है।

### सुंदरम फाइनेंस का लाभ बढ़ा

**चेन्नई।** सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी सुंदरम होम फाइनेंस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कंपनी रियल एस्टेट क्षेत्र की दीर्घकालिक संभावनाओं को लेकर आशावादी है और इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और भी मजबूत करेगी।

# आटा मिलों के संगठन ने गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का स्वागत किया

भाषा। नई दिल्ली

**आटा** मिलों के संगठन आरएफएमएफआई ने शनिवार को गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे घरेलू आपूर्ति को लेकर बाजार में अनावश्यक घबराहट को रोकने के साथ ही किसी तरह की मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी। रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफएमएफआई) के अध्यक्ष अंजनी अग्रवाल ने कहा कि संगठन ने गेहूं निर्यात के नियमन के बारे में सरकार से अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, मौजूदा स्थिति में सरकार द्वारा लिया गया यह एक बहुत अच्छा निर्णय है। इससे देश में गेहूं की आपूर्ति और कीमतों के बारे में अनावश्यक घबराहट पर लगाम लगाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जून में समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2021-22 में गेहूं का उत्पादन घटकर 9.5-9.8 करोड़ टन तक रहने की संभावना है। अगर गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया होता तो देश को कुछ महीनों के बाद गेहूं का आयात करना पड़ता। निर्यात पर रोक लगने के बाद गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतें अभी स्थिर रहेंगी। आटा (खुदरा) की कीमतें 26-28 रुपए प्रति किलोग्राम पर चल रही हैं, जबकि पैकेज्ड आटे की कीमतें 28-30 रुपए प्रति किलोग्राम हैं। उन्होंने सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए कहा, आटा की कीमतें 40 रुपए प्रति किलो या इससे भी ज्यादा हो सकती थीं। लेकिन अब इसकी कीमतें स्थिर होंगी। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, भारत ने बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

### गेहूं निर्यात पर रोक लगाने के फैसले से भारत कृषक समाज नाखुश

**नई दिल्ली।** किसान संगठन भारत कृषक समाज (बीकेएस) ने गेहूं निर्यात पर पाबंदी को लेकर शनिवार को नाखुशी जताते हुए कहा कि कृषि उत्पादों के निर्यात पर पाबंदी लगाना किसानों के लिए एक अप्रत्यक्ष कर की तरह है। बीकेएस ने कहा कि सरकार के इस कदम की वजह से किसान उंची वैश्विक कीमतों का लाभ नहीं उठा सकेंगे और भारत भी भरोसेमंद कारोबारी साझेदार के तौर पर अपनी विश्वसनीयता खो देगा। बीकेएस के अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह दुख की बात है कि भारत ने गेहूं निर्यात पर पाबंदी लगा दी। कृषि उत्पादों के निर्यात पर रोक लगाना किसानों के लिए एक अप्रत्यक्ष कर है। उन्होंने कहा कि पाबंदी लगाने के कारण कृषि उत्पादों की मूल कीमत कम हो जाती है और किसानों को उंची लागत अदा करने पर भी जिंसों के बढ़ते दामों का लाभ नहीं मिल पाता। जाखड़ ने कहा, आज न केवल व्यापारी बल्कि किसान भी गेहूं का भंडार खो देंगे। निर्यात पर इस तरह की रोक के कारण ही किसान बाजार सुधारों पर भरोसा नहीं करते। इससे भरोसा और टूटता है। उन्होंने कहा दुनियाभर में खाद्य वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र ने भी देशों से अपील की है कि वे अचानक ऐसी घोषणाएं न करें।

## श्रीलंका को 65,000 टन यूरिया की तत्काल आपूर्ति करेगा भारत

**कोलंबो।** गहरे आर्थिक एवं राजनीतिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को भारत ने 65,000 टन यूरिया की तत्काल आपूर्ति का भरोसा दिलाया है जिसका इस्तेमाल धान की खेती में किया जाएगा। स्थानीय मीडिया में शनिवार को प्रकाशित खबरों के मुताबिक, नई दिल्ली स्थित श्रीलंकाई उच्चायुक्त मिलिंदा मोरागोडा ने गत बृहस्पतिवार को उर्वरक सचिव राजेश कुमार चतुर्वेदी के साथ मुलाकात में उर्वरक का मुद्दा उठाया। इस दौरान चतुर्वेदी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारत जल्द ही श्रीलंका को 65,000 टन यूरिया की आपूर्ति करेगा। श्रीलंका के उच्चायोग ने एक संदेश में इस मदद के लिए भारत को धन्यवाद देते हुए कहा कि फसलों के चालू याला सत्र के लिए यूरिया की आपूर्ति करने का फैसला भारत ने यूरिया आपूर्ति पर लगाई पाबंदी के बावजूद लिया है। इसके पीछे श्रीलंका को धान की खेती वाले याला सत्र में तत्काल मदद पहुंचाने का उद्देश्य है। इस कदम के लिए श्रीलंकाई उच्चायुक्त ने चतुर्वेदी के प्रति आभार जताया तो उर्वरक सचिव ने कहा कि यह फैसला पड़ोसी पहले की भारतीय नीति के अनुरूप है। चतुर्वेदी ने कहा कि यूरिया की इस खेप को जल्द-से-जल्द श्रीलंका पहुंचाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## ज़ी एंटरटेनमेंट का प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष केंद्र बेंगलुरु में शुरू

**बेंगलुरु।** मनोरंजन जगत की कंपनी ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (ज़ी) ने बेंगलुरु में अपना प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष केंद्र शुरू हो जाने की घोषणा की है। इस केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने किया। इस अवसर पर ज़ी के डिजिटल कारोबार एवं मंच प्रमुख अमित गोयनका और टेक्नोलॉजी ऐंड डेटा प्रमुख नितिन मित्तल भी मौजूद थे। ज़ी ने एक बयान में कहा कि 80,000 वर्ग फुट में फैला यह केंद्र प्रौद्योगिकी, डेटा एवं कौशल का मजबूत मेल करने के लिए कंपनी का केंद्र साबित होगा। ज़ी समूह की कंपनी ने कहा कि इस केंद्र से हासिल होने वाली क्षमता का फायदा विभिन्न मंचों तक कंपनी की पहुंच बनाने और व्यक्तिगत सामग्री तथा आपूर्ति मुहैया करवाने में किया जाएगा।

### महिलाओं ने हर क्षेत्र में काबिलियत साबित की, समुद्री क्षेत्र भी अपवाद नहीं: लेखी

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शनिवार को कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित की है और समुद्री क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री लेखी ने यहां समुद्री क्षेत्र की महिलाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के उद्घाटन समारोह में शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) की महिला अधिकारियों के साथ शिरकत करते हुए कहा कि भारतीय नौसेना में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक 6.5 फीसदी है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, लेखी ने समुद्री उद्योग की महिला कर्मचारियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस क्षेत्र में महिलाओं की संख्या महज दो फीसदी है। यह कार्यक्रम एससीआई ने समुद्री क्षेत्र की महिलाओं के पहले अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित किया। अब हरेक साल 18 मई को यह दिवस मनाया जाएगा। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन ने 18 मई को समुद्री क्षेत्र की महिलाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने का प्रस्ताव अपनाया था।

### फर्स्ट मेरिडियन ने सेबी में डीआरएचपी फाइल की

**मुंबई। भारत** की तीसरी सबसे बड़ी स्टाफि ंग कंपनी फर्स्ट मेरिडियन बिजनेस सर्विसेज लिमिटेडए 31 मार्चए 2021 को समाप्त वर्ष के लिए राजस्व के मामले में फ्रास्ट एंड सुलिवन के अनुसार ने पूंजी बाजार नियामक (सेबी) के साथ धन जुटाने के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। बैंगलोर स्थित एचआर सर्विसेज प्लेटफॉर्म की 800 करोड़ रुपये की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर रु 150 करोड़ और बिक्री के लिए एक प्रस्ताव कुल मिलाकर बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 750 करोड़। ओएफएस में रुपये शामिल हैं। मैनपावर सॉल्यूशंस लिमिटेड द्वारा 665 करोड़ रु न्यू लेन ट्रेडिंग एलएलपी द्वारा 45 करोड़ और रु।

### गतिशक्ति संचार पोर्टल का आगाज, आरओडब्ल्यू को कानूनी आधार दिसंबर तक मिलेगा: वैष्णव

**नई दिल्ली।** दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को गतिशक्ति संचार पोर्टल का उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे फाइबर लाइन बिछाने तथा टॉवर लगाने की मंजूरी जल्द मिलने के साथ केंद्रीकृत भी हो जाएगी और आगामी 5जी सेवा भी जल्द शुरू हो सकेगी। वैष्णव ने यह भी कहा कि मार्ग का अधिकार (आरओडब्ल्यू) व्यवस्था को दिसंबर तक कानूनी समर्थन मिल जाएगा। गतिशिक्ति संचार पोर्टल से केंद्रीकृत आरओडब्ल्यू मंजूरी की सुविधा मिलने लगेगी। पोर्टल की शुरुआत करते हुए वैष्णव ने कहा कि आरओडब्ल्यू के लिए कानूनी प्रावधानों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दिसंबर महीने तक इसके लिए मजबूत कानूनी समर्थन तैयार कर लिया जाएगा। उद्योग 5जी सेवाओं समेत अन्य दूरसंचार अवसंरचना के विकास के लिए आरओडब्ल्यू मंजूरी पाने की खातिर इस पोर्टल पर आवेदन दे सकेंगे।

# डेल्हीवरी में विकास की भरपूर संभावनाएं: वेंचुरा

नोएडा

**डेल्हीवरी** को भारत में ई.कॉमर्स के विकास की प्रतिनिधि कंपनी बताते हुए प्रमुख ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज ने रिपोर्ट में कहा है कि लॉजिस्टिक्स फर्म डेल्हीवरी के पास विकास की भरपूर संभावनाएं हैं और कंपनी मुनाफा अर्जित करने के बेहद करीब है। भारतीय लॉजिस्टिक्स बाजारों की बिखरी-बिखरी प्रकृति का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि डेल्हीवरी एक सस्टेनेबल बिजनेस लीडर के तौर पर उभर रही है, जिसका कुल मार्केट साइज 316 बिलियन डॉलर है। कंपनी का आईपीओ ऐसे समय में आया है, जब भारत सरकार अपनी प्रमुख पहल, पीएम गतिशक्ति कार्यक्रम सहित कई उपायों के माध्यम से इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े विकास को लेकर अपने निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस कदम से कंपनी को लंबी अवधि में फायदा होने की संभावना है। वेंचुरा सिक्योरिटीज द्वारा हाइलाइट की गई डेल्हीवेरी की कुछ विशिष्ट खूबियों में तेजी से बढ़ता राजस्व भी शामिल है, जिसके बारे में वेंचुरा का अनुमान है कि डेल्हीवेरी का राजस्व 56.7 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ेगा जो वित्त वर्ष 2024 तक 14026 करोड़ रुपये की राशि को छूएगा।

### कार्बोरंडम यूनिवर्सल का शुद्ध लाभ 7.6 प्रतिशत बढ़कर 62 करोड़ रुपए हुआ

**चेन्नई।** औद्योगिक सिरेमिक उत्पाद बनाने वाली कंपनी कार्बोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड का वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 7.6 प्रतिशत बढ़कर 61.91 करोड़ रुपए हो गया। मुरुगप्पा समूह की इस कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसका एकल लाभ 57.52 करोड़ रुपए रहा था।

# एअर इंडिया की अगुआई करना एक शानदार अवसर: नवनियुक्त सीईओ

भाषा। नई दिल्ली

**कैंपबेल** विल्सन ने एअर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) के तौर पर अपनी नियुक्ति के बारे में कहा कि एक एतिहासिक एयरलाइन की अगुआई करना एक शानदार अवसर है। विल्सन ने कहा कि इस नई भूमिका में उन्हें बहुत चुनौतीपूर्ण काम करना है। वह अभी सिंगापुर एयरलाइंस के पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी स्कूट एयर के सीईओ हैं। सिंगापुर एयरलाइन्स (एसआईए) टाटा समूह के संयुक्त उद्यम वाली एयरलाइन विस्तार में साझेदार है। टाटा संस ने विल्सन को अपनी विमानन कंपनी एयर इंडिया का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। स्कूट के कर्मचारियों को शुक्रवार को भेजे संदेश में विल्सन ने कहा, मैंने कार्यकारी दल और कर्मचारी संगठन के नेताओं को स्कूट और एसआईए समूह से अपने इस्तीफे के बारे में बता दिया है।

### फ्यूचर रिटेल के मुख्य वित्तीय अधिकारी सी पी तोशनीवाल ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबे फ्यूचर रिटेल समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) सी पी तोशनीवाल ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है जो 12 मई से प्रभावी होगा। तोशनीवाल का इस्तीफा हाल ही में कंपनी के कई बड़े अधिकारियों के इस्तीफे के बाद आया है। दरअसल, अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने फ्यूचर रिटेल के साथ होने वाले 24,713 करोड़ रुपए के संभावित सौदे को पिछले महीने रद्द कर दिया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज के लेनदारों ने इस सौदे के खिलाफ मतदान किया था। इस सौदे के रद्द होने के बाद फ्यूचर रिटेल के कई शीर्ष अधिकारियों ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा देना शुरू कर दिया था।

### राम बाबू प्रसाद बने सीसीएल के नए निदेशक (तकनीकी)

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के नए निदेशक (तकनीकी) के तौर पर राम बाबू प्रसाद ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। सीसीएल की एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, निदेशक (तकनीकी) का पद भोला सिंह के एक जनवरी को नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक बनने के बाद से ही रिक्त था। अब प्रसाद निदेशक (तकनीकी) बनाए गए हैं। इसके पहले वह एनसीएल के महाप्रबंधक (खनन) के तौर पर काम कर रहे थे।

# समाधान दिवस में एसडीएम सीओ ने सुनीं जनसमस्याएं

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**महीने** के दूसरे शनिवार को सर्किल के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन थानों में आईं 12 शिकायतों में 3 समस्याएं मौके पर ही निस्तारित कर दीं गई।

नदीगांव थाना में एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता और सीओ शाहिदा नसरीन की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में 5 शिकायतें आईं जिनमें एक का भी निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। सभी शिकायतें जमीनी विवाद को लेकर थीं। एसडीएम ने अधीनस्थों को हिदायत दी कि समस्या की प्रकृति देखकर उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान करें ताकि वही समस्या दोबारा से समाधान दिवस के पटल पर न आए। इस अवसर पर थाना प्रभारीध्ट्रेनी सीओ गौरव सिंह, लेखपाल एवं शिकायतकर्ता मौजूद रहे। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही की अध्यक्षता में निपटे समाधान दिवस में 6 शिकायतें आईं जिनमें 2 का समाधान मौके पर ही कर दिया गया जबकि राजस्व से जुड़ी शेष समस्याओं के निराकरण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें गठित की गई हैं जो मौकों पर जाकर उनका निस्तारण करेंगी। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र सिंह, एसएसआई आनंद कुमार सिंह, दरोगा संतराम कुशवाहा, रामविनोद, खेमचंद्र तथा कोतवाली क्षेत्र के गांवों के लेखपाल आदि मौजूद रहे। कैलिया थाने में आई 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।



थाना दिवस में समस्यायें सुनते एसडीएम व सीओ — पायनियर

## घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोप में दर्ज हुआ मुकदमा

**कोंच (जालौन)।** गत रोज एक महिला ने गांव के ही व्यक्ति पर घर में घुसकर उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई थी।वहीं पुलिस ने शनिवार को घटना में आरोपी बनाये गये संतराम पुत्र घमंडी निवासी बेड़ा के खिलाफ दफा 354,457 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। विदित हो कि कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़ा की रहने वाली एक महिला ने गत गुरुवार को थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि बीती 3 मई की सुबह करीब 4 बजे उसका पति व बच्चे शौंचक्रिया हेतु घर से बाहर गये हुए थे तभी अकेला मौका पाकर गांव का ही व्यक्ति संतराम उसके घर में घुस आया था और उसके बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया था जिसके बाद उसने बलपूर्वक उसके साथ दुष्कर्म किया।घर से बाहर भागते समय पति व बच्चों समेत मुहल्ले के कई ग्रामीणों ने उसे देख लिया लेकिन वह भागने में कामयाब हो गया था।

# डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा संयुक्त रुप से थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना बखिरा पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में जनपद के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### स्वरोजगार शिविर आयोजित

जालौन (उरई)। ग्रामीण युवाओं अति शीघ्रता को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र पंचायत कार्यालय परिसर में संचालित इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 8 जून से घरेलू बिजली उपकरणों की मरम्मत का प्रशिक्षण शिविर शुरू होने जा रहा है। 30 जून तक चलने वाले प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है।

# कुठौंदा बुजुर्ग में खेल गतिविधियां शुरू कराने के दिए गए निर्देश

संवाददाता। जालौन (उरई)

**कुठौंदा** बुजुर्ग में खेल सामग्री मिलने के बाद भी खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो सकी हैं। समाजसेवी की शिकायत पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ने खेल के मैदान का निरीक्षण कर दो दिन में खेल गतिविधियां शुरू कराने के निर्देश ग्राम प्रधान को दिए।

कुठौंदा बुजुर्ग में खेल के लिए मैदान उपलब्ध न होने पर खलिहान की भूमि को खलिहान न होने के समय खेल के मैदान के रूप में उपयोग किए जाने के लिए चिन्हित किया गया था। साथ ही ग्राम पंचायत में गठित युवक मंगल दल व महिला मंगल दल के सदस्यों को खेल किट भी उपलब्ध करा दी गई थी। इसके बावजूद अभी तक न तो खेल के मैदान को सही किया गया और न ही खेल गतिविधियां शुरू हुई थीं। जिसको लेकर समाजसेवी गजेंद्र सिंह सेंगर द्वारा जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह से शिकायत की गई थी। जिसका संज्ञान लेकर जिला युवा कल्याण अधिकारी ने ब्लॉक में तैनात क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को खेल गतिविधियां प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए थे। जिला युवा कल्याण अधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने शनिवार को गांव में पहुंचकर खेल के मैदान का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रधान पुष्पेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि दो दिन में खेल के मैदान को तैयार कराकर खेल गतिविधियां शुरू कराएं। जिस पर प्रधान ने दो दिन में खेल गतिविधियां शुरू कराने का आश्वासन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को दिया।

# ब्रम्हा कुमारियों ने बताये जैविक खेती का महत्व

संवाददाता। चित्रकूट

**आजादी** के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रमों के तहत चल रहे आत्म निर्भर किसान अभियान के यात्रियों ने चित्रकूट धाम कर्वी के गोबरिया में सेवा केन्द्र प्रभारी/मुख्य संचालिका बीके सुधा व राजापुर सेवा केन्द्र की मुख्य संचालिका बीके सोनू बहन तथा चरखारी सेवा केन्द्र प्रभारी बीके जयदेवी बहन की मौजूदगी कार्यक्रम हुआ। शनिवार को कार्यक्रम शुरु करते हुए बीके जयदेवी बहन ने किसानों को शाश्वत जैविक यौगिक खेती का महत्व बताते हुए कहा कि कृषि के साथ हमारा सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करके हमे घरेलु सस्ती गाय के गोबर व गौमूत्र से ही बीजामरत, जीवामृत बनाकर व आस-पास में पाए जाने वाले विषैले कसैले पोधो की पत्तियों से ही अर्क तैयार कर रसायनिक व कीटनाशकों की जगह पर यूज करना चाहिए। जिससे हम शुद्ध भोजन प्राप्त कर सकें। अभियान की मुख्य संचालिका बीके सुधा बहन ने व्यसन मुक्त जीवन बनाने की प्रेरणा देते हुए माताओं बहनों को समझाया कि हम जो करेंगे वह हमारे बच्चे भी अनुकरण करते हैं। इसलिए हमें अपने कर्मो पर अटेंशन देने की आवश्यकता है। व्यसनों व फैशन में जो भी व्यर्थ खर्च हम करते हैं उसको भी हम अपने बच्चों के विकास में एवं सृजनात्मक कार्यों में लगाना चाहिए। कार्यक्रमो के अंत में बीके बहन-भाईयो ने नारे लगाये।



किसानों को जागरूक करती ब्रम्हा कुमारियों — पायनियर

# पहले ब्लॉक समाधान दिवस में नहीं आई एक भी शिकायत

● नदीगांव में दर्ज कराया गया एक मामला

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**तहसील** स्तरीय समाधान दिवस की तरह शासन के निर्देश पर अब प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को खंड विकास कार्यालय में ब्लॉक समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा जहां विभिन्न विभागों से संबंधित स्थानीय अधिकारी कर्मचारी बैठकर फरियादियों की समस्याएं, शिकायतें सुनेंगे।

इसी क्रम में शनिवार को आयोजित पहले ब्लॉक समाधान दिवस में कोंच ब्लॉक में एक भी फरियादी नहीं पहुंचा और फरियादियों के आने की प्रतीक्षा में बीडीओ विपिन कुमार, संयुक्त बीडीओ विपिन गुप्ता, एडीओ नरेशचंद्र दुवे, एबीएसए शैलजा व्यास, पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन सचिव पवन तिवारी, सुमित यादव, बसीमखान अनुज गुप्ता, अभिषेक यादव, मुन्ना लाल,नरेंद पटेल, पूनम, शिल्पी, आकांक्षा कौशल, कुसुम निरंजन, मनोज कुमार, देवीशरण सोनी पूरे समय बैठे रहे। उधर, नदीगांव ब्लॉक में बीडीओ के समक्ष प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर 1 शिकायत दर्ज करायी गई जिसे निस्तारण हेतु संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को सौंप दी गई।




ब्लाक दिवस में समस्याओं को सुनते बीडीओ — पायनियर

# प्रेम प्रसंग के चलते नर्स ने खाया जहर, हुई मौत

**चित्रकूट।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड में जीएनएम थर्ड ईयर की पढाई कर रही प्रभा उपाध्याय ने प्रेम प्रसंग के चलते जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना की पडताल की जा रही है। शुक्रवार की रात बांदा जिले के हस्तम गांव की प्रभा उपाध्याय की सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड अस्पताल में ड्यूटी लगी थी। देर रात ड्यूटी के बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर ड्यूटी कर रही अन्य लडकियों ने एमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉक्टर को जानकारी दी। डॉक्टर ने तुरन्त इलाज शुरु किया। इलाज दौरान उसकी मृत्यु हो गई। हास्टल की लडकियों ने अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। प्रशासन ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। बताते हैं कि प्रभा तीन साल से जानकीकुण्ड अस्पताल में नर्स की पढाई कर रही थी। पांच माह पहले उसका विवाह भरतकूप थाना क्षेत्र के कोरारी गांव में हुआ था। अस्पताल के एक कर्मचारी ने बताया कि प्रभा का तीन साल से एक लडके से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक ही स्कूल में पढाई करते थे। इस बारे में नयागांव थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि युवती ने आत्महत्या की है। पुलिस जांच में जुटी है। मौके पर एसडीओपी पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि मामले में विधिक कार्यवाही की जायेगी।



# थाना दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं



समस्याएं सुनते डीएम-एसपी — पायनियर

संवाददाता। चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में थाना भरतकूप में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता युक्त समय बद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए । भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेज कर निस्तारण कराएं। थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप दुर्गेश प्रसाद गुप्ता तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# कला जनता के लिए प्रेमपत्र और सत्ता के नाम अभियोग पत्रः इप्टा राष्ट्रीय महासचिव

● 'ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा' का हुआ स्वागत

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**आजादी** के 75वें वर्ष के अवसर पर अखिल भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) द्वारा प्रेम, दया, करुणा, बंधुत्व, समता और न्याय से परिपूर्ण हिंदुस्तान के स्वप्न को समर्पित 'ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा' शनिवार को कोंच पहुंची जहां इप्टा कोंच इकाई के रंगकर्मियों ने यात्रा दल का जोरदार स्वागत किया।

यात्रा दल ने नगर प्रवेश करते ही चंदकुआं चौराहे पर स्थित ऐतिहासिक स्मारक महारानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं जनगीत प्रस्तुत किए। तत्पश्चात यात्रा दल का स्वागत आदित्य गैस सर्विस सभागार में किया गया जहां इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश ने कहा कि आजादी के 75 साल के मौके पर निकलने वाली 'ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा' असल में स्वतंत्रता संग्राम के गर्भ से निकले स्वतंत्रता-समता-न्याय और बंधुत्व के उन मूल्यों के तलाश की कोशिश है, जो आजकल नफरत, वर्चस्व और दंभ के कोलाहल में डूब से गए हैं। उन्होंने कहा कि कला जनता के नाम प्रेमपत्र और सत्ता के नाम अभियोग पत्र है। यह प्रेम बंधुत्व, समता और न्याय की पैरोकारी करता है। प्रेम तो भाषा, धर्म, जाति की संकीर्णताओं से मुक्त होकर पंथनिरपेक्षता का आदर्श बन जाता है। इप्टा के प्रांतीय उपाध्यक्ष ओपी नदीम ने कहा कि आजादी के 75 सालों में हम सब मिलकर आजादी की लड़ाई के जाने अंजाने योद्धाओं, लेखकों और कलाकारों को बार बार याद करें और उनकी बनाई राह पर चलें। आगरा इप्टा के महासचिव दिलीप रघुवंशी ने कहा कि यह यात्रा उन तमाम शहीदों, समाज सुधारकों एवं भक्ति आंदोलन और सूफीवाद के पुरोधाओं का सादर स्मरण है। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ. स्वाति राज ने कहा कि आज महिला अधिकारों के साथ साथ प्रत्येक व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण के प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव राकेश जी ने समाजसेवी चतुर्भुज चंदेरिया को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश के केंद्रीय जत्थे में यात्रा प्रभारी शहजाद रिजवी के साथ राजेश श्रीवास्तव, दिलीप रघुवंशी, राज पप्पन, देवेंद्र शुक्ला, विपिन कुमार, मृगेंद्र सिंह, अमजद आलम, संजीव गुप्ता, दीपेंद्र सिंह, डॉ. सुभाष कुमार, प्रीति गुप्ता, सुमन श्रीवास्तव, संध्या श्रीवास्तव, असलम खान, संजय सिंह, कमल गोस्वामी, जय कुमार, इच्छा शंकर, सोनी, कविता, गरिमा, शिवि, पूजा, आरती, सविता, राकेश सिंह सहित पारसमणि अग्रवाल, साहना खान, आस्था वाजपेयी, कोमल अहिरवार, ट्रिंकल राठौर, आदर्श अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालत में 519 मामलों का आपसी समझौते से निस्तारण

**जालौन (उरई)।** न्यायालय में लंबित मामलों को कम करने तथा लोगों को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के मुंसिफमजिस्ट्रेट न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौता के आधार 519 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। आपस में गाली गलौज, मारपीट, सड़क दुर्घटनाओं के लम्बित छोटे छोटे मामलों को आपसी समझौता के आधार पर निस्तारण के लिए मुंसिफ न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। सिविल जज जू डि अर्नव राज चक्रवर्ती, अपर सिविल जज नेहा राजन की उपस्थिति में लोक अदालत में वादों का निस्तारण किया है। लोक अदालत में 1994 से चले आ रहे हैं गाली गलौज व मारपीट के हरीराम निवासी करहियापुर तथा संताराम निवासी जालौन के वाद का आपसी समझौता के आधार पर निस्तारण कर दिया गया। आज 519 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें 37 वाद मोटर वाहन अधिनियम, 15 वाद आपसी झगड़ा के निस्तारण किये गये।

## क्विक न्यूज

### कुसमिलिया में दो घरों से चोर लाखों के जेवरात, नकदी ले उड़े

**कुसमिलिया (जालौन)।** कुसमिलिया गांव में बीती रात चोरों ने दो घरों में लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। पहली चोरी की घटना योगेंद्र राजपूत पिता स्व. प्रदीप राजपूत के घर में हुई। जबकि दूसरी चोरी की घटना सत्यम राजपूत के आवास में चोरों ने अंजाम दी। इस बाबत योगेंद्र ने बताया कि वह 13 मई को गोरन गांव में त्रियोदशी में शामिल होने अपने एक रिश्तेदार के घर गए थे। शुक्रवार देर रात लगभग 11 बजे को जब घर वापस आए तो मोबाइल फोन चार्जिंग में लगा के सो गए। सुबह जब नींद खुली तो देखा कमरे में सामान बिखरा हुआ है और घर में अलमारी भी खुली मिली जब लॉकर देखा तो उसमें रखे चौदह हजार नकद, लगभग डेढ़ लाख का जेवर जिसमें सोने की 4 चूड़ी, सोने की 1 जंजीर, 1 मोबाइल फोन आदि चोरी हो गया है। चार्जिंग में लगा मोबाइल फोन गायब है केवल चार्जर लटक रहा है। इसके बाद चोरों ने योगेंद्र के घर के पास सत्यम राजपूत पुत्र हर्षित राजपूत जो कि सिमरिया निवासी हैं गर्मियों की छुट्टियों में अपने ननिहाल कुसमिलिया आये थे। चोर उनके घर में भी घुसे और बाहर के कमरे में रखा मोबाइल फोन चुरा ले गए। चोरी रात्रि के लगभग 2 बजे होने का अनुमान है चोर मकान के पीछे से आये और वहीं से बाहर निकले। थाना डकोर पुलिस को सूचना दे दी गयी। थानाध्यक्ष समीर कुमार ने मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने के बात कही।

### सर्राफा व्यापारी से लूट की घटना आपसी झगड़े की निकली

**जालौन (उरई)।** सर्राफा व्यवसायी द्वारा लूट की झूठी सूचना दे दी। आपसी झगड़े को लूट बताने के मामले में पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफशांति भंग करने की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैनपुरा निवासी सर्राफा व्यवसायी कुलदीप सोनी पुत्र श्याम सुंदर ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह बाजार से वसूली करके घर वापस लौट रहा था तो माड़री से नैनपुरा के रास्ते में गांव के नरेंद्र कुमार उर्फअरविन्द ने अपने साथी के साथ मिलकर 20 हजार रुपए तथा सोने की जंजीर लूट ली। लूट की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ की तो पता चला कि लूट की सूचना झूठी है। दोनों के बीच आपसी झगड़ा हुआ था। पुलिस ने लूट की झूठी सूचना देने के आरोप में कुलदीप सोनी व झगड़ा करने के आरोप में नरेंद्र कुमार उर्फअरविन्द निवासीगण नैनपुरा को गिरफ्तार कर उनके खिलाफशांति भंग करने की कार्रवाई की है।

### पैतृक जमीन को लेकर मारपीट

**जालौन (उरई)।** पैतृक जमीन को लेकर 4 लोग में आपस में झगड़ा हो गया। आपस में मारपीट कर रहे चारों लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा कोतवाली ले आयी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में पैतृक जमीन को लेकर परिवार के 4 लोगों के बीच कहा सुनी हो गयी। कहा सुनी के दौरान दोनों लोगों में गाली गलौज के बाद बात मारपीट तक आ गयी। आपस में मारपीट होने पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आपस में झगड़ा कर रहे आशीष कुमार, विजय शंकर, रोशन व पप्पू को को पकड़ लिया तथा उन्हें कोतवाली ले आयी है। पुलिस ने चारों लोगों के खिलाफमारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### ब्लॉक दिवस में चार शिकायत आई, तीन का मौके पर निस्तारण

**कदौरा (जालौन)।** शासन के निर्देश पर अब माह के दूसरे व चौथे शनिवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को बीडीओ बृजकिशोर कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक दिवस में चार शिकायते आई जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि मजदूरी संबंधित शिकायत साइड न चलने के कारण निस्तारित नही हो पाई। बीडीओ ने रोस्टर के हिसाब से ग्राम पंचायतों में रुक कर समस्याओं के निराकरण के आदेश संबंधित कर्मचारियों को दिए। इस दौरान सचिव जगत नारायण, नवीन कुमार, एपीओ असित रंजन, रोजगार सेवक रहमत खान आदि मौजूद रहे।

### पॉस्को एक्ट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले के मुताबिक गत दिनों पूर्व ग्राम पचीपुरी निवासी पिंटू अहिरवार पुत्र अशोक के खिलाफ पीड़ित पक्ष द्वारा दफा 354, 504, 506 सहित 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के बाद से पिंटू फरार चल रहा था जिसे सुरई चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा ने कॉन्स्टेबल अमित कुमार के साथ मिलकर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया है।

### मुंसिफकोर्ट में लोक अदालत का किया गया आयोजन

**कोंच(जालौन)।** राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक मुंसिफकोर्ट में लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सिविल जज जू डि पलाश गांगुली की अदालत में कई वर्षो से चल रहे दीवानी, एफआर, जुआ अधिनियम, एमवीएक्ट आदि से सम्बंधित कुल 569 वादों के सापेक्ष 380 वादों का निस्तारण किया गया जबकि 22175 रुपये जुर्माना वसूला गया।इस दौरान फौजदारी लिपिक नागेंद्र चौहान, स्टेनो दिलबहादुर, वाद लिपिक प्रभाकर सिंह,पैनल अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इकाई कोंच विनोद निरंजन सेता व हलीम मोहम्मद आदि उपस्थित रहे। विदित हो कि पिछले कई वर्षो से चल रहे मुकदमों में उभय पक्षों की आपसी सहमति से प्राथमिकता के आधार पर निपटाए जाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत गत बुधवार और शुक्रवार को कोतवाली में लोक अदालत का आयोजन किया गया था जिसके बाद 14 मई शनिवार को मुंसिफकोर्ट में लोक अदालत का आयोजन किया गया।

### भूमाफियाओं पर गिरेगी गाज

**कालपी (जालौन)।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने पर सर्वप्रथम भू माफियाओं पर नकल कसी जा रही हैं। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश अनुसार भू माफियाओं पर निरंतर प्रशासन का चाबुक चल रहा है। शनिवार को उप जिलाधिकारी कालपी अंकुर कौशिक के नेतृत्व में ग्राम आटा में भू माफियाओं द्वारा कब्जा की हुई सरकारी जमीन की पैमाईश करके सरकारी भूमि को चयनित किया गया। कालपी उप जिलाधिकारी द्वारा 2 दिन पहले ही आटा ग्राम की सरकारी भूमि को चयनित करने के लिए राजस्व टीम का गठन किया गया।

### दो चार पहिया वाहनों की टक्कर, एसडीएम ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

माधौगढ़ (जालौन)। बंगरा-जालौन रोड पर नहर के आगे पुलिया के पास दो चार पहिया वाहन आपस में बुरी तरह टकरा गए। जिनमें 3 लोग घायल हो गए। घायलों को एसडीएम माधौगढ़ ने अपनी गाड़ी से जालौन अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार माधौगढ़ निवासी डॉ एलबी सिंह अपने चार पहिया वाहन से जालौन की तरफजा रहे थे,तभी सामने से आ रही बैगन आर में जोरदार टक्कर हो गई। दोनों गाड़ियां आगे से चकनाचूर हो गई,बल्कि बैगन आर खन्दक में पलट गई। उसी समय माधौगढ़ एसडीएम सौरभ पांडेय का वहां से निकलना हुआ तो उन्होंने तत्काल घायलों को अपनी गाड़ी से जालौन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया। बैगन आर में घायल दोनों युवकों की जानकारी नहीं हो सकी है।

# केकेआर ने सनराइजर्स को 54 रन से हराया

## रसेल की तूफानी पारी

**भाषा।** पुणे

**आंद्रे रसेल ने** पहले अपनी ख्याति के अनुरूप तूफानी पारी खेली और फिर उम्दा गेंदबाजी की जिससे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को 54 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी धुंधली उम्मीदें बरकरार रखी। रसेल (28 गेंदों पर 49 रन, तीन चौके, चार छक्के) और सैम बिलिंग्स (29 गेंदों पर 34, तीन चौके, एक छक्का) ने छठे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की, जिससे केकेआर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। सनराइजर्स के लिए तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में सनराइजर्स की टीम आठ विकेट पर 123 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अभिषेक शर्मा ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। रसेल ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 22 रन देकर तीन विकेट लिए। टिम साउदी ने दो जबकि उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने एक – एक विकेट लिया। केकेआर की यह 13 मैच में छठी जीत है जिससे उसके 12 अंक हो गए हैं। उसकी अगर मगर के समीकरण में प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बनी हुई है। सनराइजर्स को लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। उसके 12 मैचों में 10 अंक हैं। सनराइजर्स ने पहले छह ओवरों में कप्तान केन विलियमसन (नौ) का विकेट गंवाया और 31 रन बनाए। विलियमसन शुरू में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और रसेल की गेंद पर स्कूप करने के प्रयास में बोल्ड हो गए। अभिषेक ने दूसरे छोर से रन बनाने जारी रखे। उन्होंने नारायण पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन साउदी ने राहुल त्रिपाठी (नौ) को अपनी ही गेंद पर कैच करके सनराइजर्स को करारा झटका दिया। चक्रवर्ती ने अभिषेक को विकेटकीपर बिलिंग्स के हाथों कैच कराकर उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया जबकि नारायण ने निकोलस पूरण (दो) को आते ही पवेलियन भेजा जबकि एडेन मार्कराम (25 गेंदों पर 32 रन) तीन छक्के जड़ने के बाद उमेश यादव की गेंद अपने विकेटों में खेल गए। रसेल ने वाशिंगटन सुंदर (04) और मार्को यानसेन (01) को आउट करके गेंदबाजी में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। इससे पहले केकेआर ने शुरुआती चार ओवरों में केवल 20 रन बनाए और इस बीच वेंकटेश अय्यर (सात) का विकेट गंवाया जिन्हें मार्को यानसेन (30 रन देकर एक विकेट) ने बोल्ड किया लेकिन नितीश राणा (16 गेंदों पर 26, तीन छक्के, एक चौका) और अजिंक्य रहाणे (24 गेंदों पर 28, तीन छक्के) ने अगले दो ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके 35 रन जुटाकर पावरप्ले में स्कोर 55 रन तक पहुंचाया। राणा ने चोट से उबरकर वापसी करने वाले टी नटराजन (43 रन देकर एक विकेट) पर दो छक्के लगाने के बाद यानसेन की गेंद भी छह रन के लिए भेजी। यानसेन के इस ओवर में रहाणे ने भी छक्का जड़ा। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर का स्वागत भी छक्के से किया।



### स्कोरबोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स** : वेंकटेश बो यानसेन 07, रहाणे का शशांक बो उमरान 28, राणा का शशांक बो उमरान 26, श्रेयस का त्रिपाठी बो उमरान 15,बिलिंग्स का विलियमसन बो भुवनेश्वर 34, रिंकू बो नटराजन 05,सेल नाबाद 49,नारायण नाबाद 01, **अतिरिक्त** 12, **कुल** (20 ओवर में, छह विकेट पर) 177, **विकेट पतन** :1-17, 2-65, 3-72, 4-83, 5-94, 6-157 , **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-27-1,यानसेन 4-0-30-1, नटराजन 4-0-43-1, वाशिंगटन 4-0-40-0 , उमरान 4-0-33-3

**सनराइजर्स हैदराबाद** : अभिषेक का बिलिंग्स बो चक्रवर्ती 43, विलियमसन बो रसेल 09,त्रिपाठी का एवं बो साउदी 09,मार्कराम बो उमेश 32, पूरण का एवं बो नारायण 02, सुंदर का वेंकटेश बो रसेल 04 , शशांक का श्रेयस बो साउदी 11,यानसेन का बिलिंग्स बो रसेल 01, भुवनेश्वर नाबाद 06,मलिक नाबाद 03 , **अतिरिक्त** 03, **कुल** (20 ओवर में, आठ विकेट पर) 123, **विकेट पतन** :1-30, 2-54, 3-72, 4-76, 5-99, 6-107, 7-113, 8-113, **गेंदबाजी** : उमेश 4-0-19-1, साउदी 4-0-23-2, नारायण 4-0-34-1, रसेल 4-0-22-3, चक्रवर्ती 4-0-25-1

# रायुडू ने आईपीएल से संन्यास की घोषणा के बाद वापस लिया फैसला

**भाषा।** मुंबई



**चेन्नई सुपर किंग्स** के खेमे की उथल-पुथल एक बार फिर सामने आई जब अनुभवी बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने सोशल मीडिया पर आईपीएल से संन्यास की घोषणा की, लेकिन एक घंटे के अंदर टीम प्रबंधन द्वारा संपर्क किए जाने के बाद इस वह इस फैसले से पीछे हट गए। चेन्नई की टीम पहले ही प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। टीम के हालांकि अभी कुछ मैच बाकी हैं। पूर्व कप्तान रवींद्र जडेजा चोटिल होने के कारण पहले ही टीम का साथ छोड़कर अपने घर चले गए है। इस घटना ने हालांकि इन अटकलों को हवा दिया कि उनका प्रबंधन के साथ विवाद हो गया है। रायुडू ने शनिवार की सुबह ट्विटर के जरिए इस लीग से संन्यास की घोषणा की। भारत के सीमित ओवर प्रारूप के इस खिलाड़ी ने ट्वीट किया, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल होगा। मुझे इस लीग के अपने 13 साल के सफर में दो महान टीमों का हिस्सा बनने का मौका मिला और उनके साथ मैंने शानदार समय बिताया। इस शानदार यात्रा के लिए मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहूंगा। उन्होंने हालांकि एक घंटे के अंदर आपने इस पोस्ट को हटा दिया। पता चला कि उनके इस फैसले से टीम के मालिक और टीम प्रबंधन पूरी तरह से अनजान थे। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी काशी विश्वनाथ ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं पुष्टि कर सकता हूं कि अंबाती रायुडू आईपीएल से संन्यास नहीं ले रहे हैं। हां, उन्होंने इसके बारे में ट्वीट किया था। हो सकता है कि उन्होंने भावनात्मक स्थिति में आकर ट्वीट किया। उनसे बात की गई है जिसके बाद इस ट्वीट को डिलीट कर दिया गया है। यह पहली बार नहीं है जब रायुडू ने संन्यास लेने की घोषणा के बाद अपने फैसले को पलटा है। उन्होंने विश्व कप 2019 टीम से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन उसी साल जुलाई में अपने फैसले को पलट दिया। इंडियन क्रिकेट लीग से 2007 में जुड़ने के कारण बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन इस प्रतिबंध के हटने के बाद 2010 में वह मुंबई इंडियन्स से जुड़े और 2017 तक इस टीम के साथ रहे। इसके बाद से वह चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा है।

### चीन 2023 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी नहीं करेगा

**कुआलालंपुर।** चीन ने देश में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए अगले साल एएफसी एशियाई कप फाइनल चरण की मेजबानी नही करने का फैसला किया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने शनिवार को कहा कि चीन के फुटबॉल संघ ने उसे आधिकारिक तौर पर सूचित कर दिया है कि वह अगले साल महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी नही कर पाएगा।

### ट्रैप टीम ने सुह्ल जूनियर विश्व कप में दो रजत पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष और महिला ट्रैप टीमों ने दो और रजत पदक अपने नाम किए जिससे जर्मनी के सुहल में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में देश ने तालिका में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया। भारत ने शुक्रवार को दो रजत पदक जीते। इस समय भारत आठ स्वर्ण और आठ रजत पदक से पहले स्थान पर है जबकि आस्ट्रेलिया और अमेरिका संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है जिनके नाम एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक है।

### 44वें शतरंज ओलंपियाड के लिए पैनल का गठन

**चेन्नई।** तमिनालडु सरकार ने महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड के आयोजन की तैयारी शुरू करते हुए 18 कार्य समितिओं का गठन किया और साथ ही भारत में खेल की केंद्रीय संचालन संस्था अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के साथ अनुबंध किया। तमिलनाडु सरकार और एआईसीएफ के बीच महाबलीपुरम में 28 जुलाई से 10 अगस्त तक होने वाले टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर मुख्यमंत्री एमकेस्टालिन की मौजूदगी मे हस्ताक्षर किए गए।

### भारत बधिर ओलंपिक में निशानेबाजी में दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत ने ब्राजील के कैक्सियास डो सुल मे 24वें बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया। केवल यूक्रेन ही भारत से बेहतर प्रदर्शन कर पाया। उसने छह स्वर्ण सहित 12 पदक जीते। भारतीय निशानेबाजों का यह बधिर ओलंपिक में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत बधिर ओलंपिक में अभी तक सात स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक लेकर आठवे स्थान पर है।

### झारखंड, हरियाणा, कर्नाटक और ओडिशा सेमीफाइनल में

**भोपाल।** झारखंड ने शनिवार को यहां शूटआउट में महाराष्ट्र को 5-4 से हराकर 12वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दोनों टीम नियमित समय मे गोल नही कर सकी जिससे मुकाबला शूटआउट मे चला गया। हरियाणा, कर्नाटक और ओडिशा ने भी अपने क्वार्टर फाइनल मैच जीतकर अंतिम चार में जगह सुनिश्चित की।

### प्यारी खाका की मदद से स्पोर्ट्स ओडिशा ने एसएसबी से ड्रा खेला

**भुवनेश्वर।** स्पोर्ट्स ओडिशा ने शनिवार को यहां इंडियन वुमैन्स लीग के फुटबॉल मैच में एसएसबी वुमैन को 1-1 से ड्रा पर रोक दिया। एसएसबी वुमैन ने संध्या कश्यप के 41वें मिनट में किए गए गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी।

# प्ले आफ की दौड़ से बाहर सुपरकिंग्स के खिलाफ शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगा गुजरात टाइटंस

**भाषा।** मुंबई

**प्ले आफ में जगह** सुनिश्चित कर चुकी गुजरात टाइटंस की टीम रविवार को यहां इंडियन प्रीमयर लीग में खिताब की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ जीत दर्ज करके शीर्ष दो में जगह पक्की करने का प्रयास करेगी। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में गुजरात ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो मैच शेष रहते ही प्ले आफ में जगह सुनिश्चित कर ली। टाइटंस की टीम 12 मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है और रविवार को जीत से टीम की शीर्ष दो में जगह लगभग सुनिश्चित हो जाएगी जिसका मतलब होगा कि टीम को फाइनल में जगह बनाने का एक अतिरिक्त मौका मिलेगा। दस टीम की तालिका में नौवें स्थान पर चल रही गत चैंपियन सुपरकिंग्स की टीम प्ले आफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और बाकी बचे दो मैच में प्रतिष्ठ बचाने के इरादे से खेलेगी। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में 62 रन की जीत के साथ टाइटंस ने प्ले आफ में जगह पक्की की जबकि सुपरकिंग्स को अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन, कप्तान हार्दिक, मिलर, साहा और तेवतिया ने सत्र के दौरान टाइटंस की ओर से अच्छी बल्लेबाजी की है और सुपरकिंग्स के खिलाफ भी वे इस लय को जारी रखना चाहेंगे। अपने पहले ही सत्र में टाइटंस के शानदार प्रदर्शन का श्रेय उसकी मुश्किल हालात में वापसी करने की क्षमता हो जाता है। पिछले कुछ मुकाबलों में हालांकि टाइटंस के बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

## रॉयल्स को हराकर प्ले आफ में जगह पक्की करने उतरेंगे सुपर जाइंट्स

**मुंबई।** पूरे सत्र के दौरान शानदार फॉर्म में चल रही लखनऊसुपर जाइंट्स की टीम पिछले मैच में मिली हार से उबरकर रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को हराकर प्ले आफ में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही लोकेश की अगुआई वाली सुपर जाइंट्स की टीम ने पिछले मैच में गुजरात के खिलाफ हार के साथ अपना नंबर एक स्थान इस टीम को गंवा दिया था। सुपर जाइंट्स की टीम 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है और प्ले आफ की शुरुआत से पहले एक और मैच गंवाना नहीं चाहेंगी। रॉयल्स की टीम भी पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट की करारी हार के बाद वापसी करके प्ले आफ में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेगी। सपुर जाइंट्स की टीम अगर रविवार को जीत दर्ज करती है तो उसकी प्ले आफ में जगह सुनिश्चित हो जाएगी। रॉयल्स की टीम भी अगर जीत दर्ज करती है तो अंतिम चार में जगह बनाने की तरफ एक और कदम बढ़ा लेगी। लखनऊ की टीम के लिए कप्तान राहुल और डिकॉक को एक बार फिर अधिकांश रन जुटाने होंगे। टाइटंस के खिलाफ ये दोनों सस्ते में पवेलियन लौट गए थे और रॉयल्स के खिलाफ उम्दा पारी खेलना चाहेंगे। राहुल 12 मैच में 459 रन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं।

# धवन और पंड्या कप्तानी की दौड़ में

## रोहित, पंत, राहुल, बुमराह को द.अफ्रीका श्रृंखला से आराम

**भाषा।** नई दिल्ली





**भारतीय क्रिकेट** टीम के जुलाई में इंग्लैंड के अहम दौरे को देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा और लोकेश राहुल समेत कई सीनियर खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से विश्राम दिया जाएगा। इन दोनों के अलावा राष्ट्रीय चयन समिति जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत को भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्राम देगी। यह समझा जाता है कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज धवन और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में गुजरात के लिए अपनी कप्तानी से प्रभावित करने वाले हार्दिक को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू और फिर आयरलैंड के दौरे पर सीमित ओवरों की श्रृंखला टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। दक्षिण अफीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला जून को शुरू होगी जिसका पहला मैच नई दिल्ली और बाकी मैच क्रमशः कटक, विशाखापत्तनम, राजकोट और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। आईपीएल सत्र के लीग चरण के आखिरी दिन 22 मई को मुंबई में दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए टीम का चयन किए जाने की संभावना है। पीटीआई पहले ही खबर दे कर चुका है कि खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली को भी जरूरी विश्राम दिया जाएगा। चयनकर्ताओं के साथ-साथ बीसीसीआई के लिए जुलाई की शुरुआत में इंग्लैंड का दौरा काफी अहम है। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, भारत के सभी अनुभवी खिलाड़ियों को कम से कम साढ़े तीन सप्ताह का पूर्ण आराम मिलेगा। रोहित, विराट, राहुल, ऋषभ और जसप्रीत सभी सीमित ओवरों की श्रृंखला के बाद पांचवें टेस्ट के लिए सीधे इंग्लैंड जाएंगे। हमें अपने सभी प्रमुख खिलाड़ियों को इंग्लैंड श्रृंखला के लिए तरोताजा रखने की जरूरत है। टीम की कप्तानी के बारे में पूछे जाने पर सूत्र ने कहा, चयनकर्ताओं के पास दो विकल्प हैं। पहला, धवन, जो पिछले साल की श्रीलंका श्रृंखला के दौरान विराट, रोहित और राहुल की अनुपस्थिति में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। इसके साथ ही हार्दिक पांड्या ने गुजरात के लिए अपनी कप्तानी से काफी प्रभावित किया है। यह करीबी मुकाबला होगा। उमरान ने अपनी 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से काफी उत्साह पैदा किया है लेकिन ऐसा लग रहा है कि वह भी राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी के लिए तैयार नहीं है।

### स्पेन और जर्मनी ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन स्पेन और जर्मनी ने यूएफा यूरोपीय चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचकर अक्टूबर में भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। स्पेन और जर्मनी ने बोस्निया और हर्जेगोविना में खेली जा रही यूरोपीय महिला अंडर-17 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में क्रमशः फ्रांस और नीदरलैंड को हराया। अब रविवार को होने वाले फाइनल में दोनों एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फ्रांस और नीदरलैंड के बीच रविवार को होने वाले तीसरे स्थान के मुकाबले की विजेता टीम भी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए यूरोप से क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम होगी।

# फेलिक्स को हराकर जोकोविच सेमीफाइनल में



**भाषा।** रोम

**दुनिया के नंबर** एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कड़े मुकाबले में शुक्रवार को फेलिक्स आगर एलियासिम को सीधे सेट में हराकर इटली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2021 में कैलेंडर ग्रैंडस्लैम पूरा करने से सिर्फ एक मैच दूर पहुंचे जोकोविच ने फेलिक्स को 7-5 7-6 से हराया।

जोकोविच ने इस जीत के साथ सुनिश्चित किया कि सोमवार को जब नवीनतम एटीपी रैंकिंग जारी होगी तो दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव उन्हें पछाड़ नहीं पाएंगे। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, यह शीर्ष स्तर का टेनिस था। मुझे अपना स्तर बेहतर करना पड़ा और लगातार अच्छा टेनिस खेलना पड़ा।

## स्वियाटेक लगातार 27 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी के साथ इटली ओपन के फाइनल में

**रोम।** रैंकिंग मे शीर्ष पर काबिज इगा स्वियाटेक ने इटली ओपन के सेमीफाइनल मे शनिवार को यहां आर्यना सबालेंका को 6-2, 6-1 से हराकर लगातार 27वी जीत दर्ज कर सेरेना विलियम्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। सेरेना ने 2014 और 2015 में यह उपलब्धि हासिल की थी। रोम में अपने खिताब का बचाव करने के साथ लगातार पांचवे टूर्नामेंट को जीतने की कोशिश मे लगी पोलैंड की 20 साल की खिलाड़ी ने आठवी रैंकिंग की खिलाड़ी सबालेंका को कोई भी मौका नही दिया। रविवार के खेले जाने वाले फाइनल में स्वियाटेक के सामने ओन्स जबूर या रूस की डारिया कसाटकिना के मैच के विजेता की चुनौती होगी। जबूर भी सेमीफाइनल से पहले लगातार 10 मैच जीत चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कड़े मुकाबले मे फेलिक्स आगर एलियासिम को सीधे सेट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2021 मे कैलेंडर ग्रैंडस्लैम पूरा करने से सिर्फ एक मैच दूर पहुंचे जोकोविच ने फेलिक्स को 7-5, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। पुरुषों के एक अन्य सेमीफाइनल मे अलेक्जेंडर ज्वेरेव के सामने स्टेफानोस सिटसिपास की चुनौती होगी।

### बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया, बेयरस्टो और लिविंगस्टोन ने कमाल कर दिया: मंयक

**मुंबई।** पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मिली जीत के बाद जॉनी बेयरस्टो (66 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (70 रन) के प्रदर्शन की तारीफ की। अग्रवाल ने अहम मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 54 रन से हराने के बाद कहा, हमने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। जॉनी और लिवी की बल्लेबाजी कमाल की थी। बेयरस्टो को 29 गेंद में सात छक्के और चार चौके जड़ित पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हारने वाली टीम आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा, जॉनी ने जिस तरह बल्लेबाजी की, उसने हमारे गेंदबाजों को दबाव में ला दिया था। उन्होंने कहा, जब आप 200 से ज्यादा रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हो सबसे अहम चीज होती है कि एक साथ ज्यादा विकेट नहीं गंवाओ। हमारे साथ ऐसा ही हुआ, विराट के बाद मैं आउट हो गया। फिर आगे के ओवरों में भी ऐसा ही हुआ।

### पंजाब किंग्स के साथ पारी का आगाज करने का लुत्फ उठा रहे हैं बेयरस्टो

**मुंबई।** जॉनी बेयरस्टो ने हाल में इंग्लैंड के लिए काफी मुकाबलों में पारी का आगाज नहीं किया है लेकिन वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स की ओर से सलामी बल्लेबाज की भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं। बेयरस्टो ने शुक्रवार को सिर्फ 29 गेंद में चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 66 रन की पारी खेली जिससे पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 54 रन से हराया। मैंने जिस तरह सलामी बल्लेबाजी से सामंजस्य बैठाया है उससे मैं खुश हूं। शीर्ष क्रम पर दोबारा खेलने का काफी लुत्फ उठा रहा हूं। बेयरस्टो मौजूदा टूर्नामेंट के लिए देर से पहुंचे और शुरुआत में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की जहां उन्हें लय में आने के लिए जूझना पड़ा।

### सीबीआई ने कथित आईपीएल मैच फिक्सिंग के आरोप में सात सट्टेबाजों पर मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पाकिस्तान से मिली सूचना के अधार पर वर्ष 2019 में आईपीएल मैच की कथित फिक्सिंग करने के आरोप में कुल सात संदिग्ध सट्टेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एजेंसी ने इस सबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने मामले में राष्ट्रव्यापी जांच शुरू की है और दिल्ली, हैदराबाद, जयुपर और जोधपुर में सात ठिकानों की तलाशी ली है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि एजेंसी को जानकारी मिली कि क्रिकेट सट्टेबाजी में संलिप्त व्यक्तियों का नेटवर्क पाकिस्तान से मिली सूचना के आधार पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तहत होने वाले मैचों के नतीजों को प्रभावित कर रहा है। सीबीआई ने पहली प्राथमिकी में दिल्ली के रोहिणी निवासी दिलीप कुमार और हैदराबाद के गुरुम वासु और गुरुम सतीश को आरोपी के तौर पर नामजद किया है। वहीं दूसरी प्राथमिकी में सज्जन सिंह, प्रभुलाल मीणा, राम अवतार और अमित कुमार शर्मा को को नामजद किया है। चारों राजस्थान के रहने वाले हैं।

# इंडोनेशिया से फाइनल में इतिहास रचने उतरेगा भारत



## थॉमस कप बैडमिंटन

**भाषा।** बैंकॉक

**आत्मविश्वास** से भरा भारत रविवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया के खिलाफ एक बार फिर इतिहास रचने के इरादे से उतरेगा। गत चैंपियन इंडोनेशिया का इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड शानदार रहा है और टीम मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही है। भारतीय पुरुष टीम ने हालांकि मलेशिया और डेनमार्क जैसी टीम को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई है और दिखाया है कि वे किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। भारत के लिए यह एतिहासिक लम्हा है। अपने से बेहतर रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं दिखी और पिछले दो मैच में पिछड़ने के बावजूद टीम ने मानसिक मजबूती दिखाते हुए जीत दर्ज की। इंडोनेशिया की टीम ने टूर्नामेंट में अब तक कोई मुकाबला नहीं गंवाया है जबकि भारत को एकमात्र शिकस्त का सामना ग्रुप चरण में चीनी ताइपे के खिलाफ करना पड़ा। इंडोनेशिया ने नॉकआउट चरण में जून और जापान को हराया तो भारत ने पांच बार के पूर्व चैंपियन मलेशिया और 2016 के विजेता डेनमार्क को शिकस्त दी। भारत के स्टार पुरुष खिलाड़ियों किदांबी श्रीकांत और एसएस प्रणय ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई है और अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया है।

## टखने में चोट के बावजूद मैं हार नही मानने को लेकर प्रतिबद्ध था: प्रणय

**बैंकॉक।** टखने में चोट के बाद भी अपने करियर की सबसे यादगार जीत में से एक दर्ज करने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने कहा कि किसी भी परिस्थिति मे हार न मानने की मानसिकता ने उन्हे थॉमस कप सेमीफाइनल मे डेनमार्क पर शानदार जीत के दौरान प्रेरित किया। प्रणय ने निर्णायक एकल मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय पुरूष टीम ने शुक्रवार को यहां डेनमार्क पर 3-2 से जीत के साथ इतिहास रच दिया। भारतीय टीम पहली बार थॉमस कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी रास्मस गेमके के खिलाफ प्रणय को कोर्ट पर फिसलने के कारण टखने में चोट भी लगी लेकिन इस भारतीय ने मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद मुकाबला जारी रखा। वह कोर्ट पर दर्द मे दिख रहे थे लेकिन इस परेशानी के बावजूद उन्होने 13-21 21-9 21-12 से जीत दर्ज कर भारत का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया।

### नीतू महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत की नीतू ने 48 किग्रा भार वर्ग में स्पेन की मार्टा लोपेज डेल अर्बोल को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर शनिवार को तुर्की के शहर इस्तांबुल में चल रही 12वीं आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहले राउंड में नीतू ने सतर्क शुरुआत की और मार्टा के मुक्कों के बचती रहीं लेकिन एक मिनट बीतने के बाद वह हावी हो गईं और बेहतरीन फुटवर्क के साथ सही समय पर जबरदस्त पंच मारकर सभी जजों को प्रभावित करने में सफल रहीं। दूसरे राउंड में मार्टा ने वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन नीतू अपनी लय पर कायम रहीं औŽ353ी अच्छे बचाव के साथ जोरदार घूंसे लगाती रहीं।

# राज्यमंत्री की अध्यक्षता में हर घर जल पर हुई कार्यशाला

- वर्षा जल संचयन करके ही आने वाले समय में जल संकट से बचा जा सकत है: राज्यमंत्री
- जल जीवन का है आधार बिना जल के जीवन सम्भव नहीं: सीडीओ
- सरकारी भवनों, विद्यालयों ग्राम पंचायतों आदि में अमृत सरोवर और रूफटॉप वॉटर हार्वेस्टिंग से अधिक मात्रा में किया जाएगा जल संचयन: सीडीओ


हर घर जल योजना की कार्यशाला का शुभारम्भ करती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व सीडीओ सौम्या पाण्डेय


डीएम, एसपी व सीडीओ स्टाल का निरीक्षण करते हुये


हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वाहनो को रवाना करती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला सीडीओ सौम्या पाण्डेय

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**राज्यमंत्री** प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामी गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन हर घर जल योजनान्तर्गत विकास भवन सभागार में एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में जल निगम विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल का राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक स्वप्रिल ममगाई, मुख्य विकास अधिकारी ने अवलोकन किया तथा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वाहनों को रवाना किया। कार्यक्रम में नुक्कड नाटक व गीत के माध्यम से भी जल की उपलब्धता के विषय पर जागरूक किया गया। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है बिना जल के जीवन सम्भव नही है, सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना ही सरकार और शासन का दायित्व है, इसलिए जल जीवन मिशन की भूमिका महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से स्वच्छता का महौल बनाया जा सकता है, जल के दो प्रमुख स्रोत है एवं भूगभ्र जल, वर्षा जल का भूगर्भ जल का स्तर बढाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि जल है तो वर्षा जल संचयन करके ही कल है और आने वाले समय में जल संकट से बचने के लिए सभी को सजग रहने की आवश्यकता है जिसमें आम जन मानस की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनपद में ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, सरकारी भवनों आदि में रूफ्टॉप वाटर हार्वेस्टिंग बनाया जा रहा है जिसके माध्यम से जल का संचयन किया जायेगा, इसी तरह तालाबों, कुओं को भी संरक्षित किया जा रहा है जिसके माध्यम से जल का रिचार्ज किया जायेगा। जनपद में अमृत सरोवर का भी निर्माण किया जा रहा है। वहीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री व मा0 मुख्यमंत्री जल संकट को दूर करने हेतु जल अभियान चलाकर लोगों को जल बर्बाद करने हेतु जागरूक किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन करके ही आने वाले समय में जल संकट से बचा जा सकता है। उन्होंने जल निगम अधिकारी को निर्देश दिये कि गांव.गांव जाकर लोगों को नुक्कड नाटक के माध्यम से जल संचयन हेतु जागरूक करें, उन्होंने कहा कि जो हैण्डपंप खराब है उनको तत्काल ठीक कराये तथा जो रिबोर योग्य है उन्हें रिबोर कराये। वहीं उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी निर्देश दिये कि अपने.अपने विभागों में चल रही योजनाओं का लाभ गरीब जनता को दिलाये। अस्पताल सही प्रकार से संचालित हो, करीब जनता का इलाज सही प्रकार से किया जाये। इस मौके पर वरिष्ठ राज्यमंत्री प्रतिनिधि बउआ पाण्डेय, कोषाधिकारी केके पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डा एके सिंह, अधिशाषी अभियंता जल निगम मुकेश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव आदि अधिकारीगण व एडीओ पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी, जल निगम की टीम आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने सुनीं समस्यायें

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** भाजपा कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनूंगी। यदि जिम्मेदार अधिकारी लोगों की जायज समस्याओं का निस्तारण नहीं करेंगे तो उनकी शिकायत शासन में करूंगी। यह बात क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार ने जनसुनवाई के दौरान भाजपा कार्यालय रसूलाबाद में कही। शनिवार को रसूलाबाद कस्बे के झींझक मार्ग पर स्थित भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार ने आए हुए लोगों की फरियादों को सुना और संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब हर बुधवार को रसूलाबाद स्थित कार्यालय व गुरुवार को झींझक नहर कालोनी में लोगों की समस्याएं सुनेंगी। साथ ही शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी कराएंगी। यदि कोई भी अधिकारी हीलाहवाली बरतेगा तो उसकी शिकायत शासन में करेंगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री जितेंद्र त्रिपाठी जीतू, पूर्व जिला मंत्री अमित सिंह, सदस्य जिला पंचायत जनार्दन सिंह ऋषि, पूर्व सभासद संदीप मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राममहेश वर्मा, कृष्ण प्रताप सिंह आदि रहे।

## 63 विस्थापित बंगाली परिवारों को लेने प्रशासनिक अधिकारी मेरठ हुये रवाना



**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** तहसील क्षेत्र के भैसायां के महेन्द्रनगर में मेरठ से 63 बंगाली विस्थापित परिवारों को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पट्टा देकर उन्हें जमीन का मालिकाना हक पहले ही दे चुके अब जिला प्रशासन उन्हें रसूलाबाद लाने के लिए तीन बसे रवाना हुई जिसके चलते जिला प्रशासन ने जल्द ही मेरठ से तीन बसों के माध्यम से 63 विस्थापित हिंदू परिवार को रसूलाबाद आयेगे। एसडीएम रसूलाबाद डॉ जीतेंद्र कटियार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार विस्थापित परिवारों को बसाने के लिए भूमि को पहले ही चिह्नित किया जा चुका है और विस्थापित परिवारों को लेने के लिया नायब तहसीलदार मनोज रावत के नेतृत्व में तीन बसें रसूलाबाद से मेरठ के लिए रवाना हुई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बस में एक लेखपाल और एक ग्राम पंचायत सचिव को भी साथ में भेजा गया है 16 मई तक सुरक्षित रसूलाबाद विस्थापित परिवार आ जाएंगे। इस मौके पर सचिव अमित कुमार, प्रधान संजीव पाल, नीरज सोनकर सहित अन्य कर्मचारी रहे।

## एडीओ समाज कल्याण पर रुपये मांगने का आरोप, काटा हंगामा

- क्षेत्र पंचायत की बैठक में पेयजल समस्या बना मुद्दा प्रधानों ने एडीओ पर उठाए सवाल



**संवाददाता।** घाटमपुर

**पतारा कस्बा** स्थित ब्लॉक सभागर कक्ष में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पतारा ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह के द्वारा की गई। बैठक में मौजूद विधायक सरोज कुरील व जिलापंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण को प्रतीक चिन्ह देकर ब्लॉक प्रमुख ने स्वागत किया। जिंप अध्यक्ष ने कहा समर्थवान लोगो को सरकार द्वारा संचालित गौशाला में भूसा दान करना चाहिए। पतारा ब्लॉक स्थित सभागार कक्ष में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ब्लॉक प्रमुख पतारा कोमल सिंह ने यहां मौजूद विधायक सरोज कुरील, जिलापंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ए जिला पंचायत सदस्य प्रवीण मिश्रा उर्फ कल्लू मिश्रा को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया जिंसके बाद बैठक की शुरुआत हुई। बैठक में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने गर्मी के मौसम में गांव.गांव उत्पन्न पेयजल समस्या रख्खी। क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने गांव में खराब पड़े हैंडपंप को रिबोर करने के लिए कहा जिससे क्षेत्र में पेयजल समस्या का निस्तारण किया जा सके। इस दौरान यहां मौजूद एक्सीएन नलकूप ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बताया कि ब्लॉक में कुल.49 नलकूप स्थित है, जिनमें से 8 नलकूप खराब है। कुछ में वाटर लेबल की समस्या है। जिन्हें जल्द रिबोर करवाया जाएगा। ग्राम प्रधान चंवर गायत्री ने एडीओ समाज कल्याण पर वृद्धा पेंशन व कन्या अनुदान में पांच सौ रुपये मांगने की शिकायत की है। इस बात का समर्थन सभी ग्राम प्रधान ने किया। जिसके बाद ग्राम प्रधानों ने गांव.गांव संपर्क मार्ग व गलियों पर जनवर बांधने की शिकायत की। जिसपर वीडियो अंजली सरोज ने ग्राम प्रधानों से अभियान चलाकर गांव.गांव लोगों को समझाने के साथ न मानने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने की बात कही। बैठक में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य भाजपा नेता मनोज भदौरिया ने ब्लॉक प्रमुख पर मनमाने ढंग से बिना बैठक किये, बिना प्रस्ताव के 70 टेंडर का आरोप लगया है। मनोज भदौरिया ने उपस्थित रजिस्टर में बैठक शुरू होने से पहले साइन देखे तो वीडियो अंजली सरोज से शिकायत की जिसपर वीडियो ने कर्मचारी को फटकार लगाई। इस दौरान यहां पर जिंप अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक सरोज कुरील, जिंप सदस्य कल्लू मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मीना संख्वार, जिंप सदस्य बाबोल नगर, पशुचिकित्साधिकारी राजेन्द्र कुमार, चिकित्साधीक्षक नीरज सचान, समेत कुल.37 ग्राम प्रधान व 42 बीडीसी सदस्य मौजूद रहें।

## क्विक न्यूज

### दबंगों ने घर के अन्दर घुसकर दंपति को पीटा

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के भौरा गॉव में दबंगों ने घर के अन्दर घुसकर दम्पत्ति के साथ मारपीट की। पीडित के साथ दबंग इससे पहले भी मारपीट की घटनाओं को ॲजाम ददे चुके है। मामले में निर्वाचित प्रधान की संलिप्तता व पैरवी से दबंग अक्सर अपने पारिवारिक भाईयों के साथ अक्सर शराब के नशे में कई बार मारपीट की घटनाओं को ॲजाम दे चुके है। पीडित रघुवीर सिंह ने बताया कि वह शनिवार की सुबह अपने घर में बैठा था उसी समय श्याम सिंह उर्फराजू सिंह, ऋषभ सिंह, ललिता सिंह एक राय हो गाली गलौज करते हुये लाठी डण्डो से मारपीट करने लगे, मेरे चिल्लाने पर पत्नी शीला बीच बचाव करने आयी तो उपरोक्त दबंगों ने उसे भी मारा पीटा, पीडित ने बताया इससे पहले भी उपरोक्त श्याम सिंह व ऋषभ सिंह शराब के नशे में धुत हो दो बार मारपीट की घटनाओं को ॲजाम दे चुके है, विगत पॅचायत चुनाव में प्रधान पद में दूसरे प्रत्याशी का सर्मथन करने पर राजनैतिक प्रतिशोध के चलते निर्वाचित प्रधान दबंगों की पैरवी के साथ शह व सॅरक्षण दे रहा है। थानध्यक्ष अखिलेश जायसवाल ने बताया कि मामले की जॉच कर कार्यवाही की जा रही है।

### ग्रामीण ने तमंचे से गोली मार की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** ग्रामीण ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जॉंच पड़ताल की। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम बदनपुर निवासी नीरज पुत्र लालाराम बीती रात पड़ोस की शादी में गया था। आधी रात को घर लौट कर आया। जिसके बाद उसने कमरें में जाकर तमंचे से सीने में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब नीरज की पुत्री कोमल कमरें में गयी तो पिता का शव लहुलुहान हालत में पड़ा देखा। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर थानाध्यक्ष दिनेश गौतम मौके पर आ गये। उन्होंने शव के पास से तमंचा और एक खोखा बरामद किया। मृतक की मॉं राम श्री व पत्नी संगीता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। दारोगा अखिलेश ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पूर्व प्रधान के भतीजे की ट्रैक्टर पलटने से मौत

**फर्रुखाबाद।** बीते दिन अचानक ट्रैक्टर पटलने ने पूर्व प्रधान का भतीजा घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस से उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लाया गया जहॉं उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों में कोहराम मच गया। थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर निवासी मनोज कटिययार का इकलौता 19 वर्षीय पुत्र निश्चिय बीते दिन ट्रैक्टर लेकर राजेपुर में गया था। जहॉं अचानक उसका ट्रैक्टर ग्राम बरुआ के निकट खड्ड में पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चला रहा निश्चय गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पंहुची एबुलेंस 108 से उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहॉं उसे मृत घोषित कर दिया गया। निश्चिय की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। मृतक निश्चिय पूर्व प्रधान संजय कटियार का भतीजा था। मृतक के एक बहन नेहा है।

### भोपाल क्राइम ब्रांच ने दो को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** भोपाल क्राइम ब्रांच ने बीते दिन लगभग आधा दर्जन को पकड़ा था। लेकिन दो को ही गिरफ्तार किया। अन्य को पूंछतांछ के बाद छोड़ दिया गया। भोपाल क्राइम ब्रांच के प्रभारी सुनील केवट व दारोगा देवेन्द्र शाह ने बीती दिन थाना पुलिस की मदद से हुसैनपुर हढाई अमृतपुर निवासी राशिद खां पुत्र शमशाद खां, प्रवीन पुत्र सौदान सिंह निवासी भाऊपुर चौरासी राजेपुर को गिरफ्तार किया। उनकी निशान देही पर टीम ने वीरपुर हरिहरपुर निवासी अंबरीश पुत्र रामनरेश, अमैयापुर निवासी कौशल कुमार पुत्र मकरंद सिंह व शिव कुमार पुत्र सोहन पाल निवासी हरिहरपुर को भी हिरासत में लिया गया। लेकिन उन्हें पुलिस ने पड़ताल के बाद छोड़ दिया। सीओ अमृतपुर अजेय शर्मा ने बताया कि दो को भोपाल पुलिस गिरफ्तार कर साथ ले गयी। अन्य को अपराध साबित ना होनें पर छोड़ दिया गया।

### युवक का रामगंगा में उतराता मिला शव

**फर्रुखाबाद।** घर से गायब युवक का शव रामगंगा में उतराता मिला। जिससे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम अल्हादादपुर भटौली निवासी 23 वर्षीय विपिन कुमार उर्फरिंकू पुत्र अनिल कुमार दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। वह 11 मई को एक विवाह समारोह में शामिल होनें के लिए गॉंव आया था। बीते दिन लगभग 2रू30 बजे वह घर से चला गया। जिसके बाद शाम तक घर नही लौटा तो परिजनों नें तलाश शुरू की। लेकिन उसके बाद भी उसका कोई सुराग नही लगा। देर शाम विपिन के पिता अनिल कुमार नें थानें में तहरीर दी। शनिवार को सुबह 7 बजे उसका शव रामगंगा में तैरता मिला। सूचना मिलने पर कार्यवाहक थानाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव मौके पर आ गये। उन्होंने पांचाल घाट से गोताखोर बुलाकर शव को बाहर निकाला। पिता अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि गॉंव के ही कुछ लोगों ने विपिन को शराब पिलाकर रामगंगा में धक्का दे दिया। वहीं पास की ही एक झोपडी के निकट उसके कपड़े व मोबाइल मिला। पिता अनिल कुमार अमृतपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष सुरजीत यादव ने बताया कि तहरीर मिल गयी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### संदिग्ध अवस्था में युवक ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम सभापुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक लगभग 35 वर्षीय युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सभापुर गांव निवासी जगजीत नरायन का पुत्र सुरेश कुमार ने संदिग्ध अवस्था में देर शाम घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जें में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोहारनपुर के समीप साइकिल से अपनी पुत्री की ससुराल जा रहे 75 वर्षीय वृद्ध को बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के बरईचा गांव निवासी स्व0 श्रीराम का पुत्र सत्यनरायन दोपहर साइकिल से अपनी पुत्री सरोज निवासी सलेमपुर जा रहा था। जैसे ही साइकिल लोहारानपुर चौराहा के पास पहुंची तभी पीछे से तेज राफ्तार आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल वृद्ध को उपचार के लिए जिला चिकिल्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्चुरी हाउस में रखवा दिया।

## जितिन प्रसाद बोले, जमीनों पर कब्जा करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**लोक निर्माण** विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद की शनिवार को चौपाल लगायी गयी। जिसमे उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना। एक शिकायत कर्ता नें कहा की वर्षो से वह शिकायत कर रहा है लेकिन अफसर उसका फर्जी निस्तारण कर रिपोर्ट लगा रहें है। मंत्री के जाते ही फरियादी को फोन पर धमकी दी गयी। वहीं मंत्री ने कहा की जो भी जमीनों पर कब्जा किये हैं उन पर सख्त कार्यवाही की जाये।

विकास खंड कमालगंज के ग्राम दानमंडी में मंत्री की चौपाल लगी। जिसमे फरियादियों की भीड़ उमड़ी । महेश पुत्र चन्द्र सेन ने शिकायत करते हुए कहा की उसके खेत का रकबा कम है। उन्होंने लेखपाल हसमुख से पैमाइश करनें को कहा। वहीं मंत्री के जानें के बाद लेखपाल ने शिकायत कर्ता से भला बुरा कहा। मंजू देवी ने विधवा पेंशन की शिकायत की। बीसी सखी सुनीता चौधरी ने मंत्री से कहा की उनकी 5 बीघा भूमि पर दबंग कब्जा करके अपना कालेज बनाये हैं। उन्होंने तहसीलदार को कार्यवाही के निर्देश दिये। वहीं सचिन कुमार ने शिकायत करते हुए कहा की उनके गॉंव में तालाब पर दबंग लोग कब्जा किये है। जिसकी कई बार शिकायत सीएम हेल्प लाइन पर की गयी लेकिन अधिकारी फर्जी रिपोर्ट लगाकर अपना पल्ला झाड रहें है। लेकिन गॉंव के तालाब की सफाई और उस पर किया गया अतिक्रमण नही हटाया गया।

मंत्री ने जिलाधिकारी को ग्राम का पूर्णत: कायाकल्प कराने के निर्देश दिये। कुल मिलाकर लगभग डेढ़ दर्जन शिकायतें मंत्री ने सुनी और कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की कब्जे की काफी शिकायत मिली है तत्काल जमीनों को कब्जा मुक्त कराया जाये। जिला प्रशासन ध्यान रखे कि किसी भी दशा में कमजोर वर्ग के व्यक्त्यिों का शोषण न हो। भू–माफिया व कब्जा करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही हो। सभी अधिकारी ध्यान रखें कि योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता व भ्रष्टाचार की मिली सूचना तो कठोर से कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। जनचौपाल में मंत्री द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन कराया । ग्राम में बेहतर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शाम तक सभी लाभार्थियों के आयुषमान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये।

**मंत्री के जाते ही शिकायत कर्ता को मिली धमकी:** सचिन कुमार ने गॉंव के तालाब से अतिक्रमण हटाकर उसकी सफाई करानें की शिकायत की। सचिन कुमार ने बताया की मंत्री के जाते ही उनके पास गॉंव के ही एक दबंग का फोन आया और कहा की शिकायत करके मेरा कुछ नही कर लोगों। मेरा अतिक्रमण कोई नही हटवा सकता। सांसद मुकेश राजपूत, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, बीडीओ कमालगंज आलोक आर्य, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अरविन्द कटियार, सुधीर सिंह, शैलेन्द्र राजपूत, डीएस चौहान, भइयन मिश्रा, पूर्व किशोर भदौरिया,प्रधान राखी दीक्षित, सचिव करन सिंह आदि रहे।

## पूर्व सदर विधायक ने भाजपा कोषाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि



**फतेहपुर।** पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह के आवास में भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष एवं कलक्टरगंज वार्ड के सभासद स्व0 दिवाकर अवस्थी की श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रृद्धांजलि सभा में पूर्व सदर विधायक ने स्व0 दिवाकर अवस्थी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि दी। उन्हें याद करते हुये उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा कर मौजूद जनमानस को भावुक करते हुये जिसमें श्री सिंह की भी आँखें नम हो गयी। श्रृद्धांजलि सभा में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुये उनके जीवन से जुडे हुये संस्मरण की चर्चा की। इस मौके में प्रमोद द्विवेदी, शैलेन्द्र रघुवंशी, धन्नंजय द्विवेदी सभासद, रामप्रकाश गुप्ता, नीटू मिश्रा, बेलू मिश्रा, अन्नू सविता सभासद, पुष्पराज पटेल, पुत्तूलाल गोलइया, महेश गुप्ता सभासद, राम सिंह पाल, राजेश मौर्य सभासद, हरीराम लोधी सभासद, ज्योति प्रवीण जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, अभिजीत भारती जिलाअध्यक्ष अनु मोर्चा, अलीक खां जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, सुगन्ध शुक्ला, पंकज मिश्रा, जयप्रकाश सिंह फौजी नगर अध्यक्ष, संजय गुप्ता नगर अध्यक्ष, राजवर्धन सिंह, बुद्धराज सिंह, विक्रम सिंह, सोनू तिवारी, दयाशंकर गुप्ता भगत जी, बच्चा तिवारी, राजा सिंह, शिवम अग्निहोत्री, उत्कर्ष श्रीवास्तव, शोल्डी गुप्ता, बलकेश मिश्रा, आयुष अग्रहरि, अखिलेश चौहान, राजन गुप्ता, इकबाल सिंह, राघवेन्द्र, किशन शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

## अमृत सरोवर व गौवंश की सुविधाओं की समीक्षा



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अमृत सरोवर/ससुर खदेरी नदी व गौवंशो हेतु सुविधाओं के संबंध में समीक्षा बैठक अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि गौवंशो के लिए भूसा, हरा चारा, पशुआहार, पानी आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। गौवंशो के लिए भूसा जन सहयोग के माध्यम से एकत्रित किया जाए। इसके लिए ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, बड़े पशुपालक, ईंट भट्ठा व्यापार संघ, पेट्रोल पम्प के संचालकों, बड़े कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों से भूसा गौशालाओ को दान कराने हेतु आह्वान करें। गौशालाओ को दान से प्राप्त भूसा के लिए अलग से अस्थायी शेड बनाकर रखें जो अस्थायी शेड बनाया जा रहा है। उसकी फोटोग्राफभी उपलब्ध कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। पशुओं के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए सतत निगरानी रखते हुये टीकाकरण, पोषण आदि का ध्यान रखा जाए। जिन गौशालाओ में गौवंशो के गोबर से लठ्ठे बनाये जा रहे है, की मशीन के लिए प्लेटफार्म तैयार किया जाए। वर्मी कम्पोस्ट खाद जिन गौशालाओ में बनाई जा रही है। वहॉं प्लेटफार्म तैयार करने के साथ ही जिन स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाये गए है।उनका स्टीकर पैकेट में लगवाकर बिक्री कराये।

अमृत सरोवर योजनांतर्गत जो तालाब चिन्हित किये गए है। जीर्णोद्धार/पुनर्जीवित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया जाए। जिसमे मूल रूप से सरोवर के आस–पास वृक्ष, बैठने की व्यवस्था, वाकिंग पार्क आदि से सुसज्जित किया जाए। जनपद में 62 खेल के मैदान निर्मित किये गए है। उसमें क्षेत्रफल के अनुसार वृक्ष, खेलकूद संबंधित उपकरण लगाए जाए। उपजिलाधिकारियों से कहा कि अपने–अपने क्षेत्र के प्रत्येक विकास खंड में 05–05 खेल के मैदान बनाने के लिए भूमि का चिन्हांकन ऐसे स्थानों पर किया जाए। जो आबादी के समीप और बड़ी ग्राम पंचायते है। उन्होंने कहा कि जनपद में 10 मॉडल स्कूल बनाये जाने हैं। उनका चिन्हांकन करने के के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। मॉडल स्कूलों में सभी सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए कार्ययोजना भी तैयार किया जाए। ससुर खदेरी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए खुदाई के कार्य में तेजी लाए, जो श्रमदान से नदी में खुदाई में किया जाना है। उसमें जो सहयोग की आवश्यकता है। उसकी तैयारी पहले से कराकर रखे जिससे कि श्रमदान करने में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा, परियोजना निदेशक डीआरडीए एमपी चौबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आरडी अहिरवार, डीसी मनरेगा अशोक कुमार गुप्ता, डीडीएजी राममिलन सिंह परिहार, जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित एडीओ पंचायत आदि उपस्थित रहे।

## टैक्स बार एसो. कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**टैक्स बार** एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम एस आर एस गेस्ट हाऊस बजरिया में हुआ। नौ सदस्यीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, कमलेंद्र सिंह कुशवाहा, महासचिव रामजी बाजपेयी, सचिव संजीव कुमार वर्मा, दलपत सिंह, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार त्रिपाठी, एडिटर आशीष गुप्ता, पुस्तकालयाध्यक्ष अविनाश दुबे को अरुण कुमार त्रिपाठी पूर्व चेयरमैन एवम सदस्य बार कौंसिल ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। मुख्य अतिथि अरुण कुमार त्रिपाठी पूर्व चेयरमैन बार कौंसिल ने कहा कि जिस दिन अधिवक्ता अपने न्याय दिलाने की जीविभिष्का से विमुख हो जायेगा। उसी दिन से देश में अराजकता उत्पन्न हो जायेगा। बार कौंसिल ही वह संस्था है जहा पर जजों के निर्णयों को जज करने का कार्य किया जाता है। अधिवक्ता अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध जनता को न्याय दिलाने का कार्य करे।विशिष्ट अतिथि एडिशनल कमिश्नर ग्रेट।

जी एस टी विमल कुमार राय ने कहा कि आज जी एस टी का कलेक्शन एक लाख करोड़ के पार कर गया है इसमें अधिवक्ताओं का योगदान सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि यू पी टैक्स बार एसोसिएशन के महा सचिव सौरभ सिंह गहलौत ने जी एस टी में हो रही समस्या पर अधिवक्ताओं ब व्यापारियों का आव्हान किया कि कानून में कमियों में सुधार हेतु सुधार करना होगा। कार्यक्रम में प्रांतीय कोआर्डिनेटर अरुण कुमार मिश्रा, कन्नौज अध्यक्ष पोषक पाठक, मैनपुरी अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता,प्रांतीय सदस्य राजीव कुलश्रेष्ठ मैनपुरी, शिकोहावाद अशोक बाबू अग्रवाल, अन्य जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। फतेहगढ़ के डिप्टी कमिश्नर राम सिंह, विजय त्रिपाठी मौजूद रहे ।पूर्व जिला अध्यक्ष विमलेश पांडे द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार श्रीवास्तव ,एस डी कुशवाहा, रामप्रकाश त्रिपाठी चुनाव अधिकारी, सतीश दीक्षित को सम्मानित किया गया। डाक्टर के एम दिवेदी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, सदर तहसील अध्यक्ष अतर सिंह कटियार,संजय गर्ग,सुरेंद्र अग्रवाल आदि गणमान्य मौजूद रहे। संचालन महासचिव रामजी बाजपेई ने किया। कवियत्री प्रीति तिवारी,गरिमा पांडे, स्मृति अघिनोत्री, वैभव सोमवंशी ने कविता पाठ किया।

# भूसे की उपलब्धता न होने पर एडीओ पंचायत संग्रामपुर और ग्राम प्रधान चंडेरिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

संवाददाता। अमेठी



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम

**जिलाधिकारी राकेश** कुमार मिश्र के निर्देश पर विकासखंड संग्रामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चंडेरिया में गो आश्रय स्थल में मौजूद गोवंशों के सापेक्ष पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता ना होने पर दीनदयाल दुबे सहायक विकास अधिकारी पंचायत विकासखंड संग्रामपुर तथा मोहम्मद तुफैल ग्राम प्रधान चंडेरिया के विरुद्ध संग्रामपुर थाने में पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के अंतर्गत एफ0आई0आर0 दर्ज कराई गई। बताते चलें कि शासन द्वारा गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा/भूसा, पानी, छांव, इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं जिसको लेकर जिलाधिकारी महोदय द्वारा भी लगातार संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं, उनके द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर वहां पर पर्याप्त मात्रा में भूसा/चारा, पानी की व्यवस्था, टीनशेड व पशुओं के स्वास्थ्य इत्यादि सुविधाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में विकासखंड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत चंडेरिया के गो आश्रय स्थल का नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडे द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गो आश्रय स्थल में मौजूद 24 गोवंश के सापेक्ष उनके खिलाने के लिए मात्र 50 किलोग्राम भूसा उपलब्ध है जो कि गोवंश के सापेक्ष उपलब्ध भूसा बहुत ही कम है, मौके पर जांच के समय उपलब्ध 50 किलोग्राम भूसे से परिलक्षित हुआ कि संरक्षित गोवंश को भरपेट भूसा/चारा नहीं दिया जा रहा है गोवंश के साथ यह कृत्य पशु क्रूरता अधिनियम की परिधि में आता है जिसको लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर डा. मेहेर सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी विकास खंड संग्रामपुर द्वारा संबंधित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) दीनदयाल दूबे विकासखंड संग्रामपुर तथा संबंधित ग्राम प्रधान मोहम्मद तुफैल ग्राम पंचायत चंडेरिया के विरुद्ध संग्रामपुर थाने में एफ0आई0आर0 दर्ज कराई गई है। इसके अतिरिक्त गो आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में चारे/भूसे की उपलब्धता न सुनिश्चित करने तथा पशुओं के स्वास्थ्य की देखरेख व विभागीय दायित्व में लापरवाही बरतने पर खंड विकास अधिकारी भेटुआ संजय गुप्ता और भादर साबिर अली तथा उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ लाल रत्नाकर सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राम शिरोमणि, डॉक्टर उमेश चंद्र, डॉक्टर संतोष कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए इसके साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर समुचित नियंत्रण न रख पाने, सौंपे गए दायित्वों में शिथिलता बरतने तथा पशुओं की सही जियो टैगिंग न करवाने तथा अन्य विभागीय दायित्व में लापरवाही बरतने के मामले को लेकर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जेपी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा 13 मई 2022 को सांय कलेक्ट्रेट सभागार में गो आश्रय स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं को लेकर आयोजित बैठक के दौरान डॉक्टर अंबर मिश्रा पशु चिकित्सा अधिकारी फुरसतगंज, डॉ अजीत गुप्ता पशु चिकित्सा अधिकारी नवावां, डॉक्टर एमके वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी हरदो द्वारा बिना बताए अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों पर मौजूद गोवंशों के सापेक्ष भूसा/चारा, पानी की व्यवस्था, छांव इत्यादि व्यवस्थाएं उपलब्ध रहे।

# नेहरू युवा केंद्र के नेतृत्व में युवाओं ने किया योगाभ्यास



योगासन करते हुए

**तिलोई,अमेठी।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले आठवे अंतर्राष्टीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नेहरू युवा केंद्र अमेठी के तत्वाधान में शनिवार को योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को सिंहपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा फूला के बाबा फुलेश्वर धाम प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र की ओर से आयोजित योगा अभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिंहपुर के ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी ने लोगों से योग करने की अपील की। उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार योग की वजह से उनकी खुद की बीमारी दूर हो गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में योग को अपनाना होगा। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इससे योग का महत्व और भी बढ़ जाता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के प्रोफेसर डॉक्टर धनंजय सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेहरू युवा केंद्र अमेठी की उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। योग से ही मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। शरीर में लचीलापन रहता है और योग आलस्य को दूर करता है। योग प्रशिक्षके के रूप में पहुंचे पतंजलि योग समिति अमेठी के जिला प्रभारी बृजेश सिंह ने योग शिविर में योग साधको को सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभांति सहित अनेकों आसन की क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए उनके फायदे बताएं। साथ ही प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सिंहपुर पिंटू शुक्ल ने समस्त अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर व बैच लगाकर स्वागत किया। इस योग शिविर में सरजू प्रसाद ग्राम प्रधान फूला, योग प्रशिक्षक अखिल प्रताप सिंह, आदर्श कुमार एनवाईवी सिंहपुर, सूर्यभान सिंह, श्रवण कुमार शुक्ल, बजरंग लाल शुक्ल, भरत कुमार मिश्र, नंद किशोर पांडे आदि उपस्थित रहे।

# लालगंज थाना दिवस मे पहुंचकर डीएम और एसपी फरियादियों से हुए रूबरू

संवाददाता। लालगंज रायबरेली।

**जिलाधिकारी माला** श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक श्लोक श्रीवास्तव ने लालगंज थाना दिवस मे पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण का हरसंभव भरोसा दिलाया। डीएम ने थाना दिवस में मौजूद राजस्व व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि थाना दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करें जिससे लोगों को न्याय मिल सके। डीएम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता को एक ही पटल पर न्याय दिलाने की कार्यवाही की जाए ,उसी क्रम में तहसील दिवस और थाना दिवस का आयोजन होता है ।थाना दिवस में आई शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को देकर एक समय सीमा में निस्तारण करने का निर्देश भी डीएम और एसपी ने दिया ।थाना दिवस में भाजपा नेता रमेश सिंह ने केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, वहीं पूरे उजागर धना भाद के सूरज यादव ने जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही उपेंद्र यादव के खिलाफ शिकायत की है ।इसके साथ ही भीरा गोविंदपुर की दुखी पतिया पत्नी भगवती ने गांव के ही वकील अहमद पुत्र राशिद के खिलाफ उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की है। डीएम ने सभी मामलों के निस्तारण का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर एसडीएम विजय कुमार, सीओमहिपाल पाठक प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**लालगंज रायबरेली ।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के कैली गांव निवासी राम शंकर पुत्र रामसहाय की प्लैटिना बाइक लालगंज कस्बे से चोरी चली गई है ।रामशंकर ने बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा लालगंज के सामने स्थित विश्वकर्मा इंजीनियरिंग में काम करता है ।वहीं से उसकी बाइक संख्या यूपी 33 एडी88 79 चोरी चली गई है ।पुलिस ने रामशंकर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है ।जांच दरोगा सुनील कुमार को सौंपी गई है।

## मारपीट का मुकदमा पंजीकृत

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के सोभवापुर निवासी श्री राज पुत्र बाबूलाल ने गांव के ही उमाशंकर, सूरज और संजय के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है ।श्री राज ने बताया कि प्रतिपक्षी गणों ने रंजिसन उसके पुत्र शिवकरन को लाठी डंडे से मारा पीटा है ।उसने बताया कि विपक्षी उसके दरवाजे लड़ाई करने के इरादे से चढ़ आये थे और गाली गलौज करने लगे थे ।उसके पुत्र ने एतराज किया तो उसे.मारा पीटा। शिवकरन का इलाज रायबरेली जिला अस्पताल में चल रहा है ।मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सऊदी से आई युवक की लाश को देख परिजनों का सब्र जवाब दे गया

संवाददाता। महराजगंज- रायबरेली



**26 दिन बाद** सऊदी से आई युवक की लाश को देखकर परिजनों का सब्र जवाब दे गया मां बाप सहित छोटे भाई बहन का रो रो कर बुरा हाल है यह नजारा जिसने भी देखा उसकी आंखों से आंसू निकल आए माता पिता ने बड़े ही आशा और विश्वास के साथ जिस बच्चे को सऊदी कमाने के लिए भेजा था जब उसकी लाश गांव पहुंची तो परिवार सहित पूरे गांव में गम का माहौल पसर गया कोतवाली क्षेत्र के नया पुरवा मजरे चंदापुर गांव के युवक सरवन कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र जगदेव बगल के ही एक युवक के साथ सऊदी कमाने के लिए गया हुआ था लेकिन अचानक किसी कारणवश युवक की मौत सऊदी में हो जाती है जिसकी सूचना फोन के माध्यम से जब माता-पिता के पास पहुंचती है तो उनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है दूसरे देश में बच्चे की मृत्यु हो जाने से मां और बाप परेशान हो जाते हैं कि मेरे बच्चे का शव आखिर मेरे देश मेरे गांव कैसे पहुंचे कागज़ी कार्रवाई चलती है उसके 26 दिन बाद बच्चे की लाश लखनऊ एयरपोर्ट पर आती है जहां से परिजन लाश लेकर अपने घर पहुंचते हैं मृतक युवक के ऊपर परिवार की बहुत ही ज्यादा जिम्मेदारी थी और इसी जिम्मेदारी और विश्वास के साथ माता-पिता ने उसको सऊदी भेजा था लेकिन शायद ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था कि जहां युवक कमाने गया था वही से उसकी लाश आती है सरवन कुमार भाई बहनों में सबसे बड़ा था युवक के पीछे तीन भाई दो बहन की बड़ी जिम्मेदारी थी पिता चाय की दुकान चलाता है और किसी तरह अपना भरण-पोषण करता है आज जब युवक की लाश गांव पहुंची तो गांव और क्षेत्र सहित हर व्यक्ति की आंखें नम थी युवक के पार्थिव शरीर को गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया इस मौके पर ग्राम प्रधान बृजलाल रंजन लाल जीवनलाल सोनू शकील अहमद सुकेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम ने सुनी समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं



फरियादियों की शिकायत सुनती उपजिलाधिकारी व सीओ

**तिलोई,अमेठी ।** शिवरतनगंज थाना परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह एवम सी ओ। डॉ अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया । उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह ने कहा कि न्याय सबका अधिकार है । राजस्व कर्मियों को शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए हैं। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस मे 9 शिकायतें आयी। शिकायतों में 5 राजस्व विभाग तो 4 पुलिस विभाग से सम्बंधित थी।थानाध्यक्ष शिवरतनगंज शेषनाथ सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग की चारों शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है।राजस्व विभाग की शिकायतों के लिए टीम गठित कर दी गई है।इस मौके पर धनंजय श्रीवास्तव, मानस शुक्ल,संजीत मिश्र,उपनिरीक्षक महेंद्र सरोज,मंजीत सिंह, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### एंबुलेंस में हुए प्रसव, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

**ऊंचाहार,रायबरेली।** शनिवार को ऊंचाहार और रोहनिया क्षेत्र में दो महिलाओं का चलती एंबुलेंस में प्रसव हुआ है । प्रसव के बाद दोनो महिलाओं को सीएचसी में भर्ती कराया गया है पहला मामला पूरे गौतम गांव निवासी उमा देवी सरोज पत्नी मुकेश कुमार के साथ हुआ है। उमा को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो परिजन 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी लाया जा रहा था । किंतु रास्ते में ऊंचाहार सलोन रोड पर मामूनी गांव के पास महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस रोक दी गई और प्रसव कराया गया है । दूसरा मामला ऊंचाहार के गांव पूरे पर्वत का है ।गांव निवासी सुनील कुमार की पत्नी रीता देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, जिस पर परिजनों ने एम्बुलेंस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा प्रसव पीड़िता को प्रसव हेतु सीएचसी लाया जा रहा था, प्लाई फैक्ट्री के निकट महिला को असहनीय पीड़ा शुरू हो गई, जिस पर चालक अनिल कुमार ने एम्बुलेंस को रोककर ईएमटी पप्पू प्रसाद की मदद से सीएचसी में सकुशल प्रसव कराया गया है ।

### स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत हो रहे नामांकन में नगर क्षेत्र बना नंबर वन, वही सलोन की रफ्तार सबसे धीमी

**रायबरेली।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत हो रहे नामांकन में नगर क्षेत्र बना नंबर वन ,वही सलोन की रफ्तार सबसे धीमी शैक्षिक सत्र 2022-2023 में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में नामांकन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली द्वारा समस्त विकास खंडों को निर्धारित लक्ष्य प्रदान किए गए थे। जिसमें नगर क्षेत्र को पिछले वर्ष 3705 नामांकित छात्रों के सापेक्ष इस वर्ष 4409 कुल नामांकन का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें अभी तक नगर क्षेत्र में 1150 नामांकन कर कुल नामांकन 4687 पहुंचा दिया। नगर क्षेत्र का लक्ष्य प्राप्ति प्रतिशत 104 है। नगर खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह ने इस कार्य के लिए सभी शिक्षकों को नगर क्षेत्र को शीर्ष पर लाने के लिए हार्दिक बधाई दी। श्रीमती प्रियंका सिंह ने बताया कि उनके द्वारा समस्त विद्यालयों को शिक्षकवार लक्ष्य प्रदान किए गए थे जिसको शिक्षकों ने बड़ी कर्मठता से पूरा किया।

### संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न

**ऊंचाहार,रायबरेली।** एसडीएम की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल आई 12 शिकायतों में तीन शिकायतों का उभय पक्षों के समक्ष त्वरित निस्तारित कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में क्षेत्र से आये 12 फरियादियों ने एसडीएम राजेश कुमार व कोतवाल शिवशंकर को अपनी फरियाद सुनाई। पूरे शिव गुलाम मजरे अरखा गांव निवासी तेजभान सिंह ने भूमि की पैमाइश कराने तो कोटिया चित्रा गांव निवासी छात्रधारी पांडे ने भाइयों द्वारा पैतृक भूमि पर हिस्सा ना देने का आरोप लगाया। पट्टी रहस कैथवल निवासी छेदीलाल ने अवैध कब्जे की,वही पूरे बिंदा पांडे का पुरवा गांव निवासी गीता देवी ने जमीनी विवाद को लेकर,पूरे गुरूदत्त पांडेय निवासी मनोज कुमार रास्ते को अवरुद्ध करने का प्रार्थना पत्र दिया है। समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें जमीनी विवादों से संबंधित रही। तीन शिकायतों का तो एसडीएम ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में मौके पर ही निस्तारित कर दिया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर राजस्व विभाग व ब्लाक विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलयुगी पुत्र ने मां को बेरहमी से पीटा

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कलयुगी बेटे ने इस कदर बुजुर्ग मां को डंडे से पीटा कि बुजुर्ग महिला के शरीर पर डंडे के निशान पड़ गए, पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर बेटे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।मामला क्षेत्र के पूरे रामबख्श मजरे कोटिया चित्रा गाँव का है जहां की रहने वाली बुजुर्ग महिला मोहिनी देवी का कहना है कि शनिवार की दोपहर वो दरवाजे पर बैठी हुई थी तभी उनका बेटा आया और अनायास ही गाली गलौज करने लगा और हमने इस बात का विरोध किया तो आरोप है कि उसने डंडे से पीटना शुरू कर दिया, आसपास मौजूद लोगों ने पहुंचकर बीचबचाव किया।वहीं पीड़िता का ये भी कहना है कि इसके पूर्व में भी उसने क़ई बार मारपीट की है।बेटे की प्रताड़ना से आजिज होकर पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है।कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# दिव्यांगता समिति बैठक का किया गया आयोजन

संवाददाता। रायबरेली

**● सरकार की विभागीय योजनाओं व कार्यकमों को शत-प्रतिशत लागू करने के लिए भी योजना बनाई गई**

**बचत भवन** में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिव्यांग जनों को लाभ दिलाए जाने हेतु जिला दिव्यांगता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से दिव्यांग जनों के पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के संबंध में परामर्श दिया गया। दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार की विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत लागू करने के लिए भी योजना बनाई गई। दिव्यांग जनों की शिकायतों का गुणवत्ता परक निस्तारण करने हेतु संबंधित विभाग से तालमेल स्थापित करके प्रकरणों का निराकरण कराने के लिए चर्चा की गई। दिव्यांग जनों के विशिष्ट पहचान पत्र कार्ड का क्रियान्वयन मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के समन्वय से प्रभावी ढंग से संपन्न कराए जाने पर भी चर्चा की गई। वहीं इसके साथ ही साथ अन्य बिंदु भी बैठक में दिव्यांग जनों के लिए बैठक में रखे गए जिससे दिव्यांग जनों का हित ना प्रभावित हो सके। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सचिव डीएमटी, जिला प्रबंधक समिति रायबरेली, एलएलसी मेंबर शिवकुमार सिंह पटेल व मुरारी सिंह मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख से अधिक मुकदमे निस्तारित

संवाददाता। रायबरेली




**राष्ट्रीय विधिक** सेवा प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी परिसर रायबरेली में किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश के द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। जिला जज द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि न्याय व्यवस्था में वादकारियों का हित सर्वोच्च होता है। वादकारियों के मध्य सुलह-समझौते के आधार पर लम्बित मामलों को निपटाने व आमजन को सुलभ व सुगम न्याय उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश-कुटुम्ब न्यायालय रवीन्द्र विक्रम सिंह, चेयरमैन-मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गुरप्रीत सिंह बावा, अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत कृष्णकान्त पाण्डेय, अध्यक्ष, उपभोक्ता फोरम मदन लाल निगम, प्रथम अपर जिला जज ज़ैगम उद्दीन, अपर जिला जज अरुण कुमार मल्ल, अपर जिला जज उदयवीर सिंह (नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत), प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मगन व अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अपर जिलाधिकारी प्रेम प्रकाश उपाध्याय, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश चन्द्र पाण्डेय, महामंत्री अमरेन्द्र सिंह व विभिन्न बैंक के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री ने दयानंद पीजी कॉलेज में परास्नातक के छात्रों को बांटे टेबलेट



**बछरावां रायबरेली ।** उत्तर प्रदेश सरकार की तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को स्मार्टफोन व टेबलेट वितरित करने का निर्देश दिया गया था। उसी के तहत आज बछरावां नगर के दयानंद पीजी कॉलेज में जनपद के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा परास्नातक के 344 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किया गया। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक संचार क्रांति के माध्यम से भी अपनी अधिगम को और अधिक रोचक बना कर ज्ञान अर्जित कर सकें। इस मौके पर दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य सुभाष चंद श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। वहीं प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के स्वागत अभिभाषण के पश्चात टैबलेट वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम राज्य मंत्री महोदय ने महाविद्यालय की छात्रा आकांक्षा वर्मा को टेबलेट देकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। वही राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने छात्र छात्राओं को खूब मेहनत से पढ़ाई करने का मंत्र दिया। जिससे वह अपना, अपने परिवार व जनपद का नाम रोशन कर सकें टेबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। वही इस कार्यक्रम का कुशल संचालन सत्येंद्र सिंह राठौर द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण नारायण, मंत्री प्रतिनिधि कुंवर वीर भान सिंह, महाविद्यालय की संपत्ति अधिकारी मंजू श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, लवपाल सिंह, विष्णु श्रीवास्तव, प्रवीण शुक्ला, रामप्रवेश तिवारी नोडल, प्रवक्ता अजय कुमार, शैलेंद्र कुमार व सुखबीर सिंह यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए :डीएम



**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने थाना लालगंज में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्या को गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुने और उसका समय से निस्तारण करें। जिसे थाना प्रभारी/अधिकारी संवेदनशीलता व गंभीरता से लेकर समस्याओं का निराकरण समयबद्ध गुणवत्तायुक्त तरीके से करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए और शिकायतों को निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी जांच आदि पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करें तथा निर्दोष के खिलाफ फर्जी कोई कार्यवाही न की जाये।


डीएम-एसपी ने थाना लालगंज में आयोजित थाना दिवस पर आम जन की समस्याओं/फरियादियों को सुना और उनके निराकरण के निर्देश सम्बन्धित थाना प्रभारी व अधिकारियों को दिये। उन्होंने निस्तारण के समय शिकायतकर्ता को सूचित किया जाये और उसकी उपस्थिति में शिकायत का समाधान कराएं और निस्तारण की एक प्रति शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराये। थाना दिवस पर 8 राजस्व विभाग, 4 पुलिस विभाग कुल 12 शिकायत प्राप्त हुई।इस मौके पर उपजिलाधिकारी लालगंज, कानूनगो, सीओ लालगंज, थाना प्रभारी/पुलिस कर्मी सहित फरियादी लोग उपस्थित रहे।

# अब मनरेगा पर पहरा!

संवाददाता। बस्ती

## भारत सरकार ने की लोकपाल की तैनाती

● विकास भवन के द्वितीय तल पर बना लोकपाल का कार्यालय ● राह चलते और सादे पेपर भी कर सकते हैं, शिकायत ● लोकपाल ने शिकायतों की जांच भी करनी शुरु कर दी ● इनके दायरे में सबसे पहले बनकटी ब्लॉक के ग्राम रामपुर रेवती



**मनरेगा** में हो रहे व्यापक घोटाले को देखते हुए भारत सरकार ने प्रदेश के 30 जनपदों में मनरेगा लोकपाल की तैनाती की है। इसमें बस्ती का भी नाम शामिल है। यहां पर दिव्य प्रकाश को लोकपाल नियुक्ति किया गया है। इनका कार्यालय विकास भवन के डीआरडीए विभाग में स्थापित है। लोकपाल की तैनाती करने के पीछे सरकार की मंशा मनरेगा से भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करना और दोषियों को सजा दिलाना है। यही कारण है, कि इसे इतना सरल बनाया गया है, कि कोई भी व्यक्ति लोकपाल से मनरेगा संबधित शिकायत दर्ज करवा सकता है, यहां तक कि कोई भी व्यक्ति रास्ते चलते लोकपाल से एक सादे कागज या फिर मोबाइल नंबर 9454850646 पर दर्ज करा सकता है। शिकायत मिलते ही उसे एक केस के रुप में लोकपाल के यहां दर्ज हो जाएगा। शिकायत के साथ शपथ-पत्र देने की भी आवश्यकता नहीं है, बस शिकायतकर्त्ता को अपनी पहचान के लिए आधार कार्ड की फोटो कापी लगानी होगी, ताकि शिकायतकर्त्ता की पहचान हो सके। शिकायत अगर साक्ष्य के साथ में दिए जाएगें जो जांच में आसानी होगी, वरना साक्ष्य या अभिलेख एकत्रित करने में समय लग सकता है। वैसे नियमानुसार 30 दिन में शिकायतों का निस्तारण करने का प्राविधान है। लोकपाल के पास विधिक कार्रवाई करने से लेकर वसूली और दंडित करने की संस्तुति करने का अधिकार है। इनकी रिपोर्टिगं भारत सरकार और राज्य के मुख्य सचिव को करना होता है। जिले में लोकपाल एक 'आटोनामस बाडी' के रुप में काम करेगी। लोकपाल ने अपना काम भी शुरु कर दिया हैं, अभी तक चार ग्राम पंचायतों के मामले को केस के रुप में दर्ज किया जा सका है। एक ग्राम पंचायत की जांच भी शुरु हो चुकी है। इनके जांच के दायरे में प्रधान से लेकर रोजगार सेवक और बीडीओ से लेकर कम्पयूटर आपरेटर एवं तकनीकी सहायक शामिल है। लोकपाल की सारी जांच कमरे में बैठकर नहीं अलबत्ता मौके पर जाकर होगी। इनकी जांच को चुनौती नहीं दी जा सकती है। वैसे भी जिले में बढ़ रहे भ्रष्टाचार को देखते हुए किसी स्वंतत्र संस्था की आवश्यकता थी। कम से कम यह किसी के अधीन तो नहीं रहेगें और न इनके उपर कोई राजनीति दबाव ही रहेगा। लोकपाल दिव्यप्रकाश का दावा है, कि आने वाले दिनों में जिले की जनता को लोकपाल के महत्व का पता चलेगा।

लोकपाल ने बताया कि अभी तक उनके पास बनकटी के रामपुर रेवती, साउंघाट के गंधरिया गजराज, कुदरहा के ग्राम कड़सरी मिश्र और इसी ब्लॉक के ग्राम ढ़ोकवा का नाम शामिल है। बताया कि रामपुर रेवती की जांच भी शुरु हो चुकी है। बताया कि सबसे बड़ी समस्या प्रधानों के खिलाफ किसी का सामने न आना हैं, कहते हैं, कि गांव का हर आदमी कहता है, कि प्रधान और सेक्रेटरी चोर है, मगर डर के मारे सामने नहीं आता। गांवों में कार्यो का सीआईबी यानि 'सिटीजन इन्फारमेशन बोर्ड' का अभाव दिखा, जिससे गांव वालों का पता ही चल पाता कि कौन सा काम कब और कितनी लागत से कराया गया। कहते हैं, देसरी सबसे बड़ी शिकायत मनरेगा श्रमिकों से काम न करवाकर मशीनों से काम करवाना रहा है। बताया कि उनके पास तीन से चार साल पुरानी शासन में लंबित मामले में आ रहे है। बताया कि मनरेगा में पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व के सिद्वांतो को ध्यान में रखकर राज्य सरकार मनरेगा योजना के क्रियान्वयन से संबधित शिकायतों के तत्काल निवारण के लिए जिलों में 'ओम्बड्समैन' यानि लोकपाल के कार्यालय की स्थापना की है। इनके कार्यो में शिकायतों का पंजीकरण उसका निवारण, मस्टररोल का सत्यापन, दस्तावेजों का निरीक्षण करना, निधियों के दुरुपयोग की जांच करना, सामाजिक लेखा परीक्षा और अभिलेखों के रखरखाव शामिल है। भ्रष्टाचार के मामले में लोकपाल उस मामले में लिप्त लोगों पर आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए संस्तुति कर सकते है। यह चाहें तो स्वयं भी मुकदमा दर्ज करा सकते है। इनका कार्यकाल दो साल के लिए होगा, एक साल के लिए कार्यकाल बढ़ाए जाने का भी प्राविधान है। अगर इस बीच लोकपाल का कार्य संतोषजनक नहीं रहा तो इन्हें कभी भी हटाया जा सकता है। लोकपाल के क्रियाकलापों, उनके वाहन, कार्यालय एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था डीएम के जिम्मे है।

## एसटीएफके हत्थे चढ़े फर्जी 'गुरुजी' बर्खास्त एफआईआर, होगी वसूली

**बस्ती।** एसटीएफकी जांच में जिले में पिछले 12 साल से पठन-पाठन का कार्य कर रहे एक फर्जी गुरुजी को पकड़ा। इनकी रिपोर्ट पर बीएसए जगदीश शुक्ल ने तत्काल शिक्षक को बर्खास्त करते हुए एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया। इतना ही नहीं पिछले 12 साल के वेतन की रिकवरी का भी आदेश दिया। बता दे कि मानव सम्पदा के पोर्टल पर बेसिक विभाग के सभी अध्यापकों और कर्मियों का लेखाजोखा फीड है। एसटीएफ इसी पोर्टल से उन लोगों के नाम का मिलान कर रही है, जिसमें एक ही नाम के दो व्यक्ति दो जगह नौकरी कर रहे है। इसी के तहत अब तक जिले में लगभग आधा दर्जन से अधिक फर्जी गुरुजी जेल की हवा खा रहे है। इसी कड़ी में गौर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विधालय जलालाबाद के सहायक अध्यापक भानुप्रताप यादव पकड़ में आए। इनके नाम पर असली भानुप्रताप यादव जनपद महराजगंज के विकास खंड परतावल के प्राथमिक विधालय पिपरा खादर में नौकरी कर रहे है।

## फरियादियों की शिकायतों का समय से हो निस्तारणः डीएम

**श्रावस्ती।** समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारीध्कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# जिला पंचायत में रंगबाजी

संवाददाता। बस्ती

● पीडब्लूडी और रेलवे के बाद जिला पंचायत में भी शुरु हो गई गाली गलौज और मारपीट की घटनाएं ● अधिकारियों और अध्यक्ष के नरमी का लाभ उठा रहे ठेकेदार ● अब तो मनबढ़ ठेकेदार कार्यालय में ही अधिकारियों की बेइज्जती करने पर उतारु हो गए ●अपमानित होने वाले इंजीनियर ने कहा-नहीं चलने देंगे ठेकेदारों की मनमानी

**जिला** पंचायत के बिगड़े माहौल को बेहतर बनाने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रशासन को आगे आना होगा। खासतौर से अध्यक्ष को अपने उपर लगे ठेकेदार प्रेमी के ठप्पा को हटाना होगा। जिस तरह तीन दिन पहले कार्यालय में घुसकर ठेकेदारों ने एक इंजीनियर के साथ बदसलूकी की और उन्हें अपमानित किया, उससे जिला पंचायत की छवि और खराब हुई। सवाल उठ रहा है, कि क्या किसी इंजीनियर को जिला पंचायत में ईमानदारी से काम करने का खामियाजा अपमानित होकर भुगतना पड़ेगा। जिस तरह पहली बार किसी इंजीनियर ने ठेकेदारों को उनकी हैसियत का एहसास कराया, अगर यही एहसास पहले कराया गया होता तो आज ठेकेदारों की इतनी हिम्मत नहीं पड़ती कि वह कार्यालय में घुस इंजीनियर के चेंबर में एएमए और इंजीनियर को गाली दें। इच्छित भुगतान और काम न होने से ठेकेदार अपना आपा खोते जा रहे हैं। एक तरह से जिला पंचायत के ठेकेदारों ने पीडब्लूडी और रेलवे वाली परम्परा को अपनाना चाह रहे है। जहां पर ठेकापटटी के लिए आए दिन मारपीट और गोली बारी होती रहती है, और यह सब कुछ कमीशनबाजी को लेकर होता है। ठेकेदार लाबी इस लिए परेशान हैं, कि जब उसका 20 से 25 फीसद कमीशन में चला जाता हैं, तो वह काम कहां से शतप्रतिशत कराएगा। इंजीनियर देवेंद्र कुमार सिंह के आने के बाद तो रही सही कसर भी पूरी हो गई, ठेकेदारों के भलाई अब तो शतप्रतिशत काम कराने में ही दिखाई दे रही है। वरना एफआईआर से लेकर जमानत की जप्ती और ब्लैक लिस्टेड का दंश झेलना पड़ेगा। 11 मई की घटना के बाद इंजीनियर के इरादे को और अधिक मजबूत दिख रहे है। उन्होंने कहा भी कि जिले में बिना उनके देखरेख में ठेकेदारों कोई निर्माण कार्य नहीं करा सकता। हालांकि घटना और एफआईआर की तहरीर से ठेकेदार के उपर अनुबंध और चरित्र प्रमाण-पत्र निरस्त होने का खतरा मड़राने लगा है। यही कारण है, कि सुलह समझौते पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि इंजीनियर के तेवर को देख समझौता होने के आसार कम दिखाई दे रहे है। बाहर के लोगों का कहना है, कि अभी तक तो पीडब्लूडी, रेलवे और आरईडी जैसे बड़े कार्यदाई संस्थाओं में ठेका पटटी के लिए आपस में गुटबाजी सहित अधिकारियों पर व्यक्ति विशेष का प्रभाव होने के कारण ठेकेदारों और अधिकारियों के बीच मारपीट और गाली गलौज होता रहता। इन विभागों में ठेकेदार इस लिए बवाल मचाते रहे कि उनके आलावा अन्य कोई टेंडर न डालने पाए। लेकिन जिला पंचायत में तो कई दशकों से ठेकेदारों एवं अध्यक्षों व अधिकारियों के साठगांठ से चिन्हित ठेकेदारों का ही पंजीकरण होता रहा। यही कारण है, कि इनकी मनमानी यहां तक बढ़ गई कि यह जैसा चाहते रहे वैसा काम और भुगतान होता रहा है। अगर इन्होने यह चाह लिया कि बिना कार्य कराए भुगतान हो जाए तो वह भी हो गया। ऐसे में अगर इंजीनियर देवेंद्र कुमार सिंह जैसा अधिकारी से इनका सामना पड़ जाता है, तो यह चिल्लाने लगते हैं, गाली गलौज और मारपीट करने तक अमादा हो जाते है। चूंकि आज तक किसी इंजीनियर ने उस तरह से अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभाया जिस तरह से वर्तमान इंजीनियर निभा रहे है। इसका कारण रहा है, कि ठेकेदारों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की तिकड़ी से निकले हुए लोग इन विभागों में घुसकर काम करते और कराते रहे। अगर कोई नया अधिकारी नियम कानून का हवाला देकर गलत कामों को रोकने का साहस जुटा पाता है, तो उसके पीछे पूरा जिला पंचायत, ठेकेदार, जनप्रतिनिधि और अधिकरी पड़ जाते है। ऐसे में अधिकारी या तो स्वंय जिले से बाहर चला जाता है, या फिर यह तिकड़ी बोरिया बिस्तर बंधवा देती है। कहने का मतलब तिकडी किसी भी कीमत पर अपने नुकसान को बर्दास्त नहीं कर सकती। यही कारण रहा है, कि चुनाव जीतने से पहले एक मामूली जिला पंचायत अध्यक्ष और नगरपालिका चेयरमैन पांच साल में चल और अचल संपत्ति का इतना मालिक हो जाता है, कि उसे और उसके परिवार को जीवनभर कुछ और करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती।

# सांसद ने अंडर पास का स्थलीय निरीक्षण किया

● मुखलिसपुर रेलवे क्रासिंग अंडर पास के निर्माण के लिए रेल मंत्री से की मुलाकात

रेलमंत्री के निर्देश पर पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों ने लिया जायजा



स्थलीय निरीक्षण करते सांसद एवं एडीआरएम पायनियर

**संतकबीरनगर।** सांसद इं0 प्रवीण निषाद के नेतृत्व में आज ए.डी.आर.एम.-लखनऊ मंडल संजय यादव, ए.डी.ई.एम.-गोरखपुर डिविज़न राजेंद्र सिंह सहित रेलवे अधिकारियों की टीम ने खलीलाबाद स्थित बहुप्रतीक्षित मुखलिसपुर अंडरपास स्थल का निरीक्षण कर, बजट संस्तुति की स्वीकृति प्रदान कर दी है। भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वार्ष्णेय के निर्देश पर रेल मंत्रालय की एक टीम ए.डी.आर.एम.-लखनऊ मंडल संजय यादव ए.डी.ई.एम.-गोरखपुर डिविज़न राजेंद्र सिंह सीनियर डी यन 1 विनीत कुमार संत कबीर नगर के सांसद इं0 प्रवीण निषाद एवं सदर विधायक अंकुर राज तिवारी सहित रेलवे अधिकारियों ने खलीलाबाद स्थित बहुप्रतीक्षित मुखलिसपुर अंडरपास स्थल का निरीक्षण किया। यह रिपोर्ट जल्द ही रेल मंत्रालय भेजी जाएगी। जिससे अंडरपास जल्द से जल्द निर्मित होकर तैयार हो जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में आम जनमानस को समस्या से निजात मिलेगी। अंडर पास बनने से व्यापारियों के व्यवसाय भी लाभ प्रद होगा। इसके बाद स्थानीय सांसद ने खलीलाबाद और मगहर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। वहा की सफाई पेयजल व्यवस्था को और सुदृढ़ करने को कहा। निरीक्षण के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह नगर उपाध्यक्ष सुधांशु सिंह हिमांशू राय, अंडर पास मोर्चा के विजय नारायण, विजय बहादुर, आलोक श्रीवास्तव, गौरव अग्रहरि अश्विनी गुप्ता, महेश कुमार जायसवाल, राकेश जायसवाल, केशव आडवाणी, राम शंकर जायसवाल, प्रदीप चटर्जी, आदर्श शुक्ला, अभिषेक राय, अजय वर्मा, गणेश कसौधन, अनूप वर्मा, आशीष गुप्ता, कौशल किशोर जायसवाल, रूपेश वर्मा, दिनेश मद्धेशिया, राज कपूर वर्मा, पंकज कशेरा, सोनू पोद्दार, आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान अंडरपास संघर्ष मोर्चा के सभी व्यवसायी गण, सुधांशु सिंह, विजय नारायण, विजय बहादुर, आलोक श्रीवास्तव, हिमांशु राय, अश्विनी गुप्ता, महेश कुमार जायसवाल, राकेश जायसवाल, केशव आडवाणी, राम शंकर जायसवाल, प्रदीप चटर्जी, आदर्श शुक्ला, अभिषेक राय, अजय वर्मा, गणेश कसौधन, रमेश कसौधन, मोहन दूबे, अनूप वर्मा, आशीष गुप्ता, कौशल किशोर जायसवाल, रूपेश वर्मा, दिनेश मद्धेशिया, राज कपूर वर्मा, पंकज कशेरा, सोनू पोद्दार, राजीव चौरसिया, संतोष जायसवाल, राम लखन अग्रहरि सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# महिला शिक्षक ने 'एसआरजी' पर लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता। बस्ती

● कहा-प्रशिक्षण के दौरान महिलाकर्मियों और लड़कियों के साथ अश्लील हरकतें करते हैं ● अधिकारियों के करीबी होने का उठाते रहते हैं फायदा ● आरोप बेबुनियाद, मंत्री और अधिकारी कर चुके हैं सम्मानित, छवि धूमिल करने का प्रयास-एसआरजी ● जांच के लिए बीएसए ने गठित की दो खंड शिक्षा अधिकारियों की टीम

**जिले** भर के परिषदीय स्कूलों के शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए आशीष श्रीवास्तव, अंगद पांडेय और सर्वेष्ट मिश्र नामक तीन गुरुजी को एसआरजी नियुक्ति किया गया है। इनमें से एक एसआरजी पर एक महिला सहायक अध्यापिका ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह के एसआरजी के रहते जिले भर की महिला कर्मी और शिक्षिकाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। लिखा है कि यह अपने साथ कार्यरत् महिला कर्मियों और प्रशिक्षण करने वाली लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं अश्लील हरकत निरंतर करते आ रहे हैं। यह अक्सर महिला कर्मियों और लड़कियों को किसी न किसी बहाने अवैध संबध बनाने का दबाव बनाते है। इनकी हरकत के चलते महिलाएं और लड़कियां डरी और भयभीत हैं। महिला शिक्षक ने इन्हें बहुत ही कुत्सित एवं घटिया मानसिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताया। लिखती है, कि शक्ल सूरत से यह व्यक्ति 'थर्ड जेंडर' जैसा लगता है। इन्हें समलैंगिक बताते हुए कहा कि इनके साथ रहने और घूमने वाले अधिकतर 'समलैंगिक ग्रुप' के हैं। यह ग्रुप अपने गंदे यौन मानसिकता से समाज को तो गंदा कर ही रहे हैं, साथ ही बेसिक विभाग को भी बदनाम कर रहे है। इन्हें बिन पेंदी का लोटा बताया गया, और कहा कि यह हर पार्टी के नेताओं और अधिकारियों से चिपके रहते है। यही कारण हैं, कि इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। महिला शिक्षक ने इनके गलत और अनैतिक कार्यो पर रोक लगाने और कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि शैक्षिक कार्यो में लगी महिलाएं और नई उम्र की महिला शिक्षकें अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें। यह मामला सोशल मीडिया में खूब चर्चा का विषय बना हुआ है, और इसे शिक्षक संघ के रुप में भी वायरल किया गया। इसी को संज्ञान में लेकर बीएसए जगदीश शुक्ल ने दो खंड शिक्षा अधिकारियों की जांच टीम गठित की है। वैसे पूरा विभाग और शिक्षक संघ आरोप लगाने वाली महिला शिक्षक से संपर्क करने का प्रयास कर रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बीके ओझा ने बताया कि उनका संगठन चाहे वह महिला हो या फिर पुरुष सभी शिक्षकों के हितों की रक्षा के प्रति संकल्पित है। बताया कि उन्होंने सभी 14 ब्लॉकों के ब्लॉक मंत्रियों को महिला शिक्षक से संपर्क कर उनकी मदद करने को लिखा है। वहीं एसआरजी ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनके अच्छे कार्यो के लिए मंत्री से लेकर बड़े अधिकारी तक उन्हें सम्मानित कर चुके हैं। कहा कि महिला शिक्षक ने उनकी छवि को खराब करने का प्रयास किया है। बताया कि वह खुद एसपी से मिलकर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। वहीं विभाग के और महिला शिक्षकों का कहना है, कि यह पहली बार नहीं है, जब इस विभाग के कुछ गंदे लोगों के खिलाफ महिला कर्मियों और शिक्षिकाओं ने शिकायत न किया हो। कहती है, कि कुछ महिलाएं तो सामाजिक बदनामी से डर से शिकायत नहीं करती और सामने नहीं आती, कुछ अगर सामने आ भी जाती है, तो उन्हें न्याय नहीं मिलता। यही कारण है, कि अधिकतर पीड़ित महिलाएं अपनी पीड़ा अपने नाम ने नहीं बल्कि किसी दूसरे नाम का सहारा लेकर बयां करती है। इस तरह की महिलाओं के साथ इस लिए न्याय नहीं होता, क्यों कि न्याय देने वाले अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं, कि जब तक शिकायतकर्त्ता सामने नहीं आएगा, तब तक निस्तारण नहीं होगा, शायद इन्हें इतना भी नहीं मालूम कि सुप्रीम कोर्ट की रुलिंग हैं, कि भले ही शिकायतकर्त्ता सामने नहीं आ रहा है, मगर जिन तथ्यों की शिकायत की है, उसकी जांच अवश्य होनी चाहिए। इस मामले में भी शायद शिकायतकर्त्ता के सामने न आने से उसे भी न्याय न मिल सके। अगर ऐसा होता है, तो यह अन्याय को बढ़ावा देने जैसा होगा और यह भी हो सकता है, कि कल वह उन लोगों के साथ या उनके परिवार की महिलाओं के साथ गंदी हरकत करें, जिन्होंने न्याय नहीं दिया था। कुछ महिला शिक्षकों का कहना है, यौन विकृत्ति मानसिकता वाले व्यक्ति को त्वरित विभाग से हटा देना चाहिए।

## अट्ठारह सौ सत्तावन के विद्रोह में महिलाओं की भूमिका पर भाषण प्रतियोगिता

**संतकबीरनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद, में महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा 1857 के महान विद्रोह में महिलाओं की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गरिमा ओझा परास्नातक द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान, ट्विंकल जायसवाल परास्नातक द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान, एवं सुमन चौरसिया स्नातक प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने छात्राओं को शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ0 संध्या राय ने किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ0 आशा मिश्रा, डॉ0 दर्शना शाही, श्रीमती कंचन लता पांडेय श्रीमती अंजनी मिश्रा, श्रीमती शिल्पी सिंह, सुश्री सीमा सिंह, शिवांगी सिंह, प्रीति गुप्ता इत्यादि शिक्षिकाओं समेत कई छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# डिप्टी सीएम से भेंट कर अग्रहरि जाति को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग

● श्रवण अग्रहरि के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमण्डल

संवाददाात। संतकबीरनगर



डिप्टी सीएम का स्वागत करते अग्रहरि समाज

**अग्रहरि** समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि शनिवार को डिप्टी सीएम एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से भेंट कर अनुरोध पत्र देते हुए मांग किया है कि अग्रहरि जाति को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जाय। इस दौरान उन्होंने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। उन्होने दिये गये मांग पत्र में कहा है कि विधानसभा चुनाव पूर्व गत 09, फरवरी, 2022 को अग्रहरि समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में समर्थन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष को समर्थन पत्र सौंपा गया था तथा समाज द्वारा एकतरफा मतदान भी किया गया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर समाज में भारी उत्साह एवं खुशी की लहर है। अग्रहरि समाज अत्यन्त पिछड़ा हुआ समाज है तथा अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित किये जाने का प्रार्थना पत्र शासन स्तर पर लम्बित है। इस संदर्भ में अग्रहरि समाज ने प्रार्थना पत्र गत 29, फरवरी, 1996 को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित राज्य पिछड़ा आयोग कई वर्षो से सुनवाई कर रहा था। जिसमें गत 18, अप्रैल, 2001 को तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उत्तर प्रदेश को अग्रहरि जाति का शोध कराये जाने का निर्देश दिया था। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश में अग्रहरि जाति का सर्वेक्षण पूरा होने के पश्चात गत 16, मार्च, 2004 की अंतिम सुनवाई सम्पन्न हुई जिसमें राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के न्यायमूर्ति ने अग्रहरि समाज के उक्त प्रार्थना पत्र पर निर्णय सुरक्षित रखा था।

# लोक अदालत में 16281 वादकारियों ने उठाया लाभ

● 59253519 रुपये की हुयी बैंक ऋण वसूली

● 5271306 रुपये का उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र भी जारी किया गया



लोक अदालत का उद्घाटन करते जनपद न्यायाधीश

**संतकबीरनगर।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त शुक्ल की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर जिला जज ने इसका शुभारम्भ किया। उद्घाटन के समय सभी न्यायिक अधिकारीगण, पराविधिक स्वयं सेवक, मीडिया के प्रतिनिधि एवं वादकारीगण उपस्थित रहे। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों तथा फोरमों में कुल 13625 मुकदमें लगाए गए थे जिनमें से 2739 मामलों का निस्तारण किया गया। कुल 4959628/-रूपये का अर्थदण्ड एवं 59253519/- रूपये की बैंक ऋण वसूली हुयी। मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण द्वारा 3695000/- रूपये प्रतिकर दिलाया गया। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एवं सदस्य सुशील देव द्वारा कुल 02 मामलों का निस्तारण करते हुए 73909/- रूपये की क्षतिपूर्ति धनराशि दिलायी गयी। पारिवारिक विवाद से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण हेतु गठित पीठ द्वारा कुल 04 मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरिकेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत दीवानी न्यायालय के अलावा जनपद की तीनों तहसीलों खलीलाबाद, मेंहदावल और धनघटा में भी लोक अदालत आयोजित हुई। लोक अदालत में विभिन्न बैंको द्वारा शिविर लगाए गए, जिनमें 834 मामलों का निपटारा किया गया और पांच करोड़ बानबे लाख तिरानबे हजार पाँच सौ उन्नीस रूपये बैंक ऋण की वसूली की गयी, जिसमें से अकेले बड़ौदा यू0पी0 बैंक के द्वारा 46400000/- रूपये बैंक ऋण का सेटलमेन्ट किया गया और 10875000/- की रिकार्ड नकद धनराशि की वसूली की गयी। दीवानी न्यायालय में 13262 मुकदमों में से 1049 मुकदमों का निस्तारण किया गया जिनमें सत्रह लाख छप्पन हजार चार सौ रूपये का अर्थ दण्ड वसूल किया गया। प्रशासनिक वादों में कुल 12726 में से 12708 मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल की कोर्ट में कुल 09 मामलों का निस्तारण करते हुए 1150/- रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना अधिकरण आशीष जैन की कोर्ट में कुल 38 मामलों का निस्तारण करते हुए रूपये 36,95,000/- प्रतिकर दिलाया गया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार वशिष्ठ की अदालत में कुल 20 मामलों का निस्तारण किया गया। अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय श्री राजेश कुमार पंचम द्वारा कुल 03 मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट में 10 मामलों का निस्तारण करते हुए 1200 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एफ्टीसी-द्वितीय काशिफ शेख़ की कोर्ट में कुल 08 मामलों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्टेट शिखा रानी जायसवाल की कोर्ट में 15 शमनीय प्रकृति के आपराधिक मामलें निस्तारित कर 23350/- रूपये का प्रतिकर एवं 138 एन.आई.एक्ट के 04 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 682724/- की प्रतिपूर्ति तथा 793 अन्य फौजदारी मामलें निस्तारित करते हुए 201320/- रूपये अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट में 392 वादों का निस्तारण करते हुए 75750/-रूपये का अर्थ दण्ड वसूला गया।

# सिंचाई कर रहे युवक पर तमंचे से फायर

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र के हियारूपुर गांव में गन्ने की खेत की सिंचाई करने जा रहे युवक पर आधा दर्जन दबगो ने तमंचे से फायर और हमलाकर लहुलुहान कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दो ज्ञात सहित आठ लोगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना क्षेत्र के सरसण्डा गांव निवासी मनीष सिंह पुत्र देवनाथ सिंह ने छावनी पुलिस को शुक्रवार की देर रात तहरीर देकर शिकायत किया कि गांव के निर्भय सिंह व अर्जुन सैनी अपने आधा दर्जन साथियों के साथ सेवरालाला- हियारूपुर सम्पर्क मार्ग पर लाला पुरवा के पास स्थित मुझे खेत में जाते समय तमंचा दिखा कर रोक लिया और गाली देकर जान से मारने की धमकी दिया । किसी तरह जान बचाकर भागा तो निर्भय सिंह ने तमंचे से फायर कर दिया । किसी तरह से भाग कर जान बचायी। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को सरसंडा गांव निवासी अजीत सिंह उर्फ मनीष की तहरीर पर निर्भय सिंह निवासी सरसंडा और अर्जुन सैनी निवासी दत्तनगर सहित छह अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। वहीं पर छावनी थानाक्षेत्र के औरंगाबाद गाँव मे शनिवार की सुबह टेंट हाउस का पोल खोल रहे केशवपुर गाँव निवासी 18 वर्षीय शिवपूजन की ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट मे आने से मौके पर ही झुलस कर मौत हो गयी। औरंगाबाद गाँव के सुबाष चौहान के यंहा बहूभोज कार्यक्रम था जिसमे केशवपुर गाँव निवासी ठंडाई टेंट वेबसाइट अवधराज ने अना टेंट लगा रखा था शनिवार की सुबह टेंट हाउस मे काम करने वाले केशवपुर गाँव निवासी 18 वर्षीय शिवपूजन पुत्र बरखू औरंगाबाद मे वह टेंट के लोहे का पोल उतार रहा था कि लोहे का पोल ऊपर से गुजरे हाइटेंशन तार की चपेट मे आ गया जिसकी चपेट मे आने से उसकी मौके पर हि झुलस कर मौत हो गयी दुर्घटना के बाद मौके पर हडकंप मच गया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी थानाध्यक्ष दुर्गविजय सिंह ने परिजनों की मांग पर सबको पंचनामा कर उनके सुपुर्द कर दिया इस संबंध में घघौवा चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक शिव पूजन चार भाइयों सबसे बड़ा था जिम्मेदार होने के नाते गाँव के एक टेंट हाउस पर काम करता था घटना के बाद माँ कमलेश्वरी सहित भाइयों का रो रो कर बुरा हाल है।

# लोक अदालत में निपटे 17138 मामले

संवाददाता। चित्रकूट

**जिले** में इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत वाद निस्तारण के लिहाज से सर्वाधिक सफल रहा। सुलह समझौते के आधार पर रिकॉर्ड 17 हजार से अधिक मामले निस्तारित हुए। सबसे ज्यादा 1008 मामले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने निस्तारित किए।

शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राधेश्याम यादव की अध्यक्षता में जिला कचहरी में राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश ने तीन सिविल वाद और 6 फौजदारी वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामकृपाल ने 31 वादों का निस्तारण करते हुए 220500 प्रतिकर के रूप में दिलाया। अपर जिला जज रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने एक सिविल वाद, एससी एसटी एक्ट के विशेष न्यायाधीश सतीशचंद्र द्विवेदी ने दो फौजदारी प्रकरण वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने अंतिम रिपोर्ट के 30 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण तिवारी ने दो अन्य वाद निस्तारित किए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने सर्वाधिक 1008 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 223850 का अर्थदंड वसूल किया। सिविल जज (सीडि) अरुण कुमार ने एक उत्तराधिकार एवं दो प्रकीर्ण वाद निस्तारित करते हुए 988671.87 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया और 12 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 240 अर्थदंड वसूल किया। सिविल जज (सीडि) एफ्टीसी प्रवीण कुमार ने 132 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 2640 और पांच एनआई एक्ट के वादों का निस्तारण करते हुए 847900, एक अन्य सिविल वाद का निस्तारण करते हुए 194540 रुपए और 12 अन्य प्रकार के वादों का निस्तारण करते हुए 240 अर्थदंड वसूल किया। सिविल जज (जूडि) वसुंधरा शर्मा ने दस मूलवाद, तीन घरेलू हिंसा, 36 फौजदारी वाद निस्तारित करते हुए 700226 अर्थदंड वसूला। न्यायिक मजिस्ट्रेट संघमित्रा ने 71 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 710 अर्थदंड के रूप में वसूले। मऊ के सिविल जज (जूडि) प्रशांत मौर्य ने 110 वादों का निस्तारण करते हुए 604000 अर्थदण्ड के रूप में वसूल किए। इस दौरान प्री लिटिगेशन स्तर के मामले 15060 वादों का निस्तारण किया गया। सभी बैंकों द्वारा 596 प्री लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि आज राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर कुल 17138 मुकदमों का निस्तारण किया गया है। इस मौके पर संबंधित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व कर्मचारी मौजूद रहे।



लोक अदालत में मौजूद न्यायिक अधिकारीगण पायनियर

# सपा कार्यकर्ता मूलभूत मुद्दों पर करे संघर्ष : अनुज

संवाददाता। चित्रकूट

**सपा** जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में प्रदेश कार्यालय से आये पत्र की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा आन्दोलन और संघर्षो से जन्मी पार्टी है। प्रत्येक कार्यकर्ता जनहित के मुद्दे बिजली, पानी, सड़क, विकास, महंगाई, बेरोजगारी के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष व आन्दोलन करेंगे।

शनिवार को हुई बैठक में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि ये जिला प्रदेश के सबसे पिछडे जिलो में हैं। यहां लोगों को जीवन की मूलभूत जरूरत सड़क, बिजली, पानी, रोजी-रोटी के लिए संघर्ष करना पड रहा है। पाठा में पेयजल की भारी समस्या बनी है। लोग पीने के पानी को मीलो दूर से लाते हैं। प्रदेश की योगी सरकार जनहित के मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही है। नगर पालिका और नगर पंचायत के परसीमन पर पार्टी व संगठन की पैनी नजर है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि कोई कार्यकर्ता खुद को अकेला न समझे। प्रत्येक कार्यकर्ता की मान-सम्मान की लडाई लडी जायेगी। हर दशा में पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ वह खडे रहेंगे। कर्वी विधानसभा समेत पूरे जिले का विकास करना उनकी प्राथमिकता है। बैठक में मो गुलाब खां, सुभाष पटेल, रामचन्द्र वर्मा, राजा बाबू यादव, फराज खान, निजाम सिद्दीकी, रमा यादव, उर्मिला निषाद, माया जोशी, आशुतोष अग्रहरि, जागेश्वर यादव, राधेश्याम निषाद, सीताराम कश्यप, साहबलाल द्विवेदी, रामप्रसाद वर्मा, महेन्द्र यादव, संतोष कोटार्य, मुन्नालाल सोनकर आदि मौजूद रहे।




बैठक में बोलते सपा जिलाध्यक्ष पायनियर

# तेरह स्थानों पर विकसित किये जायेंगे अमृत सरोवर,परेहटा में हुआ भूमि पूजन

**मौदहा ( हमीरपुर )।** सरकार की बेहद महत्वपूर्ण योजना गांव में अमृत सरोवर निर्माण कर शुद्ध पानी बनाए रखने के लिए रिचार्जिंग सहित सुंदरीकरण कर स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण करना है। मौदहा विकास खंड क्षेत्र के परेहटा गांव पंचायत में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद ने महिला गांव प्रधान प्रतिनिधि की मौजूदगी में भूमि पूजन करने के साथ ही तालाब में फावड़ा चलाकर इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की यह बेहद महत्वपूर्ण योजना है जो गांव में शुद्ध पानी और शुद्ध पर्यावरण बनाए रखने के साथ ही ग्रामीणों को एक अच्छे माहौल में जीने का तरीका भी सिखाएगी। विकासखंड के खंड विकास अधिकारी(बीडीओ) भैरव प्रसाद ने बताया कि यहां के कुल गांव पंचायतों में से 13 स्थानों पर एक एकड़ से अधिक वाले तालाबों को अमृत सरोवर घोषित किया गया है इसी तरह क्षेत्र पंचायत से तीन तालाब इस योजना के लिए चयनित किए गए परेहटा गांव पंचायत में आज गांव से कुछ दूर बजरंग आश्रम के निकट बजरंग तालाब को अमृत सरोवर घोषित कर यहां भूमि पूजन के साथ विधायक, ब्लाक प्रमुख गांव प्रधान प्रतिनिधि सहित सचिव कथा भाजपा नेता जो मौके पर मौजूद थे इनमें अरविंद शुक्ला मंडल महामंत्री पवन शुक्ला किसान नेता सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे विधायक ने कहा कि गांव में ऐसे तालाब निर्मित कराए जाने हैं जहां की देखरेख स्वयं ग्रामीण करेंगे और तालाब में पानी का आवक व निकासी के सही मार्ग व इनका सुंदरीकरण कर यहां छोटे-छोटे कार्यक्रम ग्रामीणों के करने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध कराने का भी मकसद है सुबह-सुबह टहलना के लिए जहां शहरों में बड़े पार्क होते हैं।

# नर्सिंग स्टाफ को सराहनीय सेवाओं के लिए किया सम्मानित

● **राजकीय मेडिकल कालेज में हुआ भव्य आयोजन**

संवाददाता। उरई (जालौन)

**अंतर्राष्ट्रीय** नर्स दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल कालेज उरई के आडिटोरियम भवन में प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ की अध्यक्षता एवं सम्पूर्ण चिकित्सकीय टीम सहित नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती का माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य नें अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्स दिवस लोगों के स्वास्थ्य के प्रति नर्सों के योगदान का प्रतीक है। नर्सों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्तर जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित, शिक्षित और अनुभवी होना चाहिए। जब पेशेवर चिकित्सक दूसरे रोगियों को देखने में व्यस्त होते है, तब रोगियों की चौबीस घंटे देखभाल करने के लिए नर्सों की सुलभता और उपलब्धता होती हैं। इस दिवस को पहली बार वर्ष 1953 में मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद ने इस दिवस को पहली बार वर्ष 1965 में मनाया था। नर्सिंग को पेशेवर रूप से शुरूआत करने वाली प्रख्यात 'फ्लोरेंस नाइटइंगेल' के जन्म दिवस 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाने का निर्णय 1974 में लिया गया था। नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता प्रदान करने के लिए भारत सरकार के परिवार एवं कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगल पुरस्कार की शुरुआत की। प्रधानाचार्य नें मेडिकल कालेज में कार्यरत सभी नर्सिंग स्टाफ को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशंसा का पात्र बताया। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ सुश्री रिचा गौतम, सुश्री रजनी श्रीवास्तव, सुश्री पूजा चौहान, सुश्री अंशु कुमारी, सुश्री सोफ्यिा, सुश्री किरन सिंह पटेल, सुश्री नीतू सिंह परमार, सुश्री मिलन सिंह के साथ ही लगभग 18 उपचारिकाओं को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम में डा. मनोज (सह-आचार्य, अस्थिरोग विभाग), डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह (सहायक आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग), डा. जितेन्द्र मिश्रा (चिकित्सा अधीक्षक), डा. प्रशांत निरंजन (चिकित्सा अधीक्षक), डा. शैलेश वर्मा (चिकित्सा अधिकारी) के साथ ही समस्त नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थीं।



उपचारिकाओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य द्विजेंद्रनाथ पायनियर

# पीड़ित बेखौफ होकर बताएं पीड़ा पुलिस करेगी पूरा मदद: एएसपी

संवाददाता। जालौन (उरई)

**पीड़ित** कोतवाली में आने में किसी तरह का संकोच न करें। वह बेझिझक आकर अपनी पीड़ा बता सके ऐसा माहौल बनाने का प्रयास करें। यह तभी संभव है जब हम आने वाले पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करेगें। उनकी पीड़ा सुनेगें तथा उसका निस्तारण करेगें। यह बात एएसपी असीम चौधरी ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में कही।

अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने शनिवार को कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतों को सुना। इस दौरान 3 शिकायतें आयी जिन्हें निस्तारण के लिए संबंधित उपनिरीक्षक को दे गयी। आनन्द कुमार पुत्र परमसुख निवासी रूरा मल्लू ने विवाह विच्छेद होने के बाद दामाद प्रमोद कुमार निवासी रामपुरा द्वारा आये दिन गाली गलौज करने तथा पिता पुत्री के साथ नाती को जान से मारने की धमकी दी जाने की शिकायत की है। पुसु पुत्र मगन निवासी वीरपुरा ने चाचा के लड़के संतोष कुमार द्वारा 120 वर्ष पुराने आपसी बंटवारे में मिले अग्गा को बंद करने के कारण आम रास्ता बंद होने की शिकायत की। कमलाकांत निवासी उरगांव ने आम रास्ते में अतिक्रमण की शिकायत की। समाधान दिवस में आयी शिकायतों को निस्तारण के लिए दे दी गयी है तथा 3 दिन में इनका निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर सीओ संतोष कुमार, कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, लेखपाल शिवराज सिंह निरंजन, अरविंद यादव, लवी गुप्ता, पूजा इन्द्रपाल, पुष्पेन्द्र, मनोज श्रीवास्तव, रोहित आदि लोग मौजूद रहे।



थाना दिवस में समस्यायें सुनते एएसपी असीम चौधरी पायनियर

# नशे में पति ने की पत्नी की हत्या

**चित्रकूट।** शराब के नशे में पति देवकुमार ने अपनी पत्नी फूलकुमारी की पिटाई कर दी। गम्भीर दशा में इलाज को ले जाते समय पत्नी की मौत हो गई। पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये घटना सीतापुर पुलिस चौकी क्षेत्र के बरमपुर गांव में शुक्रवार की रात हुई। बताया गया कि पति देवकुमार दारु पीकर घर आया। पत्नी फूलकुमारी से झगडा हो गया। गुस्से में पति देवकुमार ने लाठी-डण्डों से हमला बोल दिया। पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई। पति मौके से भाग खडा हुआ। घटना की जानकारी देवकुमार के भाई महेन्द्र को हुई तो वह फूलकुमारी को लहू-लुहान दशा में जिला अस्पताल एम्बुलेंस से ले गया। एमरजेंसी में तैनात डॉ बीएस द्विवेदी ने प्राथमिक उपचार कर गम्भीर दशा देखते हुए इलाहाबाद रेफर कर दिया। परिजनों ने एम्बुलेंस से प्रयागराज स्वरुपरानी अस्पताल में भर्ती करा दिया। दो घंटे इलाज के बाद पत्नी की मृत्यु हो गई।

# भाजयुमो नेताओं की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सचिवों ने शुरू की हड़ताल



**चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक परिसर में घुसकर ग्राम पंचायत सचिव घनश्याम दास शुक्ला की पिटाई भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास उर्फहीरो मिश्रा के करने के बाद क्षेत्र के सभी सचिव बेमियादी हडताल पर चले गये हैं। सचिवों ने दूसरे दिन भी कामकाज नहीं किया। ज्ञात है कि गुरुवार को पहाडी ब्लाक परिसर में घुसकर ग्राम पंचायत सचिव घनश्याम दास शुक्ला की बेरहमी से पिटाई भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास उर्फ हीरो मिश्रा ने कर दी थी। सचिव को पकड़कर घसीटते हुए थाने तक ले आये थे। इस दौरान सचिव की सोने की जंजीर, मोबाइल फोन आदि सामान भी लूट लिया था। भाजपा नेता सचिव से इस बात से खफा थे कि उन्होंने कलवलिया गांव में बारात ठहराने को पंचायत भवन देने से मना कर दिया था। घटना की रिपोर्ट घनश्याम दास शुक्ला ने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष समेत कई अन्य के खिलाफ दर्ज कराई है। ब्लाक क्षेत्र के सचिव भाजयुमो नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बेमियादी हडताल पर चले गये हैं।

# ढाई आखर प्रेम की यात्रा का कालपी पहुंचने पर भव्य स्वागत

**कालपी ( जालौन )।** आजादी के 75 वें वर्ष में इप्टा द्वारा प्रेम दया करुणा बंधुत्व समता और न्याय से परिपूर्ण हिन्दुस्तान के स्वप्न को समर्पित ढाई आखर प्रेम की सांस्कृतिक यात्रा 9 अप्रैल 2022 से शुरू हुई है। यह विभिन्न स्वतंत्रता सेनानी साहित्यकार व सांस्कृतिक कर्मियों के जन्म स्थली से मिट्टी ले रही है। छत्तीसगढ़ से चली इस यात्रा का ऐतिहासिक नगर कालपी में फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया, इसके बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किये गए।

कालपी नगर के मोहल्ला राजघाट स्थित रानी लक्ष्मीबाई के मंत्रणा स्थल में रामो बामो क्लब के संस्थापक नरेंद्र तिवारी एवं महेंद्र गौतम के द्वारा ढाई आखर प्रेम के यात्रा के सदस्यों का जोरदार स्वागत किया गया। इसके उपरांत उरई इप्टा के तत्वाधान में एस.डी. म्यूजकल ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत आगरा इप्टा द्वारा सात जूते नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें सेठ द्वारा मुनीम की तरक्की से जलनवश उसका भुगतान ना करने का सजीव चित्रण प्रसतुत किया गया। वहीं लखनऊ इप्टा की युवतियों ने समाज में फैली छुआ छूत का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। इस मौके पर संस्था रामो बामो क्लब के संस्थापक नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि देश की एकता अखंडता, प्रेम भाई चारा बनाये रखने हेतु ढाई आखर प्रेम का यात्रा कालपी आयी है, जिसका नगर में भव्य स्वागत किया गया है। इस कार्यक्रम में देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले महापुरुषों के बारे में भी बताया गया व कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न जागरूकता सन्देश दिए गए। इस अवसर पर शहर के शिक्षकगण, जन गणमान्य नागरिक, कई सनजसेवी संस्थाओं के लोग मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के अंत मे कालपी नगर की माटी को एकत्रित यात्रा कालपी से आटा के लिए रवाना हो गयी।

# ग्राम पंचायतों का चहुंमुखी विकास ही मुख्य लक्ष्य:संदीप

● **ब्लाक दिवस में बीडीओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें**

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**खंड विकास** अधिकारी संदीप यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक दिवस आयोजित हुआ जिसमें ग्रामीणांचल से आयी समस्याओं को सुनकर उनका यथासंभव समाधान किया गया। साथ ही प्रत्येक गांव में विकास कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने के भी निर्देश दिये ताकि गांव के लोगों को उसका लाभ मिल सके।

बीडीओ ने कहा कि ब्लाक दिवस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभाओं से आई हुई शिकायतों का निस्तारण होना, ग्राम स्तर पर मनरेगा योजना के अंतर्गत एमएमएस के माध्यम से हाजिरी का मस्टर रोल तैयार होना सुनिश्चित किया जाये। प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर गौशालाओं को निर्माण कराकर वहां पर भूसे का स्टाक रखना सुनिश्चित हो। सभी गायों को टैक लगाकर उनका वैक्सीनेशन करएं। खंड विकास अधिकारी संदीप यादव ने जानकारी देते हुए सभी ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी और तकनीकी सहायक को ग्राम सभा स्थल पर रहकर गांव के सुदृढ़ विकास कार्यों के लिए जानकारी दी। जिन ग्राम पंचायतों में तालाब नहीं है वहां पर अमृत सरोबर योजना के अंतर्गत तालाब खुदाई करकार उसमें पानी भरवायें। इसके साथ ही अधूरे पड़े आवासों व सीसी निर्माण बंधा निर्माण, नाला निर्माण मानक के अनुरूप कराये जायें। पंचायत भवनों में जो भी कमियां हों उन्हें पूरा किया जाये। एडीओ पंचायत ने गर्मी को देखते हुए ग्राम स्तर पर सभी सफाई कर्मियों को निर्देशित किया गांव में स्कूलों में पंचायत भवनों में सफाई का विशेष ध्यान रखें। ग्राम स्तर पर सामुदायिक शौचालयों का निर्माण जल्द पूर्ण करायें। इस मौके पर जेएमआई राजेंद्र यादव, ग्राम विकास अधिकारी उदय नारायण दोहरे, शरद कुमार, रवि, शुभम बाजपेई, चंद्रभूषण सचान, मोहित सचान, शिवशरण भदौरिया, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमोद सोनी, योगेश सोनी, शिवम गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी एसएन वर्मा, तकनीकी सहायक ऋषि कुमार, तकनीकी सहायक अशोक कुमार गौतम, टीए भीष्म प्रकाश, सहायक लेखाकार अमित, भगवान सिंह अश्वनी, राजू बाबू आदि उपस्थित रहे।



ब्लाक दिवस में समस्यायें सुनते बीडीओ संदीप यादव पायनियर

## क्विक न्यूज

### आग से कई स्थानों पर लाखो का भूसा व गृहस्थी जलकर खाक

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में आग लग जाने से लाखों रुपए का भूसा व गृहस्थी जलकर राख हो गई वही देर से पहुंचे अग्निशमन सेवा के कर्मचारियों वहाँ मौजूद लोगों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के पढोरी गांव के निकट देर शाम बाबा ईंट भट्ठा में अज्ञात करणो के चलते आग लग गयी जिससे वहा पड़ा भूसा ढेर धू धू कर जलने लगा वहाँ मौजूद भट्टे के कर्मचारियों ने समर्सिबल की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश कर ही रहे थे तभी वहां पहुँची अग्निशमन की खाली टँकी गाड़ी होने से वहा पर मौजूद लोग भड़क गए जब फायर सर्विस के कर्मचारियों ने समझाया कि अभी एक जगह से आग बुझा कर आये है इस लिए टँकी खाली और वह तत्काल पास में लगे ट्यूबेल से भर लेगे तब जा कर सभी लोगो की मदद से आग में काबू पा लिया गया।क्षेत्र के अरतरा गांव निवासी दलित महादेव के रिहायशी घर मे अज्ञात कारणों से आग लग गयी जिस पर उसके घर में रखा गृहस्ती का सारा सामान धू-धू कर जलने लगा यह देख घर के लोगो ने चीख-पुकार मचाना शुरू कर दिया यह सुन ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी और पास में लगे हैंड पंप व समरसेबल जिससे जो भी बना सभी लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया इसी तरह सिलौली गांव के निकट खेतों पर कटाई के बाद बची पराली में किसी ने बीड़ी या कोई ऐसे ही ज्वलन्त वस्तु डाल दी जिससे वह आग पकड़ गए धीरे धीरे आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया सूचना पर पहुंचे फायर सर्विस के कर्मचारियों ने आग बुझा कर बड़ी अनहोनी को टाल दिया।

### बलात्कार में असफल होने पर पड़ोसी ने की थी नवविवाहिता की हत्या,रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गाँव में हुई विवाहिता की हत्या के मामले में थाना पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर एक के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज किया है। वही मृतका का पति अभी गुजरात से वापस गाँव नही आ पाया है। पुलिस के मुताबिक बीती रात में घर के बाहर अपने दुधमुंही बच्ची के साथ सो रही विवाहिता की धारदार हथियार से गले में प्रहार कर हत्या कर दी गयी थी। थाना क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी छिदियाँ पत्नी स्वर्गीय राजबहादुर ने पुलिस को बताया कि मेरी पुत्री बंदना की शादी उमराहट गाँव निवासी सत्यम निषाद के साथ दो वर्ष पूर्व की थी। उसके एक बच्ची एक वर्ष की है। उसके पति सत्यम सूरत में रहकर मजदूरी करता है। तथा यह अकेले गांव में रहती थी। गुरुवार की रात में पड़ोसी शिवकुमार पुत्र बंसी लाल निषाद जो कि मेरी पुत्री के ऊपर बुरी नीयत रखता था। उसके पास गया तथा उसको पकड़ कर कमरे के अंदर ले गया तथा बुरा काम करने का प्रयास किया जब उसने मना किया तो धारदार हथियार से उसके गले में प्रहार कर मार डाला । वही मां की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### गाली गलौज करने व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के ककरोऊ गाँव निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज व मारपीट करने की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की है।गांव के मान सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव के ही सतेंद्र ने मेरे दरवाजे पर आकर बीती शाम गाली गलौज करने लगा जब मैने उसको गाली देने से मना किया तो उसने डंडे से मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### दहेज की मांग,हत्या का प्रयास व छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला ने ससुरालीजनों पर मारपीट करने और छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। राठ कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसके पिता ने ललपुरा थाने के उजनेड़ी गांव निवासी संतोष पुत्र राजेंद्र कुमार के साथ 15 मई 2019 को शादी की थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के बाद से ही उसका पति, ससुर, सास मालती, ननंद अनान्या दहेज में चार पहिया गाड़ी और पांच लाख रुपए की मांग कर रहे है। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करते है। उसके देवर विनोद, संदीप, संगम, नवनीत उर्फ रिंकू उसके साथ अश्लील हरकतें कर छेड़खानी करते है। बताया कि शुक्रवार को सास, ससुर, पति, ननंद और देवरों ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट कर दी उसका गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। उसी दौरान उसके पिता ससुराल पहुंच गए और उसे घर ले आए। पीड़िता ने कोतवाली में ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज मांग, हत्या का प्रयास, छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है। कोतवाल दिनेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### तालाब में तुरंत अतिक्रमण हटाने के दिये आदेश

**मौदहा (हमीरपुर)।** अमृत सरोवर योजना को सफल बनाने के मकसद से उपजिलाधिकारी के निर्देश पर कल देर शाम राजस्व टीम विकास खण्ड के माचा गाँव पहुँच तालाब पर किये गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के आदेश दिये है। योजना के तहत तालाबों पर किए गए अतिक्रमण हटाकर उसका सुंदरीकरण कराया जाना है। ग्रामीण क्षेत्र में एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत कराया जाना है माचा गांव पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने विधिवत नाप जोख कर तालाब में किए गए अतिक्रमण कारियो को खाली कराने के लिए चेतावनी दी उपजिलाधिकारी सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि माचा गांव के बड़े तालाब में अतिक्रमण की सूचना मिली थी जिस पर राजस्व व पुलिस बल को भेजा गया था तालाब में अतिक्रमण तो नही था पर तालाब के बगल में लगी ग्राम समाज के आबादी की जमीन में कई लोगो के मकान बने हुए है जिनकी जांच कराई जा रही है यदि कोई भी सरकारी जमीन पर कब्जा करेगा तो उसके साथ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### महिला व दो युवकों ने खाया जहर, तीनों रेफर

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी शमा खातून पत्नी रईस खां ने पति से विवाद होने पर जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां डा.भरत राजपूत ने महिला की हालत नाजुक देख उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव निवासी 30 वर्षीय भूपेंद्र पुत्र रामदेव और इसी गांव के संजय पुत्र नाथूराम ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जहां दोनों को चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### ट्रक की टक्कर से दो घायल, एक रेफर

**राठ (हमीरपुर)।** कालपी निवासी 22 वर्षीय मंगल पुत्र वीर जिगनी गांव से बाइक पर सवार होकर राठ आ रहा था। तभी राठ-उरई मार्ग पर सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक चालक व ट्रक के ऊपर बैठा 18 वर्षीय अजय पुत्र अर्जुनदास निवासी जालौन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डा.भरत राजपूत ने मंगल की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।